ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 01, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 36.0° न्यून. 24.6°
रांची: अधिक. 36.3° न्यून. 25.2°

रांची, मंगलवार
13 मई 2025
वर्ष-26, अंक-100, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

### पुराने सीएम हाउस को जमींदोज कर बन रहा अत्याधुनिक सुविधाओं वाला भवन

## हेमंत सोरेन ने पत्नी संग रखी नए सीएम आवास की आधारशिला

नवीन मेल डेस्क

- भूकंपरोधी और आधुनिक सुरक्षा मानकों के अनुरूप होगा नया भवन
- सीएम से मिलने आने वाले विदेशी मेहमानों के लिए भी बनेगा कक्ष



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर विधिवत पूजा-अर्चना कर नए सीएम हाउस के निर्माण की आधारशिला रखी। सीएम आवास और कार्यालय 22 एकड़ इलाके में स्थित है। राज्य के भवन निर्माण विभाग ने मौजूदा इमारत को सुरक्षा और प्रशासनिक कामकाज की दृष्टि से अनुपयुक्त मानते हुए नया डिजाइन और डीपीआर तैयार किया है। ज्ञात हो कि रांची में कांके रोड स्थित सीएम हाउस की ब्रिटिश कालीन इमारत को जमींदोज कर नए सिरे से आधुनिक सुविधाओं वाले नए आवास के निर्माण का काम शुरू हुआ है। जानकारी के अनुसार, नए भवन के निर्माण होने तक वैकल्पिक तौर पर कांके रोड स्थित आवास नंबर-5 को अस्थायी रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय के रूप में आवंटित किया गया है। इस आवास में आजसू के पूर्व विधायक और पार्टी प्रमुख सुदेश महतो रहते थे, जिसे खाली करा लिया गया है। भवन निर्माण विभाग के अनुसार, सीएम कार्यालय और आवास का नया भवन भूकंपरोधी और आधुनिक सुरक्षा मानकों से युक्त होगा। इसमें कई लाउंज, विजिटर हॉल के अलावा एक अलग प्रेस रूम भी होगा।

शेष पेज 11 पर





### 'विराट' युग का अंत

## कोहली ने कहा टेस्ट क्रिकेट को अलविदा

नई दिल्ली (हि.स.)

भारतीय क्रिकेट को एक हफ्ते के भीतर दूसरा बड़ा झटका लगा है। रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। सोमवार को विराट ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने सफेद जर्सी में बिताए 14 सालों के सफर को 'शांत परिश्रम और जीवन भर के सबक' वाला अनुभव बताया। कोहली ने लिखा, मैंने इस फॉर्मेट को अपना सब कुछ दिया और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है।

36 वर्षीय विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 123 मैच खेले और 9,230 रन बनाए। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक जमाए। कोहली ने सबसे ज्यादा नौ शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाए, जबकि सबसे कम दो बांग्लादेश के खिलाफ। उनकी तकनीक, जुनून और मानसिक मजबूती ने उन्हें दुनिया के बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में शामिल किया। वर्ष 2018-19 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसकी जमीन पर 2-1 से हराया। यह भारतीय क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी विदेशों में टेस्ट जीतों में से एक थी।

शेष पेज 11 पर

**सबसे सफल भारतीय टेस्ट कप्तान**

विराट कोहली ने वर्ष 2014 में भारत की टेस्ट कप्तानी संभाली और वर्ष 2022 में उससे इस्तीफा दिया। उनके नेतृत्व में टीम इंडिया ने 68 में से 40 टेस्ट मैच जीते, जो किसी भी भारतीय कप्तान के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत को न सिर्फ घरेलू मैदानों पर, बल्कि विदेशों में भी बड़ी जीत दिलाई।

### लोकप्रिय समाजसेवी महेंद्र भगानिया स्वामी का निधन



**रांची।** झारखंड के झरिया निवासी लोकप्रिय एवं यशस्वी समाजसेवी महेंद्र भगानिया स्वामी जी का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मितल सोमवार की सुबह ही रांची से धनबाद के लिए रवाना हो गए। वे धनबाद पंहुच कर महेंद्र भगानिया स्वामी जी के निवास पर गए। वहां उन्होंने अपनी एवं समस्त झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए महेंद्र भगानिया स्वामी जी को श्रृद्धा सुमन अर्पित किया।

### धुर्वा में दो युवकों का शव मिला, गला रेतकर हत्या

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के बालसिरिंग स्थित पुल के पास दो युवकों की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना रविवार देर रात की बताई जाती है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। वहीं, पुलिस सूत्रों ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि धुर्वा के बालसिरिंग स्थित पुल के पास दो युवकों के शव पड़े हैं। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पहुंची और छानबीन में जुट गई। बताया गया कि प्रथम दृष्टया दोनों की हत्या किसी धारदार हथियार से की गई लगती है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को किया संबोधित, दिया पाकिस्तान को कड़ा संदेश, कहा

# एक साथ नहीं बह सकते पानी व खून



ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा, इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़े हुए। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है।

उन्होंने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति और निर्णायक कार्रवाई को स्पष्ट रूप से सामने रखा। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकी हमलों पर 'मुंहतोड़ जवाब' देगा। न्यूक्लियर हथियारों के जरिए ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आतंक पर अपनी शर्तों पर कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा, दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोंस, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री ने दुनिया को भी यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की नीति में आतंक और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते

शेष पेज 11 पर

### हम हर मिशन के लिए तैयार और तत्पर हैं : एयर मार्शल एके भारती



**ले. जनरल घई ने कहा, पहलगाम तक भर चुका था उनके पाप का घड़ा**





**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय सेना ने सोमवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस प्रेस ब्रीफिंग के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी मिराज विमान के मलबे की क्लिप भी दिखाई। साथ ही, पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल का मलबा दिखाया। एयर मार्शल एके भारती ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा, यह दुख की बात है कि पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया और वह भी आतंकवादियों के लिए, और इसलिए हमने जवाब देने का फैसला किया। एयर मार्शल भारती ने कहा, कल हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए की गई सफल संयुक्त कार्रवाइयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी थी। हमने दोहराया कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों और उनके समर्थन ढांचे के खिलाफ है, न कि पाकिस्तानी सेना के खिलाफ। हालांकि, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का समर्थन करने और हस्तक्षेप करने का फैसला किया, जिसके कारण हमें उचित जवाब देना पड़ा।

शेष पेज 11 पर

### डीजीएमओ स्तर की वार्ता में पाकिस्तान ने संघर्ष विराम नहीं तोड़ने की बात कही

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत और पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) के बीच सोमवार को हॉटलाइन पर बात हुई। सेना ने सोमवार शाम हुई इस बातचीत की पुष्टि की है। दोनों ओर से गोलीबारी और हवाई हमले बंद होने के बाद हुई यह बातचीत काफी अहम मानी जा रही है। भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई पाकिस्तान के साथ सैन्य स्तर की इस वार्ता में शामिल हुए। पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व वहां के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्लाह ने किया। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान ने कहा है कि अब वह इस टकराव को आगे नहीं बढ़ाएगा। पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन न करने की भी बात कही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की सफल जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान के हौसले पस्त हो गए थे। इस लड़ाई में काफी पिछड़ने के बाद पाकिस्तान ने भारत के समक्ष 10 मई को संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा था, जिसे भारत ने अपनी शर्तों पर स्वीकार कर लिया।

शेष पेज 11 पर

### बोले पीएम

- कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल अब नहीं चलेगा
- **भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं पाकिस्तान की मिसाइलें**
- **ऑपरेशन सिंदूर** अस्थायी रुप से स्थगित, आगे का निर्णय पाकिस्तान के रवैये पर निर्भर
- **पाकिस्तान से कोई बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके पर ही केंद्रित होगी**
- पाकिस्तान को बचना है, तो वह अपने आतंकी ढांचे को पूरी तरह समाप्त करे
- **पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर युद्ध की थी, भारत ने सीधे सीने पर वार किया**

### आतंक के खिलाफ लड़ाई में पीएम नरेंद्र मोदी ने तय किए तीन पैमाने

1. भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हम अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर जवाब देंगे। हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंक की जड़ें निकलती हैं।
2. भारत कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। न्यूक्लियर ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकवादी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा।
3. आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का वह घिनौना सच फिर देखा है, जब मारे गए आतंकियों को विदाई देने, पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। सरकार प्रायोजित आतंकवाद का यह बहुत बड़ा सबूत है। हम भारत और अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे।

**22 अप्रैल की बर्बरता का करारा जवाब :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 20 मिनट के संबोधन में कहा, आतंकी संगठन और उनके सरपरस्त अब जान चुके हैं कि बहनों-बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। 22 अप्रैल की बर्बरता ने देश और दुनिया को झकझोर दिया था, लेकिन भारत ने एक स्वर में इसका जवाब दिया है।

**मेड इन इंडिया डिफेंस' का प्रदर्शन, हर बेटी को समर्पित पराक्रम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की सेना, वैज्ञानिकों और सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि यह पराक्रम देश की हर मां, बहन और बेटी को समर्पित है। उन्होंने कहा कि दुनिया ने आत्मनिर्भर भारत की रक्षा क्षमताओं को 'मेड इन इंडिया डिफेंस' के जरिए देखा है।

### प. सिंहभूम के छोटानागरा में आईईडी ब्लास्ट, 1 जवान घायल

- बेहतर इलाज के लिए रांची के अस्पताल में किया गया भर्ती

नवीन मेल डेस्क

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुलापाबुरू, दलाईगढ़ा और मरांगपोंगा के जंगली-पहाड़ी इलाके में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सोमवार की सुबह इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के विस्फोट में एक जवान मनोज कुमार दमाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची के राज अस्पताल ले जाया गया। जवान के पैर में चोट है और उसकी स्थिति स्थिर बताई जाती है। जानकारी के अनुसार, एक करोड़ के इनामी माओवादी अनल के दस्ते की छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगल में गतिविधि की सूचना पर सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और पुलिस बल झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम जंगल में सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। यह घटना उस समय हुई जब सुरक्षाबलों का यह दस्ता जंगल के भीतर गश्त कर रहा था। तभी अचानक जमीन में दबाकर रखे गए आईईडी में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में जवान मनोज कुमार दमाई घायल हो गया, जिसे पहले प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी कैंप लाया गया और फिर वहां से बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर के जरिए रांची भेजा गया। वहां उसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। वहीं, कोल्हान के डीआईजी मनोज रतन चौथे ने भी घटना की पुष्टि की है। डीआईजी चौथे के अनुसार, क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजे गए हैं और तलाशी अभियान को और तेज कर दिया गया है।

### वर्ष 2025-26 के लिए सभी 7 आईटीआर फॉर्म अधिसूचित

- आयकर विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर दी है जानकारी

नई दिल्ली (हि.स)

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए सभी 7 आयकर रिटर्न फॉर्म (आईटीआर) अधिसूचित कर दिए हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अधिसूचना के जरिए आईटीआर-फॉर्म-7 को अधिसूचित किया है। आयकर विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा कि आकलन वर्ष 2025-26 के लिए सभी सात आयकर रिटर्न फॉर्म (आईटीआर) अधिसूचित कर दिया गया है। इससे पहले छोटे और मझोले करदाताओं द्वारा दाखिल किए जाने वाले आईटीआर फॉर्म एक और चार को 29 अप्रैल को अधिसूचित किया गया था। ट्रस्ट और धर्मार्थ संस्थानों द्वारा दाखिल किए जाने वाले आईटीआर-7 फॉर्म को 11 मई को अधिसूचित किया गया। आईटीआर-1 और 4 में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है, जिसे 29 अप्रैल, 2025 को अधिसूचित किया गया था, जो सूचीबद्ध इक्विटी से पूंजीगत लाभ आय की रिपोर्टिंग से संबंधित है। इसके तहत सूचीबद्ध शेयरों से 1.25 लाख रुपए तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पाने वाले व्यक्तियों के लिए रिटर्न दाखिल करना आसान बनाया गया है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के मुताबिक अब वेतनभोगी व्यक्ति और अनुमानित कराधान योजना के तहत आने वाले वे लोग, जिनका एक वित्त वर्ष में 1.25 लाख रुपये तक का दीर्घावधि पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) है, वे लोग क्रमशः आईटीआर-1 और आईटीआर-4 दाखिल कर सकेंगे।

शेष पेज 11 पर

### इंडिया | पाकिस्तान में भूकंप की खबर, सरगोधा और सीजफायर



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

घर में बैठकर क्रिकेट मैच या महाभारत धारावाहिक की तरह युद्ध जैसी स्थिति के मिसाइल और ड्रोन हमले के दृश्य देखकर सोशल मीडिया पर विशेषज्ञता प्रकट करने वाले अनेक लोग अचानक से सीजफायर होने से मायूस हुए। लोगों को उम्मीद थी कि इस बार पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएंगे कि आतंक की बीमारी ही समाप्त हो जाएगी। सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाया भी। लेकिन लोगों को यह भी लग रहा है कि आखिर पर्दे के पीछे हुआ क्या? भारत ने सीजफायर क्यों स्वीकार किया क्योंकि पाकिस्तान किसी भी सीजफायर मानने वाला तो है नहीं। 1948 में कश्मीर में कबायली के भेष में सेना भेजकर, 1965 में 49 दिन, 1971 में 13 दिन की लड़ाई व 85 दिन करगिल युद्ध के बाद इस बार चार दिनों में उसे घुटनों पर लाया गया फिर भी बाज नहीं आ रहा। जो देश अमेरिका से पैसे लेने के बावजूद ओसामा बिन लादेन को अपने देश में पनाह देता है। जिस देश में आतंकी की मौत पर जुलूस निकाला जाता है और उसमें सेना और पुलिस अधिकारी शामिल होते हैं। जिस देश की मिलिट्री के स्टेट प्रेसिजेंट के पिता यूनाइटेड नेशन का लिस्टेड आतंकवादी हो। जिस देश का रक्षा मंत्री खुद टीवी पर ये कबूल करता है कि उन लोगों ने तीस सालों तक आतंकवादी तैयार किए। उस देश के लिए ये मान लेना कि वो रातों रात सुधर जाएगा और नेकी के राह पर चलने लगेगा ये बेमानी है। अभी उसके 9 ठिकानों, एयर बेस को भी टारगेट किया गया पर वह मानने को तैयार नहीं है। पाकिस्तान इस सीजफायर को अपनी जीत बता रहा है। वहां के प्रधानमंत्री और नेता लोगों को जश्न मनाने के लिए बोल रहे हैं । भारत ने उनके आर्मी और एयफोर्स के दर्जनभर ठिकाने बर्बाद कर दिए। फिर भी शहबाज शरीफ अपने जिहादी जनरल आसिम मुनीर को बधाई दे रहे हैं। 9 मई को को ऑपरेशन सिंदूर के तहत जब हमने पाकिस्तान के 11 हवाई अड्डे को नष्ट किया तो सारे टीवी



चैनल्य पर खबर छा गई। हमारे ब्रह्मोस का जिक्र करके तारीफ की जा रही थी। भारत में जोश बहुत हाई था। इसी बीच खबर आई कि पाकिस्तान में किनारा हिल्स सरगोधा के पास भी भारतीय सेना ने हमला किया। भारत की मिसाइल ब्रह्मोस गई है। ऐसे में कहा जा रहा है कि सरगोधा में ऐसा क्या है जिसने अमेरिका और पकिस्तान दोनों को हिला कर रख दिया। सरगोधा वो इलाका है जिसको माना जाता है कि पाकिस्तान यहां अपने परमाणु हथियार रखता है। इसी बीच में भूकंप के झटके की भी खबर आई। ये माना गया कि भारत ने हमला किया। शायद उसकी वजह से भूकंप आया और पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका था। पाकिस्तान के अंत की बात मानी जा रही थी। लेकिन 10 मई की सुबह सब बदल गया। परमाणु ठिकाने पर हमले वाली खबर गायब हो गई। उसके बाद सोशल मीडिया, टीवी पर ऑफिशियल लोग थे उनकी आवाज और स्टैंड चेंज होने लगा। यहीं से सवाल उठने लगे कि क्या कुछ छिपाया जा रहा है। सरगोधा एयरबेस पर अमेरिका के एफ 16 भी हैं। एफ 16 के मेंटेनेंस के लिए और उसका इस्तेमाल केवल काउंटर टेरर के लिए ही किया जाता है। ये पाकिस्तान की स्ट्रैटर्जिक प्लान डिवीजन का मुख्यालय है। क्या पाकिस्तान के परमाणु हथियार इसी हवाई अड्डे के आस पास हैं और जब 9 मई को ब्रह्मोस मिसाइल से अटैक किया था तो ये माना गया कि पाकिस्तान में यहां पर बहुत ज्यादा नुकसान हुआ। परमाणु हथियारों की सुरक्षा को नुकसान हुआ। भारत को पता लग गया और भारत ने अटैक किया। जिसने पाकिस्तान की सबसे कमजोर नस को दबा दिया। पाकिस्तान भारत से सीधा युद्ध नहीं लड़ सकता। ये तो सभी जानते हैं। वो 2-3 दिन से ज्यादा भारत की सेना के सामने टिक भी नहीं पाएगा। वो न्यूक्लियर वॉर का डर दिखाता रहता है। लेकिन भारत ने जब न्यूक्लियर अड्डों के आस पास हमला कर दिया। ऐसे में ये पाकिस्तान के लिए बौखलाने वाला पल था। रात को साढ़े तीन बजे पाकिस्तान के डीजीआईएसपीआर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। पाकिस्तान के टीवी चैनल पर लोग कलमा पढ़ रहे थे। तब ऐसा लगने लगा था कि भारत ने कुछ बड़ा कर दिया है। कुछ ऐसा जो उनकी कमजोर नस को दबा दिया। क्या पाकिस्तान की न्यूक्लियर साइट वाले इलाके में भारत ने बम गिराया? भारत ने सरगोधा एयर फील्ड को निशाना बनाया जहां से किराना हिल्स बहुत करीब माना जाता है। सरगोधा एयरबेस पर हुई बॉम्बिंग के बाद से माना ये जा रहा है और दावा ये हो रहा है कि भारत ने अपने बंकर बस्टर से दो हमले किए जिसके कारण पाकिस्तान के किराना हिल्स को अच्छा खासा नुकसान हुआ। हालांकि वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल एके भारती ने सोमवार को पुष्टि की कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के किराना हिल्स स्थित परमाणु संयंत्र को निशाना नहीं बनाया।

### इतिहास बन जाएगा अंग्रेजों का कैफोर्ड भवन

# सीएम आवास को झारखंडी पहचान दिलाने की रखी गई आधारशिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री निवास जाने पर उंची छत और गरिमापूर्ण साज-सज्जा से अंग्रेजी वास्तुकला का बोध होता था। गुलामी की प्रतीक को हटाने और झारखंडी पहचान के साथ भव्य रूप देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैफोर्ड हाउस को तोड़कर नए सिरे से मुख्यमंत्री आवास बनाने का निर्णय लिया है। नए मुख्यमंत्री आवास बनाने के लिए सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी धर्मपत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ पूरे विधि विधान से भवन की आधारशिला रखी।

इस भवन में आधुनिक सुविधाओं और तकनीकों का प्रयोग किया जाएगा। बड़े कॉन्फ्रेंस हॉल और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम होंगे, जिसमें मुख्यमंत्री बैठकें कर सकेंगे। पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था रहेगी हरियाली के लिए बगीचे होंगे। आवास में हैलीपैड की सुविधा होगी जिससे मुख्यमंत्री किसी भी स्थान पर अल्पसमय में पहुंच पाएंगे।



## कैफोर्ड हाउस का क्या है इतिहास

कैफोर्ड हाउस झारखंड के मुख्यमंत्री का आवास है। इस आवास की नींव 1853 में बंगाल के लेफ्टिनेंट गर्वनर के प्रिंसिपल एजेंट कमिश्नर एलियन ने रखी थी। बाद में कैफोर्ड ने इस आवास को पूरा करवाया और इसका नाम कैफोर्ड हाउस पड़ गया। झारखंड बनने पर इसको मुख्यमंत्री आवास का दर्जा मिला और यह भवन करीब ढाई दशक तक राज्य में सत्ता के शीर्ष पद का गवाह बना रहा। अंग्रेजों के बनाए कैफोर्ड भवन और इससे जुड़े कई मिथक अब अतीत का हिस्सा बन जाने वाले हैं।

झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अंग्रेजों के बनाए कैफोर्ड भवन को मुख्यमंत्री आवास बनाया था जिसे बाद में मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जीणोद्धार कराया और सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई बदलाव किए। कैफोर्ड हाउस को लेकर कई मिथक प्रचलित हैं। बिहार से झारखंड अलग होने के बाद कई मुख्यमंत्री बने, लेकिन कोई भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। ऐसा माना जाता है कि कैफोर्ड हाउस जो वर्तमान में मुख्यमंत्री आवास है, इस आवास में जो कोई मुख्यमंत्री रहे उसने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया जिसमें बाबूलाल मरांडी,अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन और मधु कोड़ा हैं। इस मिथक के कारण कई मुख्यमंत्रियों ने इस आवास में रहने से परहेज किया है।

हेमंत सोरेन ने 2013 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने पर इस आवास में नहीं रहने का फैसला किया था। अब उन्होंने नए मुख्यमंत्री आवास की आधारशिला रखी है। वहीं 2014 में रघुवर दास झारखंड के मुख्यमंत्री बने और उन्होंने कैफोर्ड हाउस के मिथक को तोड़ने प्रयास किया था। उन्होंने उस वक्त कहा था कि वह इन सब बातों पर यकीन नहीं करते फिर भी उन्होंने इस आवास में कुछ वास्तु बदलाव किए थे। रघुवर दास ने अपना कार्यकाल जरूर पूरा किया लेकिन कांके रोड वाले गेट से आने-जाने की जगह मोरहाबादी वाले गेट का इस्तेमाल किया करते थे।

### शिष्टाचार मुलाकात

## रुस से लौटकर रक्षा मंत्री से मिले संजय सेठ



**रांची।** रुस के 80वें विजय दिवस समारोह से लौटने के उपरांत सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया। उन्हें रुस यात्रा की जानकारी दी।

## स्कॉर्पियो ने कई वाहनों सहित ऑटो में मारी टक्कर, चालक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित झारखंड होमगार्ड मुख्यालय के पास सोमवार की सुबह बिहार नंबर की एक स्कॉर्पियो ने कई वाहनों में टक्कर मार दी। घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिसमें ऑटो चालक की सोमवार देर शाम मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्कॉर्पियों चालक को हिरासत में लिया व मामला दर्ज किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना स्कॉर्पियो चालक नशे में धुत होकर गाड़ी चला रहा था। इस दौरान उसने पहले कई वाहनों में टक्कर मारी। इसके बाद सड़क की दूसरी दिशा से आ रही एक ऑटो को ठोक दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए।



## बुद्ध पूर्णिमा पर बैशाली मेला व गीत-नृत्य का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुद्ध पूर्णिमा पर देशप्रिय क्लब थरपकना रांची मे बैशाली मेला संगीत,नृत्य एवं वाद्ययंत्र कंपटीशन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर सीडब्ल्यूसी की चेयर पर्सन तन्नुश्री सरकार एवं जजेज की भूमिका मोनोमिता विष्णु,वीणाश्री एवं पिया बर्मन ने निभाई। कंपटीशन में ग्रुप ए. मे प्रथम अनाया वर्मा, द्वितीय आराध्या वर्मा एवं तृतीय आद्रिका नाग। ग्रुप बी. मे प्रथम आकाश गुप्ता, द्वितीय शिवांशिका भार्गव एवं तृतीय पालक बनर्जी। व ग्रुप सी. मे प्रथम अंजली गोस्वामी,द्वितीय देवांशू घोष एवं तृतीय अंशिता शीट ने बाजी मारी। सभी टॉपर प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मोमेंटोज भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर तन्नुश्री सरकार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से मोशन अकादमी,राजीव रंजन मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मंईयां सम्मान के नाम पर बहनों-बेटियों के साथ छलावा : राफिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज़ ने झारखंड सरकार द्वारा "मंइयां सम्मान योजना" के तहत 5.46 लाख बहनों-बेटियों को अपात्र ठहराने के निर्णय पर गहरी नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि यह निर्णय हेमंत सोरेन सरकार की दोहरी नीति और वोट बैंक राजनीति का स्पष्ट प्रमाण है, जिसने पहले इन गरीब बहनों-बेटियों को योजना में शामिल कर वोट बटोरे और अब चुनाव बाद उन्हें अपात्र बताकर अपमानित किया जा रहा ।



राफिया ने प्रश्न उठाया कि क्या यह एक पुरज़ोर राजनीतिक षड्यंत्र नहीं, जिसमें हेमंत सोरेन सरकार ने इन गरीब बहनों-बेटियों को सिर्फ वोट बैंक की भेंट चढ़ाया और चुनाव के पश्चात् अपात्र घोषित कर उनका अपमान किया? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक भी बहन-बेटी से वसूली की गई तो भारतीय जनता पार्टी बहनों-बेटियों का अपमान क़तई बर्दाश्त नहीं करेगी। राफिया ने कहा "हेमंत सरकार पैसे देकर वोट लेती है लेकिन फिर सत्ता में आने के बाद वसूली करती है — यही इनका असली चरित्र है।"

उन्होंने आगे बताया कि "मार्च 2025 तक आधार लिंकिंग और दस्तावेजी सत्यापन के नाम पर केवल 37.55 लाख बहनों-बेटियों को ही स्थायी रूप से लाभ मिला, लेकिन अब अचानक 5.46 लाख को 'अपात्र' कहकर सूची से हटाया जा रहा है और अब सरकार वसूली की भी बात कर रही है। तो हेमंत जी यह बताएँ कि बहन-बेटियाँ क्या लोन लेकर आपको राशि लौटाएँगी? या फिर आप बहनों-बेटियों को ऋणी बनाने के लिए अग्रसर हैं।

## भाजपा की राजनीति केवल भ्रम फैलाने तक सीमित : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की ओर से हेमंत सरकार पर लगाए गए आरोपों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कड़ा पलटवार करते हुए कहा गया है कि भाजपा जनादेश का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि जनता ने उन्हें विपक्ष में बैठने के लिए चुना है, न कि निराधार आरोप लगाने के लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति केवल भ्रम फैलाने और अवरोध पैदा करने तक सीमित हो गई है। 'मंईयां सम्मान' योजना को लेकर भाजपा की प्रतिक्रिया पर झामुमो ने कहा कि भाजपा केवल राजनीति करने के लिए गरीब बहनों-बेटियों के सम्मान का मुद्दा उठा रही है।



झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि अगर भाजपा को बहनों-बेटियों की इतनी ही चिंता है, तो उनके कार्यकाल में ऐसी कोई योजना क्यों नहीं बनी? हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के जरिए 58-60 लाख बहनों-बेटियों को आर्थिक संबल देकर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को यह समझ लेना चाहिए कि हेमंत सरकार ने बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। इसके साथ ही सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस योजना के दुरुपयोग को रोके, ताकि पात्र लाभुकों को उसका हक जरूर मिल सके। भाजपा केवल झूठ फैलाकर बहनों-बेटियों के बीच भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रही है। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के आरोप निराधार विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से भ्रामक, निराधार और राजनीतिक षड्यंत्र के तहत दिए गए बयान हैं।

### अपराध गोष्ठी में हुई कांडों की समीक्षा

## ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारी हुए शामिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभा कक्ष में अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अपराध गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक / पुनि एवं थाना/ओपी प्रभारी मौजूद रहे। गोष्ठी के शुरुआत में दिए गए निर्देशों की समीक्षा बारी- बारी सभी थाना प्रभारी से की गई। आगामी माह के लिए अनुपालन के कई निर्देश दिए गए जिसमे अपराध नियंत्रण में अजमानतीय वारंट का स-समय निष्पादन करते हुए न्यायालय को सूचित करना, लंबित पासपोर्ट का सत्यापन, यूडी मामलों की समीक्षा, जेल से छूटे अपराधकर्मियों की गतिविधि पर विशेष निगरानी रखने, छिनतई, रेप, पोक्सो, चोरी, लुट, संपत्तिमूलक कांडों के उद्भेदन, जुआ/ शराब के अड्डेबाजी पर छापामारी शामिल है। वहीं, अनुसंधान नियंत्रण में प्रॉपर्टी ऑफेंस कांड एवं यूडी मामलों की समीक्षा करते हुए उसके निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। गोष्ठी में विगत माह में बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियो एवं कर्मियों सम्मानित किया गया।

## पीएम के संबोधन ने नागरिकों का सीना चौड़ा कर दिया

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन ने देश के हर नागरिक का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के पराक्रम को देश की एक-एक बेटी, बहन और मां के नाम समर्पित किया। प्रतुल ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी स्थगित हुआ है,समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की पराक्रमी सेना ने पाकिस्तान को विश्व के सामने गिड़गिड़ाने के लिए मजबूर कर दिया। प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि टेरर एंड टॉक एवं टेरर एंड ट्रेड एक साथ नहीं चल सकता। बुध पूर्णिमा का दिन शांति का प्रतीक है। लेकिन शांति का रास्ता भी शक्ति से होकर जाता है।



## हिंदपीढ़ी माली टोला में विवादित जमीन का मामला आशा लकड़ा ने सुलझाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हिंदपीढ़ी माली टोला के तीसरी गली में इस्लामिक मरकज के सामने आदिवासी की खतियानी भूमि पर विशेष समुदाय की ओर से कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ आशा लकड़ा मौके पर पहुंची और स्थल निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने हिंदपीढ़ी पुलिस व कोतवाली डीएसपी समेत पीड़ित परिवार से पूरे मामले की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉ आशा लकड़ा को बताया कि मुन्नी कच्छप का भतीजा अजय कच्छप अपने हिस्से की जमीन पर मकान का निर्माण करा रहा था। इस कार्य में स्थानीय मुस्लिम समाज के लोग उसका सहयोग कर रहे थे। मुन्नी कच्छप मुस्लिम समाज के लोगों को सहयोग करता देख दिग्भ्रमित हो गई थीं।

उन्हें संबंधित जमीन पर विशेष समुदाय के भू-माफिया की ओर से कब्जा करने की आशंका थी। निरीक्षण के बाद हिंदपीढ़ी पुलिस व कोतवाली डीएसपी को निर्देश दिया कि अजय कच्छप के हिस्से की जमीन, जिसपर मकान का निर्माण कराया जा रहा है, उस पर किसी को कब्जा न करने दें। साथ ही इस बात पर ध्यान दें कि संबंधित जमीन न तो गैर-आदिवासी समाज के किसी व्यक्ति को बिक्री की जाए और ना ही मुस्लिम समाज के लोगों को।

इसके अलावा उन्होंने कोतवाली डीएसपी को यह भी निर्देश दिया कि मुन्नी कच्छप व अजय कच्छप के बीच संबंधित जमीन को लेकर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कराया जाए और समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कराया जाए कि भविष्य में संबंधित जमीन में न तो किसी प्रकार का विवाद हो और ना ही संबंधित जमीन की बिक्री गैर-आदिवासी या मुस्लिम समाज के लोगों को किया जा सके।

### अन्नपूर्णा सेवा मे 415 लोगों ने किया भोजन

## अन्नपूर्णा सेवा प्रतिदिन निरंतर चलती रहेगी : सुरेश चंद्र अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा 215 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। सोमवार को इस अन्नपूर्णा सेवा स्मृति से शिव शंकर मोदी की पुण्यतिथि में उनकी पत्नी शारदा देवी एवं पुत्र निर्मल मोदी के द्वारा प्रायोजित थी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 200 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे 415 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। दोनों अन्नपूर्णा सेवा विगत 3 वर्षों से प्रतिदिन निरंतर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है।



इस अवसर पर- मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया, मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका, संजय सर्राफ, सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, कहा

# जेएससीए चुनाव में प्रशासनिक हस्तक्षेप को रोकें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। वहीं मांग किया है कि जेएससीए चुनाव में प्रशासनिक हस्तक्षेप रोकने एवं पारदर्शी तथा निष्पक्ष चुनाव कराने का आग्रह किया है। पत्र में लिखा है क 18 मई, 2025 को झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के होने वाले चुनाव में सरकारी तंत्र के दुरुपयोग एवं प्रभावशाली प्रशासनिक अधिकारियों और व्यक्तियों द्वारा चुनाव को प्रभावित करने की गंभीर स्थिति की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं।

जेएसएसीए का चुनाव 18 मई को प्रस्तावित है, जिसके लिए 12 एवं 13 मई को नामांकन तथा 14 मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। किन्तु सोमवार के समाचार पत्रों में प्रकाशित रिपोर्ट्स और मैदान से मिल रही सूचनाओं से स्पष्ट हो रहा है कि यह चुनाव एक खेल संघ का चुनाव न होकर प्रशासनिक पद के दुरुपयोग का रूप लेता जा रहा है।

सरकारी सेवा में लगे अधिकारी चुनाव प्रचार के लिए खुलेआम घूम रहे हैं तथा प्रशासनिक तंत्र का खुले तौर पर दुरुपयोग कर रहे हैं। ये सरकारी अधिकारी अपने पद, प्रभाव एवं सुविधाओं का इस्तेमाल कर मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं, जो पूर्णतः अवैध, अनैतिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध है। पत्र में लिखा है कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के सरकारी हस्तक्षेप, पद प्रभाव एवं सरकारी सुविधा के दुरुपयोग को अविलंब रोका जाए। ऐसे सरकारी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए जो चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। मतदान के दिन कड़ी विधि-व्यवस्था की व्यवस्था की जाए ताकि सदस्य निर्भीक होकर मतदान कर सकें। चुनाव आयोग या किसी स्वतंत्र संस्था की निगरानी में यह चुनाव सम्पन्न कराया जाए ताकि इसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बताएं राज्य में डीआईजी बड़ा या डीएसपी : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के लोगों को आपसे इस सवाल का जवाब चाहिए कि राज्य के कानून में डीआईजी बड़ा या डीएसपी। कहा कि समाचारों से ज्ञात हुआ कि धनबाद इलाक़े के कुछ पुलिसकर्मियों का तबादला डीआईजी की प्रशासनिक कारवाई की अनुशंसा पर हुआ था। फिर किसी डीएसपी की रिपोर्ट पर उन पुलिसकर्मियों का तबादला रोक दिया गया। जिसपर पुलिसकर्मियों के एसोसिएशन ने भी इस तबादले और स्थगन की प्रक्रिया पर सवाल उठाकर जांच की मांग की है।



कहा कि अनौपचारिक रूप से कई पुलिसवालों ने मुझे बताया है कि पुलिस मुख्यालय एनजीओ के कुछ लोग ट्रांसफ़र पोस्टिंग की दुकान खोलकर बैठ गए जहां सबकुछ कायदे-कानून को ताक पर रख कर हो रहा है।

कहा कि आख़िर ऐसा हो भी क्यों नहीं, जब राज्य में कोई डीजीपी नहीं है और जिनसे डीजीपी का काम असंवैधानिक एवं ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से लिया जा रहा है और वे बिना वेतन के ख़ुशी-ख़ुशी अपनी "सेवा" दे कर पूरे पुलिस महकमे और जनमानस के बीच इस "अवैतनिक सेवा" के लिये हँसी-मजाक के पात्र बने हुए है। कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं ऐसे हालातों केलिए जिम्मेवार हैं। उन्हें इन सवालों का जवाब अविलंब देना चाहिए।

## जदयू के नए कार्यालय का उद्घाटन आगामी रणनीति पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित बीआईटी मोड़ के समीप प्रदेश जदयू ने अपना नया कार्यालय बनाया है। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन गया। इस दौरान प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो, जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय कार्यालय में मौजूद रहे और संयुक्त रूप से फीता काट कर अंदर प्रवेश किया। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर विधिवत पूजा-पाठ और हवन किए गए। प्रदेश कार्यसमिति की हुई बैठक उद्घाटन के बाद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक अध्यक्ष खीरू महतो ने की।

इसमें आगामी निकाय चुनाव, सदस्यता अभियान एवं संगठन पर चर्चा हुई। पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को मौन रख श्रद्धांजलि दी गयी। खीरू महतो ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि लंबे समय से पार्टी को अपने कार्यालय की तलाश थी, आज यह पूर्ण हुआ। नए कार्यालय की तरह अब नए जोश से पार्टी को बढ़ाने में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय के आवास पर भी अतिरिक्त कार्यालय चलता रहेगा। उन्होंने सदस्यता अभियान जारी रखने और इसमें तेजी लाने की बात कही, साथ ही जिला अध्यक्षों से अपने जिलों में सांगठनिक मजबूती लाने का भी निर्देश दिया। सरयू राय ने नए कार्यालय खोलने पर खीरू महतो के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। बैठक में डॉ आफताब जमील, श्रवण कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, भगवान सिंह, संजय सिंह, निर्मल सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह, अखिलेश राय सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुई विशेष पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण का अलौकिक श्रृंगार, विशेष पूजा अर्चना, प्रसाद भोग, भजन कीर्तन एवं सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। श्री राज श्याम जी को फल,मेवा,चूरमा,पेड़ा का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार साथ पूजा- अर्चना एवं महाआरती की गई। उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर भगवान श्री राधा कृष्ण से विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। एवं सबों ने सामूहिक महाआरती मे भाग लिया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया। 2 घंटे तक चली भजन-कीर्तन के कार्यक्रम मे ट्रस्ट के सदस्यों एवं महिलाओं ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। एवं पूरे मंदिर परिसर को कृष्णमय बना दी। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया बुद्ध पूर्णिमा जिसे वैशाख पूर्णिमा भी कहा जाता है, इस दिन लोग सत्य, अहिंसा और संयम का व्रत लेकर पूर्ण अर्जित करते हैं, बुद्ध पूर्णिमा बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म दोनों के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण है।

## राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए : अमित



**रांची।** राजस्थानी भाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान,गौरव और इतिहास की सजीव प्रतीक है। कि इसे संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, जिससे इसे राष्ट्रभाषा स्तर पर मान्यता मिल सके। उक्त बातें अमित शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार हमारी इस जायज़ और लंबे समय से लंबित मांग पर गंभीरता से विचार करे। सभी शाखा के अध्यक्ष/सचिव/ कोषाध्यक्ष से अपने क्षेत्र के विधायक से इस मामला को विधानसभा मे पारित कराकर केंद्र में भेजे और सांसद लोकसभा/राज्यसभा मे इस मांग को जोरदार तरीके से उठाए और जल्द से जल्द लागू कराएं।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने सोमवार को डॉक्टर माया नरंग के क्लिनिक (शिवालय), लेक रोड, में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस बनाया गया। शाखा ने डॉक्टर माया नरंग के क्लिनिक में सभी नर्सों को उपहार देकर सम्मानित किया और उनका मान बढ़ाया।

डॉक्टर माया नरंग ने हमारे इस कार्य की काफ़ी सराहना की और कहा कि नर्स लोग के बिना मरीज़ को देखना बहुत ही कठिन कार्य हैं। नर्स अपने तकलीफ़ को भुलाकर सभी मरीज़ की देखभाल करती हैं।

इसमें जन सेवा प्रभारी रश्मि राजगढ़िया, दीपिका मोतिका, संयोजिका कविता सोमानी ने इस कार्य को करने के लिए बहुत मेहनत की और इसे सफ़ल बनाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, कविता जालान, रश्मि राजगढ़िया, पायल जैन और अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।



### विश्व नर्स दिवस पर नर्सों ने बताई नर्सिंग जीवन से जुड़ी खास बातें

# मरीजों के सामने कभी मां- बहन तो कभी टीचर और पुलिस बनना पड़ता है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हम में से शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिन्हें कभी किसी अस्पताल का चक्कर नहीं लगाना पड़ा हो। अस्पताल में प्रारंभिक उपचार से लेकर मरीज की बच्चे की तरह देखभाल करने वाली महिला या पुरुष नर्स के प्रति हमारा मन में श्रद्धा से भर जाता है। विव नर्स दिवस पर कुछ नर्सों से हमने बातचीत कर उनके जीवन के बारे में जानने का प्रयास किया।

सदर अस्पताल की **नर्स मनीषा** ने कहा कि दिन अच्छा तो गुजरता है लेकिन कई बार मरीजों के कारण परेशानियां भी होती है। जिस तरह के मरीज होते हैं उसी तरह से हमें पेश आना पड़ता है। वक्त पर हमें मां, बहन, टीचर, बेटी तो कभी कभी पुलिस भी बनना पड़ता है। रात के वक्त भी ड्यूटी में रहना होता है। कई बार तो त्योहारों में भी हमें छुट्टी नहीं मिल पाती। अपने परिवार के साथ कई परिवार को लेकर चलना ही हमारा काम है।



### किसी भी परिस्थिति में मरीज सेवा हमारा कर्तव्य : किरण

सदर अस्पताल की नर्स किरण ने कहा कि कई बार छुट्टियों वाले दिनों में परिवार के साथ कहीं जाने की प्लानिंग हो जाती है लेकिन अस्पताल से फोन आने पर अस्पताल जाना ही पड़ता है। इसे हम ख़ुशी से स्वीकारते हैं क्योंकि यह तो हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि कभी हमें खाने का भी वक्त नहीं मिल पाता है और खाना नहीं खाते हैं। सभी लोग मिल जुल कर काम करते हैं तो मुश्किलें कम हो जाती है।

### ना मुश्किल है ना ही आसान नर्सिंग : प्रियंका महतो

सदर अस्पताल की नर्स प्रियंका महतो ने कहा कि नर्सिंग इतना आसान भी नहीं और ना ही बहुत मुश्किल है। इसमें बस मरीज के साथ संयम और शांत भावना के साथ डील करना ही नर्सिंग का महत्वपूर्ण अंग है। हमारे लिए कई चुनौतियां उत्पन्न होती है लेकिन जब लोकसेवा को चुना है तो उसे निभाना हमारा कर्तव्य है।

### नर्सिंग क्षेत्र में कभी ख़ुशी कभी गम का रहता है माहौल : फूल कुमारी कच्छप



सदर अस्पताल की नर्स फूल कुमारी ने कहा कि कभी ख़ुशी कभी गम का माहौल रहता है। मरीजों के अनुसार ढलना पड़ता है। कई बार छोटी मोटी चीजों को लेकर मरीज आक्रोशित हो जाते हैं। उन सभी माहौल और स्थिति को लेकर चलना पड़ता। चाहे मरीज कैसा भी हो हमारा कर्तव्य उनका ख्याल रखना।

### घर की जिम्मेदारी घर पर रख कर आते हैं अस्पताल : दीप्ति किरण एक्का



सदर अस्पताल की नर्स दीप्ति किरण एक्का ने कहा कि नर्सिंग में आम लोगों की सेवा का मौका मिलता है तो अच्छा लगता है। इस क्षेत्र में कदम रखे हैं इसलिए सब लेकर चलना सिख चुके हैं। उन्होंने कहा अस्पताल आते ही घर भूल जाते हैं और परिवार को अलग कर देते हैं।



### मरीज सर्वोपरि उसके बाद कोई और काम : आइवी रानी



रिम्स की सीनियर नर्स आइवी रानी ने कहा कि नर्सिंग की जिंदगी मुश्किलों से भरी रहती है। परिवार घर को छोड़ कर 24 घंटे अस्पताल में रहती है। उन्होंने कहा नर्सों को सिखाया जाता है कि मरीज ही सर्वोपरि है उसके बाद कुछ है। बिना किसी शर्त और स्वार्थ के दिन भर काम करना ही कर्तव्य है।

### डॉक्टर नहीं बन पाई नर्स बनकर करूंगी जनसेवा : गूंजा



नर्सिंग की विद्यार्थी गूंजा कुमारी ने कहा कि मुझे बचपन से डॉक्टर बनना था लेकिन नहीं बन पाई। इसलिए नर्स बनने की चाहत हुई क्योंकि मुझे बस जनसेवा करना है चाहे किसी भी रूप में। नर्सिंग की जिंदगी मुश्किल तो है लेकिन हालात कैसे संभालना है यह हमें पहले से ही सिखाया गया है।

### जनसेवा शौक है इसलिए कर रहे नर्सिंग की पढाई : रूपा कुमारी



नर्सिंग की पढाई कर रही रूपा कुमारी ने कहा कि नर्सिंग की जिंदगी हमने देखा है मुश्किलों से भरी हुई है। सीनियर को देख कर डर भी लगता है कि मुश्किल है। लेकिन जनसेवा करना मेरा शौक था इसलिए नर्सिंग के जरिए जनसेवा करना चाहती हूं। सेवा में आने के बाद मरीजों का बेहतर ख्याल रखूंगी।

### अस्पतालों में नर्स की होती है अहम् भूमिका : पूर्णिमा कुमारी



सदर अस्पताल में इलाज करवाने आई मरीज पूर्णिमा कुमारी ने कहा कि अस्पताल में नर्स के बिना शायद ही गर्भवती महिलाएं अपने बच्चों को जन्म दे पाती। नर्स का होना बेहद ही जरूरी है। रात-रात भर नर्स हमारा ख्याल रखती हैं। एक एक मिनट हमारी जरूरतों को पूरा करती हैं।

### नर्स मरीजों का ख्याल भी रखती हैं : लवली सिंह



मरीज की परिजन लवली सिंह ने कहा कि अस्पतालों में नर्स ना होती तो मरीजों को समझना और उनका ख्याल रखा जाना काफी मुश्किल हो जाता। नर्स मरीजों का मां की तरह ख्याल रखती हैं। कभी- कभी उन्हें सख्त होना पड़ता है लेकिन वह बहन सी परछाई के साथ मरीजों के साथ खड़ी रहती है।

## योजनाओं को गति देने में जुटा जिला प्रशासन

**रांची।** जिला प्रशासन ने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गति देने और जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एक प्रेरणादायक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सभी कर्मचारियों को एकजुट कर कार्य संस्कृति को और अधिक पेशेवर, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने का संकल्प लिया गया। कार्य संस्कृति में सुधार, समय प्रबंधन, कार्य प्राथमिकता और डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर फोकस। समाहरणालय के सभी कार्यालयों की कार्यकुशलता और जनसेवा की गुणवत्ता की रेटिंग अब आम जनता करेगी। आपकी राय बनाएगी बेहतर जिला। जिला प्रशासन जनसेवा को तेज, पारदर्शी और सबके लिए सुलभ बनाने के लिए प्रयासरत है।

## भोक्ताओं ने महादेव मंडा में झूलन से की पुष्प वर्षा

**रांची।** गाड़ी होटवार गांव में सोमवार की शाम झूलन के साथ मंडा पूजा का समापन हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच पट भक्ताओं ने झूलन के साथ पुष्प वर्षा की। पांच दिनों की तपस्या, पूजा और व्रती भोक्ताओं ने जब पुष्प वर्षा की तो उसको ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही। आस्था के फूल लोगों के लिए पूजा का प्रसाद बने। महिलाओं ने आंचल पसार कर फूलों को ग्रहण किया।

## श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिन पर आज होंगे कई कार्यक्रम



**रांची।** विख्यात आध्यात्मिक प्रणेता श्री श्री रविशंकर जी के 69 वें जन्मदिवस पर मंगलवार को रांची में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं| सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आर्ट ऑफ़ लिविंग के रांची केंद्र प्रथम तल्ला, राजयोग केंद्र, जेल रोड, रांची में रक्त दान शिविर का आयोजन 'लाइफ सेवर्स' संस्था के साथ किया गया है| देश में हाल के हालात को देखते हुए सभी कार्यक्रमों को राष्ट्र-भक्ति परिपेक्ष्य में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। शाम को 6:30 बजे से केंद्र में सर्वप्रथम गुरुपूजा के बाद सुमधुर भजनों का सत्संग होगा। इसके उपरांत ध्यान, राष्ट्र के लिए प्रार्थना सभा एवं मंत्रोच्चारण पाठ का भी आयोज है। इसके पश्चात सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था है।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में वैशाख मास के अंतिम दिन हुआ विशेष अनुष्ठान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शुक्ल पक्ष की अंतिम तीन तिथियों पर भगवान् श्रीमन्नारायण के संतुष्टिकारक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। वैशाख के शुक्ल पक्ष में जो अंतिम तीन त्रयोदशी से लेकर पूर्णिमा तक की तिथियां हैं। वे बड़ी पवित्र और शुभकारक है । उनका नाम पुष्यकरिणी है, वे सब पापों का क्षय करनेवाली है। संपूर्ण वैशाख मास में जो पुण्य करने में असमर्थ है , वह इन तीन तिथियों में भगवान श्रीहरि वेंकटेश्वर का पूजा -अर्चना करने से फल पा लेता है। पूर्व काल में वैशाख मास की एकादशी तिथि को शुभ अमृत प्रकट हुआ था, द्वादशी को भगवान विष्णु ने उसकी रक्षा की, त्रयोदशी को श्रीहरि देवताओं को सुधापान कराया, चतुर्दशी को देव- विरोधी दैत्यों का संहार किया और पूर्णिमा के दिन समस्त देवताओं को उनका साम्राज्य प्राप्त हो गया। इसलिए देवताओं ने संतुष्ट होकर इन तीन तिथियों को वर दिया - वैशाख मास की ये तीन शुभ तिथियां मनुष्यों के पापों का नाश करनेवाली तथा उन्हें पुत्र - पौत्रादि फल देने वाली हो। तीनों दिन त्रयोदशी से पूर्णिमा तक विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम् और मंगलाशासन के बाद तिरूवाराधन, प्रातः वन्दन और महाआरती करके विशेष प्रकार से पकवान, मिष्ठान्न आदि व्यंजनों का नैवेद्य भोग लगा तथा क्रमानुसार वेद,उपनिषद और देशिक स्तोत्राणि के उत्कृष्ट ऋचाएं एवं श्लोकों से स्तुति की गई। तीनों ही दिन श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का पाठ, सहस्त्रनाम अर्चना , गीता पाठ और दिव्य प्रवन्धों का निरन्तर पारायण हुआ। इस प्रकार सोमवार को अन्तिम तिथि पूर्णिमा में भगवान् दंपति को खीर का भोग लगाकर वैशाख मास व्रत का उद्यापन किया गया। आज दिनभर के भोग का यजमान : कमलनयन द्विवेदी धर्मपत्नी आरती द्विवेदी पुंदाग रांची निवासी हुए।

### डीएवी के शिक्षकों के लिए शिक्षक संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

# शिक्षक को निरंतर सीखते रहने की आवश्यकता है : एमके सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल्स, झारखंड जोन-'बी' एवं 'जे' से संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए तीन-दिवसीय शिक्षक संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यह कार्यशाला डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, डीएवी कपिलदेव एवं डीएवी गांधीनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही हैं।

कार्यशाला में ईईडीपी,हिंदी,संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, पीएचई, संगीत आदि विषयों में शिक्षण की प्रक्रिया में आनेवाले 'ग्रे एरिया'(काठिन्य क्षेत्र) पर विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन चर्चा एवं व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए जा रहा है, जिसमें चौदह डीएवी विद्यालयों के लगभग 300 शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने ज्ञान का संवर्धन कर रहे हैं।



मौके पर डीएवी कपिलदेव के प्राचार्य-सह-प्रशिक्षण समन्वयक एमके सिन्हा ने कहा कि समय के साथ शिक्षक की भूमिका में न केवल परिवर्तन आया है,अपितु जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। इसलिए शिक्षक को निरंतर सीखते रहने की आवश्यकता है। इस प्रकार की कार्यशालाएं हमें शिक्षण की नवीनतम पद्धतियों एवं विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को ढालने में सक्षम बनाती हैं। डीएवी हेहल प्राचार्य-सह-प्रशिक्षण समन्वयक बिपिन राय ने कहा कि शिक्षक एक दिशा-संकेतक होता है,जो विद्यार्थियों के जीवन को उजाले की ओर ले जाता है। यह कार्यशाला शिक्षकों को न केवल एकेडमिक रूप से समृद्ध बनाएगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊर्जा देगी। शिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें नित नूतन विचारों व प्रयोगों की आवश्यकता होती है। ऐसे आयोजनों से यह परिपक्वता आती है।

डीएवी बरियातू प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्हें अद्यतन जानकारी और प्रासंगिक शिक्षण पद्धतियों से लैस करना आवश्यक है। यह कार्यशाला शिक्षकों को ज्ञान, मूल्य और दृष्टिकोण–इन तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगी। शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए शिक्षण कार्य करें।" कार्यशाला में प्रदीप कुमार झा (प्राचार्य, डीएवी गांधीनगर), तापस घोष (डीएवी पुंदाग), किरण यादव (डीएवी नीरजा सहाय), कमलेश कुमार (प्राचार्य, डीएवी खलारी), एसके पाठक (प्राचार्य, डीएवी टीसीआई, गोविन्दपुर) सहित अन्य विद्यालयों के प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही।

यह कार्यशाला शिक्षकों के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रही है,जिसमें सहभागिता कर रहे शिक्षक नवाचार, मूल्यपरक शिक्षण और बालकेन्द्रित दृष्टिकोण को अपने शिक्षण में सम्मिलित कर सकेंगे।



### बेड़ो के हरिहरपुर जामटोली में अनाथ बच्चों से मिली शिल्पी नेता तिर्की

# अनाथ बच्चों से मिलकर दुख बांटने का काम किया

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बेड़ों प्रखंड के जामटोली गांव में एक ही परिवार के अनाथ हुए 4 बच्चों का दुख बांटने और उनका आंसू पोछने पहुंची । जामटोली गांव में अनाथ हुए इन बच्चों की मां पंची उराईन की मौत 8 मई को लंबी बीमारी के बाद हो गई थी, जबकि पिता गणेश उरांव की मौत उसके अगले दिन यानी 9 मई को हो गई । कुदरत के इस कहर ने परिवार के चार बच्चों को दो दिन में ही अनाथ बना दिया। इस घटना की सूचना के बाद मंत्री



शिल्पी नेहा तिर्की जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ जामटोली पहुंची। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि घर की दो बड़ी बेटियों का नामांकन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कराया जाएगा। नामांकन को लेकर प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है. वहीं पीड़ित परिवार के तीन बच्चों को बाल संरक्षण आयोग के द्वारा हर माह चार हजार रुपए देने का प्रावधान किया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों की काउंसलिंग की जा रही है ताकि उन्हें हर तरह की मदद देने के लिए राज्य सरकार तैयार रहे । मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पूरा गांव और मैं खुद इन बच्चों के लिए एक परिवार की तरह सहयोग करने को तैयार हूं। बच्चों के सिर से आज जरूर उनके माता - पिता का साया उठा है पर समाज उनके साथ खड़ा है। इस मौके पर स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारीयों को पीड़ित परिवार का राशन कार्ड और पक्का मकान योजना का लाभ देने का भी निर्देश दिया गया।

## पागल कुत्ते के काटने से एक महिला गंभीर रूप से घायल



**गावां गिरिडीह।** पागल कुत्ते ने एक महिला को काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। उनको उपचार के लिए गावां सीएचसी भेजा गया है। खरसान पंचायत की मैमून खातून (50) पति मो वलिम को परिजन सोमवार शाम सीएचसी गावां लेकर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि महिला घर के बगल में स्थित कुंआ से पानी लाने जा रही थी। इसी बीच कुत्ता ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनके मुंह, गले व हाथ पर गंभीर चोट हैं। महिला को सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### गुरु चरण सिंह जयंती मनाई गई



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत टुटकी गांव में सोमवार को स्व गुरु चरण सिंह की 112 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, मुखिया उर्मिला कुमारी, समाजसेवी रतन लाल महतो, संजय सिद्धार्थ, ब्रजेश प्रसाद, अशोक सिंह, शिशिर सिंह, समीर सिंह एवं उपस्थित अतिथियों एवं स्थानीय लोगों ने स्व गुरु चरण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किय। इस अवसर पर जयपाल सिंह ने कहा स्व गुरुचरण सिंह के द्वारा क्षेत्र में शिक्षा के जगत में जो अलख जगाने का कार्य किया गया वह सराहनीय है। इनकी कमी समाज को हमेशा खलती रहेगी। हम सबों को संकल्प के साथ उनके सोच को आगे बढ़ाने का काम करना होगा। इस मौके पर नरेंद्र नारायण, समल महतो, रमेश प्रसाद साहु, राधा रमण सिंह मुंडा, जयसिंह महतो,रामभजन सिंह, कलेवर महतो, बिरेंद्र कुमार सिंह, महावीर प्रसाद सिंह, हेमंत सिंह, कुलदीप सिंह, हिमांशु, प्रवीण , चंदन , जयंत, विक्रम, मोहित महतो, भोलानाथ महतो, महेश महतो, जगदीश महतो समेत कई लोग उपस्थित थे

### स्कूल में मनाई गई बुद्ध जयंती



**सिल्ली।** बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में सोमवार के दिन भगवान बुद्ध की जयंती पर उत्सव मनाया गया। उत्सव की शुरुआत सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय में बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था भगवान बुद्ध का जीवन। प्रतियोगिता में सफल बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बच्चों को बताया कि आज का दिन शांति, प्रकाश और ज्ञान का सूचक है।घृणा को केवल प्रेम द्वारा समाप्त किया जा सकता है, यह एक अटूट सत्य है। विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने बच्चों को भगवान बुद्ध के बताए गए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस मौके पर राहुल भद्रा,नकुल बडाईक,गोविंदर सिंह,प्रतिमा देवी,सुषमा सिंह, हर्षा कुमारी, प्रेमचंद,प्रिया दुबे,जितेंद्र महतो, सुमंत कुमार,राकेश महतो, लंकेश्वर, विपुल रॉय एवं राकेश इत्यादि उपस्थित रहे।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**अड़की।** थाना क्षेत्र के कोचांग रापुद पुल के समीप कैरेया संड़क के किनारे झाड़ियों से अड़की पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। आशंका है कि दो दिन पहले साप्ताहिक बिरबांकी बाजार के दौरान अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार और पत्थर से बेरहमी से हत्या कर दी और शव को झाड़ियों में फेंक दिया। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सोमवार को जंगल में चरवाहे ने शव देखा और इसकी सूचना कोचांग पंचायत मुखिया को दी। मुखिया तत्काल पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खुंटी भेज दिया। पुलिस शव की पहचान करने और हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस प्रयासरत है।

# अज्ञात वाहन ने 14 बकरियों को रौंदा, मौत

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग एन एच 43 पर सोमवार की सुबह लगभग 9:30 बजे जरिया मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन के चालक ने अपने फोर व्हीलर कार (अज्ञात) से 22 बकरियों को रौंद डाला। घटना में 14 बकरियों की मौत घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि अन्य 8 बकरियां घायल हो गई है। सभी बकरियां बकरी पालक किसान जरिया गांव निवासी रंजीत लोहरा की बतायी जा रही है। रंजीत लोहरा की बेटी रेखा कुमारी और उसकी छोट्टी बहन घर से सड़क के अपने उस पार बकरी चराने के लिये हाथी गाड़ा दोन की तरफ लेकर जा रही थी। इस दौरान रांची गुमला सड़क पार कर रहे बकरी की झुंड़ को तैज गति से रांची की ओर जा रही चार पहिया वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे 14 घटना स्थल पर



मौत हो गई वही 8 बकरियां घायल हो गई। इधर घटना को लेकर जरिया गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने रांची गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को जाम कर दिया । घटना लगभग साढ़े नौ बजे सुबह की है। आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा जाम करने के बाद फोर लेन सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना मिलने पर घटना स्थल पर अंचलाधिकारी प्रताप मिंज व प्रभारी थाना प्रभारी नंदु पैरा, एएसआई अक्षय कुमार सिंह, नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव, ईटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार व सशस्त्र बल सहित डीएसपी अशोक कुमार राम भी घटना स्थल पहुंचे। इधर ग्रामीणों ने विधायक को बुलाने की मांग व फुट ब्रिज बनाये जाने सहित उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे। इस मौके पर मौके पर डीएसपी अशोक कुमार राम, सर्किल इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम कुमार उपाध्याय, बीड़ीओ राहुल उरांव, सीओ प्रताप मिंज व जन प्रतिनिधियो सहित कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष प्रोफेसर करमा उरांव कई लोग उपस्थित थे।

### दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल, एक रेफर



**बरही ।** सोमवार को प्रखंड के पुरहरा और बरसोत में हुए सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए. जिन्हे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया. इनमे एक को गंभीर रूप से घायल होने के कारण हजारीबाग रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार पुरहरा गांव में ट्रैक्टर की चपेट में दो बाइक सवार आ गया. जिसमे डुमरी गया निवासी (35) मो वसीम पिता मो रहीम और रसोईया धमना निवासी हकीम अंसारी (44) पिता रहमान मियां गभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हे स्थानीय लोगो की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया. चिकित्सकों ने गंभीर रूप से जख्मी मो वसीम को प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया. दूसरी घटना में बरसोत निवासी रोहित पांडेय (40) सड़क पार करने के क्रम में कार के चपेट में आने से घायल हो गए. स्थानीय लोगो की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया।

### इंटर स्कूल कंपटीशन में भाग लेने वाले छात्रों ने शानदार सफलता प्राप्त की



**मांडर।** पिक्सल लर्न एजुकेशन एकेडमी के तरफ से डोरंडा के मेकॉन में इंटर स्कूल कंपटीशन का आयोजन 11 मई को किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के इवेंट हुए। इसमें दार अल अरकम स्कूल मांडर के बच्चों ने भाग लियाऔर शानदार सफलता प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में जमशेदपुर व अन्य शहरों के लगभग 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया। दार अल अरकम स्कूल मांडर के बच्चों ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के जूनियर विंग में ओवैस खान, सादिया फिरदौस, नायाब तबस्सुम, मोहम्मद यूसुफ— राज्य स्तर पर प्रथम स्थान वहीं सीनियर विंग में फातिमा शकीला, बारीरा फिरदौस, आइशा रहमानी, अंबर तारीक— राज्य स्तर पर तृतीय स्थान स्पेलिंग प्रतियोगिता में तनज़ीम फातिमा, सादिया फिरदौस, नायाब तबस्सुम, मोहम्मद यूसुफ — राज्य स्तर पर तृतीय स्थान, हैंडराइटिंग में जुवैरिया सुंदुस राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान तथा इरम सबा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। स्कूल परिवार ने विजेताओं को उनकी मेहनत और सफलता पर हार्दिक बधाई दी।

### जेएससीए चुनाव के लिए 'द टीम' ने नामांकन दाखिल किया



**रांची।** 18 मई को आहूत जेएससीए प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए 'द टीम' के सभी प्रत्याशियों ने सोमवार को जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम परिसर में नामांकन दाखिल किया। 'द टीम' से नामांकन दाखिल करने वाले जेएससीए सदस्यों में अध्यक्षः अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्षः संजय पांडे , सचिवः सौरभ तिवारी, सहसचिवः शाहबाज नदीम, कोषाध्यक्षः अमिताभ घोष, मैनेजिंग कमेटी, संजय जैन, रमेश कुमार, मिहिर प्रीतेश तोपनो, परवेज खान, रत्नेश कुमार सिंह , स्कूल एंड क्लब रिप्रेजेंटेटिव : उमा महेश्वर राव शामिल हैं। द टीम से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने बताया कि जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष स्व अमिताभ चौधरी के पदचिन्हों पर चलते हुए जेएससीए की गरिमा का निर्वहन करते हुए इसके उद्देश्यों को पूरा करना हमारा मकसद है ।राज्य में क्रिकेट के उत्तरोत्तर विकास और झारखंड के प्रत्येक जिले में खिलाड़ियों को बेहतर साधन संसाधन के आगे बढ़ाने व तराशने के लिए हम कृतसंकल्प हैं। आज नामांकन दाखिल में जेएससीए के निवर्तमान अध्यक्ष संजय सहाय, उपाध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष डॉ नफीस अख्तर खान, राजेश वर्मा बॉबी, सुनील साहू,पी एन सिंह, राजीव बधान,असीम कुमार सिंह,जय कुमार सिन्हा,विनय बिहारी कर्ण, क्रिकेटर इशांक जग्गी, क्रिकेटर मोनू सिंह, मनोज यादव, विजय पुरी, शैलेन्द्र कुमार,उमा जयसवाल,उदय साहू, अरविंद सिंह, सुरेश कुमार एवं काफी संख्या में जेएससीए के सदस्यगण उपस्थित थे।

### शांति, अहिंसा की संपूर्ण व्यवस्था राजयोग से संभवः बहन निर्मला



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को हरमू रोड, चौधरी बागान, रांची केंद्र में बुद्ध पूर्णिमा पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र संचालक राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि राजकुमार सिद्धार्थ को जीवन के सत्य की प्राप्ति इसी दिन हुई थी तभी से वे महात्मा बुद्ध कहलाए। उन्हें इसी दिन निर्वाण भी मिला। दुखों से सम्पूर्ण निवृत्ति, शांति और अहिंसा के संदेश को उन्होंने देश-विदेश तक पहुंचाया। वर्तमान समय में मनुष्य अनैतिकता की युगधारा में बहकर नैतिक अंकुश को नहीं मान रहा है। कर्मेन्द्रियों के विषय आकर्षण में वृद्ध मानव समाज तनाव और दुख के दौर से गुजर रहा है। मानव इतिहास ऐसे मोड़ पर आ पहुंचा है जहां एक ओर उत्थान की अनंत संभावनाएं हैं तो दूसरी ओर समाज के समूल विनाश की पूरी तैयारी है।

### झारखंड की शेरनियों का जलवा

# 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में दिलाया ब्रॉन्ज



नवीन मेल रांची/वार्धा (महाराष्ट्र)।

51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में झारखंड की बेटियों ने पूरे देश को दिखा दिया कि जुनून और मेहनत के सामने कोई भी दीवार टिक नहीं सकती। महाराष्ट्र के वार्धा में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। खास बात यह रही कि कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में झारखंड ने तेलंगाना को 29 अंकों के बड़े अंतर से हराकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। इस ऐतिहासिक जीत के पीछे टीम की अथक मेहनत और समर्पण रहा, जिसका नेतृत्व किया कोच शिव सागर और मैनेजर दिव्यांश राज ने। इन दोनों की रणनीति और खिलाड़ियों का उत्साह ही था, जिसने टीम को विजय पथ पर आगे बढ़ाया। टीम की इस उपलब्धि पर झारखंड राज्य कबड्डी संघ के सचिव संजय कुमार झा और अध्यक्ष तपन कुमार राउत ने पूरी टीम को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। संघ के अन्य अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने भी खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

### राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन




**चान्हो।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन सोमवार को ताला पंचायत भवन में किया गया। शिविर में व्हील चेयर, कमोड व्हील चेयर, वॉकिंग स्टीक, कान की मशीन, वॉकर, कमर बेल्ट, घुटना बेल्ट इत्यादि सहायक उपकरण जांच एवं पंजीकरण के बाद निशुल्क वितरण किया जाएगा। शिविर का आयोजन दिव्यांग समाजसेवी अफरोज अंसारी के द्वारा किया गया।

### शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी रुचि ले विद्यार्थीः प्राचार्या



**खलारी।** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी के तीन विद्यार्थियों ने 10 व 11 मई को नामकुम रांची में आयोजित राज्यस्तरीय वुशू प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। विद्यालय की कक्षा सात की प्राची कुमारी, कक्षा आठ की विद्या चौहान व कक्षा पांच के कुमार हर्ष ने अपनी-अपनी श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय, परिवार तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोमवार को प्राचार्या डा सिस्टर निर्मला सैमुअल ने तीनों विद्यार्थियों को विद्यालय प्रार्थना सभा में मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज खेल के क्षेत्र में भी काफ़ी अवसर हैं तथा खेल में भी विद्यार्थी अपना भविष्य निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लेने कहा। विद्यालय में प्रत्येक शनिवार होने वाले कराटे क्लास को गंभीरतापूर्वक करने कहा। इस अवसर पर प्राचार्या के अलावा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### रंगदारी के लिए फायरिंग करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**सरायकेला)।** पुलिस ने कांड्रा थाना क्षेत्र में कांड्रा मोड़ के पास स्थित मंडल स्टोर के मालिक चितरंजन मंडल पर रंगदारी के इरादे से हुई फायरिंग मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जितेंद्र महतो, राजीव झा और शुभम कालिंदी उर्फ बिट्टू कालिंदी शामिल हैं। इनके पास से फायरिंग में इस्तेमाल की गई एक पिस्तौल और आठ जिंदा गोलियां बरामद की गयी है। गिरफ्तार आरोपितों ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। सरायकेला एसडीपीओ समीर सेवईया ने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और उसकी तलाश के लिए छापेमारी जारी है। एसआईटी टीम में कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू, कपाली प्रभारी सोनू कुमार, निमड़ीह थाना प्रभारी संतन तिवारी, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो तथा आदित्यपुर और गम्हरिया के पुलिस अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि आठ मई को बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की थी। इस हमले में चितरंजन मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें इलाज के लिए टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी की आशंका, डीसी ने जांच के दिए आदेश

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले में मंईयां सम्मान योजना' के तहत लाभार्थियों की सूची में भारी अनियमितताओं की आशंका के बीच उपायुक्त अनन्य मित्तल ने सख्त रुख अपनाते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं। कई लाभुकों के नाम एक ही बैंक खाते से जुड़े पाए गए हैं, जो योजना के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। मंईयां सम्मान योजना' के क्रियान्वयन में गड़बड़ियों की आशंका को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों ( बीडीओ) और अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों की लाभुक सूची की गहन जांच कर तीन कार्यदिवसों के भीतर रिपोर्ट जिला कार्यालय को सौंपने का निर्देश दिया है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि कुल 2912 बैंक खातों से दो या दो से अधिक लाभुकों के नाम जोड़े गए हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि पात्रता के नियमों की अनदेखी की गई है। बहरागोड़ा 99, डुमरिया 111, पटमदा 113, गुड़ाबांदा 122, जमशेदपुर अंचल 390 और पोटका से 573 खाते शामिल हैं।

### शादी से मुकरा युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार



पिठोरिया पुलिस ने शादी का झांसा देकर मुकरने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और शादी से मुकरने के मामले में पिठोरिया थाना पुलिस ने अभियुक्त सूफियान अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। वहीं, इसी प्रकार के एक अन्य मामले में पिठोरिया थाना में मामला दर्ज करते हुए अभियुक्त सुनील मुंडा को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया।

### ग्रामीणों ने भवन निर्माण में लगाया अनियमितता का आरोप



**अड़की।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बन रही अस्पताल भवन निर्माण कर में स्थानीय ग्रामीणों ने अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुराना भवन को गिरकर उसके मलवे से नए बन रहे बिल्डिंग को भर गया है। वहीं छुपाने के लिए ऊपर से मिट्टी डाल दिया गया है। वहीं दूसरी और निर्माणाधीन भवन में पारदर्शिता की कमी देखी जा रही है। कार्यस्थल पर योजना से संबंधित सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिससे लोगों को योजना के प्राक्कलन से लेकर किसी अन्य तरह की जानकारी नहीं मिल पा रहा है जबकि सरकारी निर्माण के अनुसार योजना स्थल पर सूचना पट्ट लगाकर योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देना है।

# बुद्ध के जीवन का उद्देश्य दुनिया को शांति व न्याय से भरना था

नवीन मेल संवाददाता। खलारी

नीलांबर पीतांबर सन-शाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल डकरा में भगवान बुद्ध का जन्मदिवस बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की निदेशिका अनिता गंझू सहित उपस्थित शिक्षिकाओं ने भगवान बुद्ध की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। अनिता गंझू ने बच्चों के समक्ष भगवान बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डाला। बताया कि गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व नेपाल के तराई में कपिलवस्तु के लुंबिनी में हुआ था। इनका मूल नाम सिद्धार्थ गौतम था। उन्होंने 29 वर्ष की उम्र में अपना महल छोड़



दिया। कठोर तपस्या व ध्यान के बाद उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे भगवान बुद्ध से जाने गए। उन्होंने दुख के अस्तित्व, उसके कारण और अंत पर प्रकाश डालते हुए चार आर्य सत्यों की शिक्षा दी थी। भगवान बुद्ध के जीवन का मूल उद्देश्य दुनिया को शांति व न्याय से भरना था। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका अनिता तिग्गा, सुनिता टोप्पो, सबा रहमत, अमृत एक्का, नीलु विश्वकर्मा, अनुराग एक्का सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच के सचिव ने गौ माता को दी अंतिम विदाई

# रात चाहे जितनी गहरी हो, सेवा का दीपक जलता रहना चाहिए : लखन खंडेलवाल

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



रविवार की रात्रि हजारीबाग शहर में एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब रात्रि में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक गौ माता की दुखद मृत्यु हो गई। यह घटना शहर के व्यस्ततम इलाके मोहन सिनेमा हॉल के समीप रात की है। दुर्भाग्यवश, इतने संवेदनशील क्षण में आने-जाने वाले लोगों ने मदद करना उचित नहीं समझा। लेकिन जब बबाल जैन द्वारा मारवाड़ी युवा मंच के सचिव लखन खंडेलवाल को इसकी सूचना दी गई, तो उन्होंने बिना विलंब किए तत्क्षण मौके पर पहुंचकर जो सेवा, संवेदनशीलता और कर्तव्य का परिचय दिया, वह आज के समय में एक मिसाल बन गया है। लखन खंडेलवाल ने न केवल स्वयं घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया, बल्कि मृत गौ माता को सम्मानपूर्वक सड़क से हटाया, बोरे से ढककर उनके शरीर की गरिमा को सुरक्षित रखा और हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अगरबत्ती जलाकर विधिपूर्वक गौ माता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक मनुष्य के जीवन की कीमत होती है, उसी प्रकार पशुओं, विशेषकर गौ माता, का भी हमारे समाज में विशेष स्थान है। हमें प्रत्येक जीव के प्रति संवेदनशीलता रखनी चाहिए। बेजुबान जानवरों को भी उतना ही सम्मान और सुरक्षा मिलनी चाहिए जितनी एक इंसान को। यह हम सबका नैतिक और मानवीय कर्तव्य है। इस पुनीत कार्य में उनके साथ मारवाड़ी युवा मंच के सक्रिय सदस्य एवं पत्रकार सचिन खण्डेलवाल, बबाल जैन तथा पुलिस लाइन एरिया के कुछ लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से सहयोग किया। यह घटना यह प्रमाणित करती है कि जब समाज के जिम्मेदार नागरिक और संगठन सजग हों, तो मानवीय मूल्यों की रक्षा कहीं भी, कभी भी की जा सकती है। मातृ दिवस के शुभ अवसर पर मातृ सेवा का एक अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि लखन खंडेलवाल पूर्व में भी विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सक्रियता से अपनी भूमिका निभाते रहे हैं। चाहे किसी जरूरतमंद की सहायता हो, रक्तदान शिविर का आयोजन हो या गौ सेवा हर अवसर पर वे मानवीय मूल्यों की रक्षा हेतु अग्रणी रहे हैं। उन्होंने समाज से अपील की कि वाहन चलाते समय सतर्क रहें।

### गोबरदरहा में मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया

# मंडा पर्व हमारी संस्कृति की पहचान है : मनोज कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

गोबरदरहा स्थित शिव मंदिर परिसर में मंडा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भोक्ताओं ने स्थानीय तालाब में स्नान कर नए वस्त्र धारण किया। इसके बाद भोक्ताओं ने नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर और बनस झूला झूलकर अपनी अटूट शिव भक्ति का परिचय दिया। मौके पर रविवार की रात्रि पारंपरिक छउ न्त्य का आयोजन किया गया। जिसका विधिवित उदघाटन मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व उनके आगमन पर आयोजन समिति के सदस्यों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि मंडा पर्व हमारे राज्य के लोगों के लिए आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है। कहा कि इस पर्व को भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना के लिए मनाया जाता है। इस पर्व में भक्त भगवान शिव और माता पार्वती पर अपनी अटूट भक्ति का परिचय देते हैं। कहा कि यह पर्व अच्छी वर्षा और बेहतर फसल के उत्पादन की कामना के लिए मनाया जाता है। इसके उपरांत छउ नृत्य के कलाकारों ने धार्मिक कथाओं पर नाटक का मंचन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## न्यूज बॉक्स

### सेना की छुट्टी रद्द होते ही देश सेवा के लिए प्रस्थान किया खोड़ाहर का बेटा



बरही । आतंक के खिलाफ छिड़े जंग को देखते हुए सरकार ने सेना के जवानों की छुट्टियां रद्द कर दिया है. इसकी जानकारी मिलते ही अपनी छुट्टियां बिताने आए इंडियन आर्मी जवान खोड़ाहर निवासी स्व उमेश यादव के पुत्र पिंटू यादव मां भारती की सेवा के लिए हंसते हुए आतंक के खिलाफ छिड़े जंग में भाग लेने निकल पड़े. लद्दाख में तैनात यह जवान कुछ ही दिन पहले अपनी छुट्टियां बिताने गांव आया थे. सेना की पुकार पर छुट्टियों का परवाह किए वगैर हंसते हुए गुजरात के भुज सेक्टर स्थित सीमावर्ती क्षेत्र की रक्षा के लिए निकल पड़ा. युद्ध की इस घड़ी में मैदान ए जंग में जाने के नाम से परिवार में खामोशी छा गई. जिसे एयर आर्मी जवान ने उत्साहित किया. उन्होंने परिवार जनों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि मां भारती की रक्षा करना उनके लिए परम सौभाग्य है. उनका यह आत्मविश्वास और देश प्रेम ने परिवारजनों को भी उत्साहित किया. जिसे परिवार सहित गांव वाले ने अपने लाडले का मनोबल बढ़ाते हुए देश सेवा के लिए विदा किया.

### बरकट्ठा बाजार से मोबाइल की हुई चोरी



**बरकट्ठा**। सोमवार साप्ताहिक बाज़ार से अजीत पांडेय की मोबाइल चोरी हो गई। इस बाबत अजीत पांडेय पिता स्व. हरिहर पांडेय ग्राम बेलकपी निवासी ने बताया कि अपने घर से सब्जी लाने के लिए बरकट्ठा बाजार आया था। कुछ देर के बाद देखा कि जेब से मोबाईल गायब हो गई। मोबाइल ओप्पो कंपनी जिसका कीमत करीब 35हजार का था। काफी खोजबीन के बाद मोबाइल पता नहीं चला। हालंकि इस मामले को लेकर थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

### पत्रकार के पिता के निधन पर शोक की लहर



**रामगढ़**। दैनिक रांची एक्सप्रेस के प्रभारी अनिल विश्वकर्मा के पिता महेश विश्वकर्मा का रविवार देर रात हृदयगति रुक जाने से देहांत हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात महेश विश्वकर्मा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को गांधी घाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र पप्पू विश्वकर्मा ने दी। रामगढ़ के लोहार टोला निवासी स्व. महेश विश्वकर्मा अपने पीछे दो पुत्र पप्पू विश्वकर्मा एवं अनिल विश्वकर्मा और दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। महेश विश्वकर्मा के अंतिम संस्कार में प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू, सचिव धनेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, प्रदीप बर्मन, अशोक मेहता, तरुण बागी, शंकर देवघरिया, देवांशु शेखर मिश्र, मोतीउल्लाह, आरएस मुन्ना, मिथिलेश रविदास, राजेश राय, सन्नी सिन्हा, आशीष सिंह, अंकित कुमार, सत्यप्रकाश, करमजीत सिंह जग्गी, आकाश शर्मा, मो. अयुब, भाजपा नेता अनमोल सिंह, धनंजय कुमार पुटुस , विजय जायसवाल, संदीप शर्मा, रितिक सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### बीएसएनएल की सेवा चरमराई, वाई-फाई बंद, उपभोक्ता परेशान



**बरही** । भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवाएं एक बार फिर से चरमरा गई है. उपभोक्ताओं के अनुसार पिछले एक सप्ताह से बीएसएनएल पूरी का वाई फाई पूरी तरह ठप है. जिससे इंटरनेट सेवा बाधित है. इसके कारण विद्यार्थियों, व्यवसायियों व कार्यकाल का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है.व्यवसायियों के ऑनलाइन लेनदेन और ऑर्डर प्रोसेसिंग पूरी तरह प्रभावित हुए हैं. जिससे व्यवसाय पर बुरा असर पड़ रहा है. लोगों ने बीएसएनएल प्रबंधन से शीघ्र सेवा बहाल करने की मांग की है. क्या कहते है बीएसएनएल कर्मी : इस संबध में बीएसएनएल के एसडीओ से सम्पर्क नही होने के कारण वस्तुस्थिति स्पष्ट नहीं हो सका है. कर्मी भीम कुमार राम ने बताया कि एनएच स्थित केबल कट जाने के कारण रविवार की संध्या से यह समस्या आई है. मरम्मती का कार्य किया जा रहा है. सोमवार देर शाम तक सेवा बहाल होने की पूरी संभावना है.

### 21वीं राज्यस्तरीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला रहा ओवर ऑल तीसरे स्थान पर



**रामगढ़** । झारखंड राज्य वुशू एसोसिएशन के तत्वाधान में 21वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के आयोजन रांची के आर के आनंद ग्रीन बॉल्स स्टेडियम में किया गया. जिसमें रामगढ़ जिला के 16 सदस्य वुशू खिलाड़ी शामिल हुए. जिसमें 14 विभिन्न किलोग्राम भार में वुशू खिलाड़ी मेडल जीतने में सफल रहा. जिसमें तीन गोल्ड में क्रमशः सरवन कुमार महतो, विपुल कुमार और लीलावती कुमारी, छः सिल्वर मेडल में जयदीप कुमार, सुदेश कुमार, आदित्य कुमार, मोनू कुमार, परी कुमारी और खुशी कुमारी, पांच ब्रांज मेडल विवेक कुमार, बादल कुमार, स्वाति कुमारी, और निधि कुमारी, मेडल जीत कर ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा आगामी 26 मई से तमिलनाडु में होने वाले 21वी सब जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता में रजरप्पा वुशू एकेडमी के तीन वुशू खिलाड़ी क्वालीफाई किया. इस जीत की खुशी में पुरे जिले के साथ रजरप्पा क्षेत्र के वुशू खिलाड़ियों में खुशी का लहर दौड़ रहा है। उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालो में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक कल्याण जी प्रसाद, समाजसेवी पीयूष चौधरी, समाजसेवी साहिल अनवर रामगढ़, जिला वुशू एसोसिएशन के सचिव सह कोच गौरी शंकर महतो, अपेक्स स्कूल के डायरेक्टर भागीरथ महतो, राम पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल उपेंद्र कुमार महतो, तपेश्वर महली, एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सह नेशनल वुशू जज चंद्रशेखर राम करमाली, शैलेंद्र करमाली, आनंद तिग्गा, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार, बुनियादी विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र देव साव, मुस्कुराते संस्था के अध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा, टेबल टेनिस खिलाड़ी गौतम सिंह बम, प्रवीण कुमार, अमन कुमार, खुशी कुमारी आदि शामिल हैं ।

### गौमाता को पानी पीने के लिए कामधेनु सेवा परिषद ने टब का किया वितरण



**रामगढ़** ।कामधेनु सेवा परिषद ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर 11 मई को गौमाता के पानी पीने के लिए टब का वितरण तिरंगा चौक और थाना चौक स्थित खटाल में किया. टब का वितरण करते हुए अध्यक्ष धीरज परासर ने कहा की संगठन आगे भी गौ सेवा का कार्य करती रहेगी. संगठन का का कहना है कि जिस गर्मी पड़ रही है उस तरह से बेजुबान जानवरों का भी हम सभी को ख्याल रखना है और उसे अच्छी तरह सेवा करनी है।
मौके पर माणिक चंद जैन ,डॉ उदय श्रीवास्तव,वरुण बगाड़िया ,निलिन्द बब्बू ,पवन ,निखिल , दीपक अग्रवाल, विक्की ,अजीत , धनंजय ,आकाश ,रचना कुमारी ,निधि कौर ,पूनम ,विद्या कुमारी आदि उपस्थित थे.

### भारत विकास परिषद की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

# जल्द से जल्द होगा चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की बैठक अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह की अध्यक्षता में इनके आवासीय कार्यालय में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में कई अहम एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा का शपथ ग्रहण समारोह इसी महीने के अंतिम तारीख तक किए जाएंगे। बैठक में भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के महत्वपूर्ण कार्यक्रम निशुल्क ऑक्सीजन सेवा चौबीस घंटे का जो कार्यक्रम चल रहा है उसे और भी समृद्ध करने का निर्णय लिया गया। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा का शपथ ग्रहण समारोह बहुत जल्द इसी महीने के अंतिम तारीख तक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भारत विकास परिषद के महत्वपूर्ण कार्यक्रम चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सचिव सरदार मनमोहन सिंह लांबा, पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड़, अमित साहू, उमेश राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सह सचिव निलेश गुप्ता, पूर्व सचिव डॉक्टर आलोक रतन चौधरी, सम्मानित सदस्य अखिलेश सिंह, नवीन पाठक समेत अनेकों सदस्य मौजूद थे।

### गिद्दी परियोजना में हॉलपेक की चपेट में आने से ओवरमैन की मौत

**गिद्दी**। गिद्दी ए परियोजना में रविवार की रात में लगभग एक बजे हॉलपेक ( डंपर ) की चपेट में आने से 54 वर्षीय ओवरमैन जय कुंअर यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद कोलियरी कर्मियों ओवरमैन के शव को आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल गिद्दी लाया। जहां अस्पताल के डॉक्टर ने ओवरमैन की मृत्यु की पुष्टी कर दी। इसके सूचना मिलने पर रात में ही अरगड्डा क्षेत्र के जीएम एसके झा अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली। कर्मियों ने बताया गिद्दी ए परियोजना में रविवार की रात्रि पाली में ओवरमैन जय कुंअर यादव ड्यूटी पर मौजुद थे। इसी क्रम में परियोजना के उत्पादन कार्य में लगी एक हॉलपेक के चपेट में आ गए और उनकी घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद से गिद्दी ए परियोजना का उत्पादन कार्य समाचार भेजे जाने तक स्वत ठप रहा। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

### आरोग्यम अस्पताल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

# नर्स केवल सेवा नहीं करतीं, वे आशा और विश्वास का संचार भी करती हैं : अजमेरा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



आरोग्यम अस्पताल एवं आरोग्यम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन को नर्सों के योगदान और सेवाओं को सम्मानित करने के लिए समर्पित किया गया, केक काटकर समारोह की शुरुआत हुई, जिसमें सभी नर्सों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं और खुशियाँ साझा की। कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगे गुब्बारों, पुष्पों और उत्सवमयी सजावट से सुसज्जित किया गया था, जहां हर चेहरे पर मुस्कान और गौरव की झलक साफ दिखाई दे रही थी। निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की नर्सें न केवल मरीजों की देखभाल करती हैं, बल्कि वे संकट के समय आशा की किरण बनती हैं। उनकी सेवा, धैर्य, और ममता का कोई मोल नहीं। आज का दिन उन्हें उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देने का दिन है। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि नर्सें सिर्फ पेशेवर नहीं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका योगदान अमूल्य है और इस दिन का आयोजन उनके सम्मान में एक छोटी-सी लेकिन महत्वपूर्ण पहल है। प्रशासक जया सिंह ने कहा की नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की आत्मा होती हैं। उनकी करुणा, धैर्य और समर्पण के बिना चिकित्सा जगत की कल्पना अधूरी है। महामारी से लेकर सामान्य देखभाल तक, हर मोर्चे पर नर्सें मजबूती से खड़ी रही हैं। आज का दिन उनके निःस्वार्थ सेवाभाव को सम्मान देने का दिन है। हम सभी को उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। आरोग्यम परिवार की ओर से मैं सभी नर्सों को इस विशेष दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

### संकुल प्रमुख एवं संयोजकों की एक दिवसीय बैठक आयोजित

# सभी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं पर ध्यान देना जरूरी : रामअवतार नारसरिया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**




कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर,रजरप्पा प्रोजेक्ट में सोमवार को विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में संकुल प्रमुख एवं संयोजकों की एक दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों से आए संकुल प्रमुखों एवं संयोजकों ने भाग लिया।बैठक का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के रूप में उपस्थित विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नारसरिया,विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, प्रदेश मंत्री डॉ ब्रजेश कुमार एवं प्रांतीय समिति सदस्य डॉ भारती प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया।बैठक तीन सत्रों में आयोजित हुई।जिसमे पूरे झारखंड प्रांत से 39 संकुल के संकुल प्रमुख एवं संयोजक सम्मिलित हुए। उद्घाटन सत्र में अतिथि परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प-गुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदानकर किया गया। उसके पश्चात विद्यालय की बहनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत की। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रदेश सचिव नकुल शर्मा द्वारा रखी गई जिसके माध्यम से संगठन को रीति और नीति अनुसार कार्यों की समीक्षा करने पर बल दिया गया।तत्पश्चात क्षेत्रीय मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र रामअवतार नारसरिया द्वारा बुद्ध पूर्णिमा तथा अंतरराष्ट्रीय नर्स डे की बधाई देते हुए नई शिक्षा नीति के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमे क्लस्टर के अनुसार अपने अपने संकुल के विद्यालयों की कमियों को पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। समय-समय पर शिक्षकों के लिए अपग्रेडिंग असेस्मेंट का आयोजन भी किया जाना चाहिए। संकुल के सभी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं पर ध्यान देना आवश्यक है। प्रबंधकारिणी समिति की सक्रियता पर भी ध्यान देना तथा योग्यताओं के आधार पर इसका समय-समय पर आंकलन करना भी आवश्यक है। संकुल के सभी विद्यालयों को सरकारी तंत्र से भी जोड़ना आवश्यक है। प्रदेश मंत्री डॉ ब्रजेश कुमार ने पाँच परिवर्तनों पर विशेष बल दिया। कार्यानुभव तथा योग्यताओं के आधार पर चयनित संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक के तालमेल और सहमति से ही संकुल में कार्यों का निष्पादन हो। अपने क्षेत्र के संस्कार केंद्रों पर संकुल संयोजक तथा प्रमुख का ध्यान देना आवश्यक है। सौ वर्ष पूरे होने पर आरएसएस ने पांच परिवर्तन पर जो चर्चा की है जमीनी स्तर पर उसका क्रियान्वयन करना है।द्वितीय सत्र में सभी संकुल प्रमुखों के द्वारा संकुल की योजना एवं उपलब्धियों पर चर्चा की गई।वही समापन सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र ख्यालीराम जी का उदबोधन हुआ।बैठक में मंच संचालन जमशेदपुर विभाग प्रमुख तुलसी प्रसाद ठाकुर के द्वारा किया गया। बैठक में विद्या विकास समिति के पूर्णकालिक कार्यकर्ता नीरज कुमार लाल,अखिलेश कुमार, राजेश प्रसाद, ओम प्रकाश सिन्हा, सुरेश मंडल, विवेक नयन पांडेय, रमेश कुमार, ब्रेन कुमार टुडू, ब्रजेश कुमार सिंह, रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### गंभीर रुप से बीमार महिला को विधायक ने सौंपी सहयोग राशि

**गोला**। गोला प्रखंड के हेमतपुर गांव निवासी सुनीता देवी को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना का लाभ मिला है। वह पिछले कई महीनों से बच्चेदानी में ट्यूमर बीमारी से जुझ रही थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण महिला समुचित इलाज कराने में परिवार के लोग असमर्थ थे। इसके बाद परिजनों ने महिला का समुचित इलाज के लिए विधायक ममता देवी से सहायता की गुहार लगाई। इसके बाद विधायक पीड़ित महिला के घर पहुंचकर उससे मुलाकात की और सरकारी स्तर पर आर्थिक सहयोग कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक ने प्रयास कर के मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत सुनीता देवी को इलाज के लिए 50 हजार रुपए का सहयोग राशि मंजूरी दिलवाई। रविवार को विधायक ने बीमार महिला को स्वीकृत राशि का डीडी परिजनों को सौंपा। इधर इलाज के लिए महिला को मिले राशि से परिजनों के चेहरे खिल उठे हैं। मौके पर सुनील कुशवाहा, रजनीश बक्सी, सगीर अंसारी व अन्य उपस्थित थे।

### मानव विकास संस्था ने कुंओं का किया जीर्णोद्धार

# पेयजल की समस्या को हल करने के लिए संस्था प्रयासरत : बीरबल

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना प्रारंभ कर दिया है। वहीं इस भीष्ण गर्मी के कारण प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या से निजात पाने के लिए मानव विकास संस्था द्वारा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर कुओं का जीर्णोद्धार कार्य जारी है। विदित हो कि संस्था के द्वारा पिछले वर्ष भी प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर 10 कुआं का जीर्णोद्धार किया गया था। इस कार्य को जारी रखते हुए संस्था द्वारा इस वर्ष भी प्रखंड अंतर्गत बघबंधवा, शिलाडीह, बाजूकोला, करंडो, बड़कीटॉड़, मेरमगड्डा, अंबाकोला, पिपराही, तुर्कडीहा, बाराडीह समेत अन्य गांव में क्षतिग्रस्त कुओं की मरम्मती की जा रही है।वहीं जानकारी देते हुए संस्था के सचिव बीरबल प्रसाद ने बताया कि इस वर्ष प्रखंड के विभिन्न गॉव में लगभग 20 कुओं का जीर्णोद्धार करने का लक्ष्य है। शिलाड़ीह के भुइयां टोली में यह कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि चेचकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम लस्करी में पहाड़ के पानी को डाइवर्ट कर गांव में पानी लाने हेतु कार्य प्रगति पर है ।संस्था अपने मूल उद्देश्य के अनुरूप अपना कार्य कर रही है। जरूरतमंदों की मदद करना, किसानों को खेती की नई तकनीकी की जानकारी देना, पेयजल की व्यवस्था करना, मार्ग मरम्मती कर आवागमन को बेहतर बनाना आदि संस्था के मूल उद्देश्य हैं । इस कार्य में स्थानीय लोगों व किसानों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### गर्मी आते ही पानी के लिए मचा हाहाकार

गर्मी का मौसम आते ही पानी के चहूंओर हाहाकार मचने लगा है। खासकर ग्रमीण क्षेत्रों में महिलाएं दूर-दराज से पानी के लिए भटकती रहती हैं। लोगों का कहना है कि अभी तो गर्मी की शुरुआत है आगे क्या हाल होगा यह समझमें नहीं आ रहा है। बिजली की वहीं हाल है। कई-कई घंटों तक गायब रहती है। लोग रात में सोने को बेचैन हो जाते हैं। ग्रामीणों को कहना है कि जब बिजली चली जाती है तो हमलोग रात भर जागने को मजबूर हो जाते हैं।

## छत से गिरकर से तीन बच्चों सहित कुल चार लोग हुए घायल





नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के स्टेशनःरोड में छत से गिरने से तीन बच्चा सहित चार लोग घायल हो गये। सभी सभी घायलों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रेफर कर दिया गया। घायल मे पाडो निवासी गुरमुख महतो27 वर्ष, संतरा कुमारी11 वर्ष , सुबोध महतो 15 वर्ष , राज 4 वर्ष शामिल है। घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम की है। बताया जाता है कि पाडो निवासी गुरमुख महतो बानो स्टेशन रोड मे किराये के मकान मे रहता था। रविवार शाम छत के उपर पांच इंची दिवार सभी बैठे थे इसी क्रम पांच इंची दिवार गिर गयी। तथा सभी बैठे लोग दिवार सहित छत के नीचे जमीन पर गिर गये। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गयी।घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणो की मदद से बानो सामुदायिक स्वास्थय केंद्र मे भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। चिकित्सक मो अली ने बताया कि तीन स्थिति गंभीर को देखते हुए रेफर किया गया।

खूंटीटोली में महिला विकास केंद्र का उद्घाटन

# महिलाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान: भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** खूंटीटोली में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए सोमवार को महिला विकास केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधायक भूषण बाड़ा और बिशप मुरेल बिलुंग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर केंद्र का शुभारंभ किया।कार्यक्रम की शुरुआत बिशप मुरेल बिलुंग द्वारा आयोजित प्रार्थना सभा से हुई। उन्होंने महिला विकास केंद्र के निर्माण के लिए ईश्वर के प्रति आभार जताया और इसे महिलाओं की प्रगति का मजबूत मंच बताया।विधायक भूषण बाड़ा ने कहा, "यह केंद्र केवल एक भवन नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की शुरुआत है। हम आपके हर सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह केंद्र आपके हुनर को दिशा देगा और जीवन को बेहतर बनाएगा।" उन्होंने सभी महिलाओं से आह्वान किया कि वे आगे बढ़ें और सरकारी योजनाओं का लाभ लें।बिशप मुरेल बिलुंग ने कहा कि यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा,



जो उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में सहायक बनेगा। कार्यक्रम में माइकल पूर्ति, बिपिन खलखो, सूचित हेरेंज, सहित कई गणमान्य लोग व पादरीगण उपस्थित थे। संचालन शोभा रानी कुल्लू ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं भी शामिल हुईं।

## न्यूज बॉक्स

### 10वीं कक्षा की तैयारी के लिए न्यू बैच शुरू

**कोलेबिरा।** मुझे कुछ करना है संस्था के द्वारा 10वीं कक्षा की तैयारी के लिए न्यू बैच की शुरुआत की जा रही है जिसमें सभी विषयों गणित,विज्ञान,अंग्रेजी,हिंदी और सामाजिक विज्ञान की बेहतरीन तैयारी करवाई जाएगी ।साथ ही प्रत्येक रविवार फिजिकल फिटनेस की तैयारी भी दी जाएगी ।नामांकन मात्र एक दिन गुरुवार 15.मई सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक होगा ।मुझे कुछ करना है के द्वारा सभी भर्तीयों की तैयारी करवाई जा रही है सैकड़ों छात्र छात्राएं तैयारी से जुड़कर लाभ ले रहे है ।संचालक रवि शंकर साहनी और उपसंचालक अविनाश साहू के द्वारा 10वि कक्षा की तैयारी भी शुरू करने का निर्णय लिया गया है ।मात्र 100 छात्र छात्राओं का नामांकन लिया जाएगा ।नामांकन के लिए अधिक जानकारी के लिए 7544802173 पर संपर्क कर सकते है।

### भगवान बुद्ध जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा में भगवान बुद्ध जयंती का आयोजन सादगी, श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक वर्ग के छात्रों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने भगवान बुद्ध के जीवन-दर्शन और संदेशों को रंगों के माध्यम से खूबसूरती से उकेरा ।इस आयोजन को सफल बनाने में रिजवाना, सोनी, सपना और लक्ष्मी ने सराहनीय सहयोग दिया। उन्होंने बच्चों को विषय की समझ देने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को उभारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।विद्यालय के प्रधानाचार्य पी. एल. केरकेट्टा ने प्रतिभागियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा, "भगवान बुद्ध के विचार आज के समय में भी मार्गदर्शक हैं। बच्चों के चित्रों के माध्यम से उनका संदेश जन-जन तक पहुंचाना एक सराहनीय प्रयास है।"कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### विहिप मंत्री की माता का आकस्मिक निधन, संगठन में शोक की लहर

**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति के मंत्री कृष्णा शर्मा की माता श्रीमती गीता देवी का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। वे विगत लंबे समय से बीमारी से जूझ रही थी ।उनके निधन की खबर से पूरे संगठन में शोक की लहर दौड़ गई है। गीता देवी एक सरल, धार्मिक और सामाजिक व्यक्तित्व की धनी महिला थीं ।विश्व हिंदू परिषद की ओर से गीता देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि "गीता देवी के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने स्व. गीता देवी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य रखने की कामना की। विश्व हिंदू परिषद के जिला, प्रखंड और नगर इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस दुख की घड़ी में कृष्णा शर्मा और उनके परिवार के साथ खड़े हैं।

### बानो को अनुमंडल बनाने की मांग पर 17 मई को होगी अहम बैठक

**बानो।** बानो को अनुमंडल का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर गठित बानो को अनुमंडल बनाओ मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 17 मई को सुबह 11 बजे से डाक बंगला, बानो में आयोजित की गई है। मंच के सदस्य व संयोजक महेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में आंदोलन की आगे की रूपरेखा तय की जाएगी और मंच की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।महेश सिंह ने बताया कि बानो क्षेत्र की जनता लंबे समय से इसे अनुमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग कर रही है। इस विषय को लेकर जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, और अब समय है कि इस मुहिम को एक ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ाया जाए।

### प्रस्तावित उच्च विद्यालय लचरागढ़ में बाल संसद का किया गया गठन अजय तोपनो बने पीएम



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित प्रस्तावित उच्च विद्यालय में बाल संसद का गठन किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री अजय तोपनो उपप्रधानमंत्री शिवांगी कुमारी, अनुशासन मंत्री - हेमराज साय उपअनुशासन मंत्री - पिया अंजलि कुमारी, संचार मंत्री कुमोद सिंह, सांस्कृतिक मंत्री-मोहित सिंह भुइयां, सफाई मंत्री पवन महतो, जल मंत्री-ऋषभ टेटे, खेल मंत्री मनीषा कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री अनुष्का तोपनो को बनाया गया। प्रधान अध्यापिका कल्याणी बदला ने नवनिर्वाचित बाल संसद को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई विद्यालय के सफल संचालन हेतु बाल संसद का गठन किया गया है बच्चों में गुणात्मक शिक्षा को लेकर बाल संसद का गठन किया गया है उन्होंने बाल संसद के दायित्व और कार्यों के बारे में इस अवसर पर मनोहर प्रसाद,सूर्यभूषण स्वर्णकार मनिंद्र सिंह निर्मला कुमारी कॉर्नलियस सोरेंग यज्ञवीर के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### कोलेबिरा में चला सड़क सुरक्षा अभियान छह वाहन चालकों पर कटा चालान

**कोलेबिरा।** सड़क सुरक्षा को लेकर कोलेबिरा थाना की ओर से सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक इंस्पेक्टर इंद्रजीत समद ने किया। चेकिंग अभियान प्लस टू उच्च विद्यालय, पालकोट मोड़ और हाई स्कूल के पास चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच दोपहिया वाहन चालकों पर बिना हेलमेट और एक चारपहिया वाहन चालक पर बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने के कारण चालान काटा गया। कुल छह चालकों से जुर्माना वसूला गया।

### पुलिस की रेकी करने वाले दो गोवंशीय पशु तस्कर गिरफ्तार

**जलडेगा।** जलडेगा पुलिस ने गौ तस्करी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान समील अख्तर 29 वर्ष, पिता छोटा अंसारी, लेदरु मोहल्ला सिसई एवं मो आसीफ मीर 19 वर्ष, पिता हासिद मीर, मुरगू थाना सिसई जिला गुमला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के पास से दो मोबाइल और रेकी कर रहे कार को भी जब्त किया है। थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस गतिविधियों की रेकी करने के लिए आए पशु तस्करों के दो सदस्य को गिरफ्तार किया गया है, इस मामले में जलडेगा थाना कांड संख्या 40/25, दिनांक 10.05.2025 की धारा -115(2)/121(1)/121(1)/122(2)/125/281/61(2)/109/3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 15 झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम झारखंड गौ वंशीय पशु प्रतिषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया।

## अपराध नियंत्रण पर सिमडेगा में अपराध गोष्ठी एवं पुलिस सभा का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा** । पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में अपराध गोष्ठी तथा पुलिस सभा का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान जिले के सभी थानों में मार्च माह में दर्ज किए गए मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने कांडों के निष्पादन और उद्भेदन में तेजी लाने, सक्रियता बनाए रखने तथा अनुसंधान को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने पर विशेष बल दिया।

अपराध नियंत्रण की दिशा में दिए गए निर्देशों में रोड फेसिंग सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, सक्रिय अपराधकर्मियों एवं नक्सलियों का सत्यापन, सम्पत्ति मूलक अपराधों पर नियंत्रण एवं शीघ्र उद्भेदन, जमानतदारों का सत्यापन तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी वाहन चेकिंग और मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई शामिल रही।पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में हो रहे निर्माण व विकास कार्यों पर सतत निगरानी तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर छापामारी अभियान चलाने और नशा व आड़ेबाजी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, त्वरित न्याय की दिशा में चिन्हित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने, थाना दिवस के आयोजन द्वारा भूमि विवादों का संयुक्त समाधान (थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी के माध्यम से) और कम्युनिटी पुलिसिंग को सशक्त बनाने हेतु जनसहभागिता बढ़ाने पर बल दिया गया।बैठक का उद्देश्य जिले में विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, पुलिस उपाधीक्षक, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

मदर टेरेसा कालेज में नर्सिंग दिवस धूमधाम से संपन्न

## फ्लोरेस नाईटेंगल के जीवन से लें प्रेरणा: अल्बिना

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** मदर टेरेसा कालेज ऑफ नर्सिंग बानो मे नर्सिंग सप्ताह मनाया गया। मुख्य अतिथि अल्बिना बारला विशिष्ट अतिथि पुष्पा सिस्टर एवं निदेशक प्रहलाद मिश्रा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसमें एएनएम एवं जीएनएम की छात्राओं ने स्वागत गान गाकर एवं मंगलाचरण से शुरुआत कर एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पूरे सप्ताह भर किया गया। वहीं नर्सिंग दिवस के मौके पर अल्बिना बारला फ्लोरेंस नाइटेंगल की जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही । पुष्पा सिस्टर ने छात्राओं को नर्सिंग दिवस की शुभकामना देते हुए फ्लोरेस नाईटेंगल की तरह सेवा भाव करने को कहा। संस्थान के सचिव ने भी छात्राओं को कहा कि नर्सिंग सेवा त्याग और प्रेम की सेवा है और सबों को शुभकामनाएं दी और छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्य पर निरंतर बढ़ाने की प्रेरणा दी। प्राचार्या एरेन बेक ने नाईटेंगल की जीवन के बारे बताकर उनसे सीख लेने को कहा ।जहां पिछले कुछ दिनों पूर्व एक सप्ताह से चले नर्सिंग प्रतियोगिता के विभिन्न प्रतियोगिता में विनर रही प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । निदेशक प्रहलाद



मिश्रा ने सबों को नर्सिंग दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि सभी छात्राएं अपने सेवा और स्नेह के भाव से पीड़ितों की सेवा कर फ्लोरेंस नाईटेंगल और मदर टेरेसा की तरह अपना नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन आरती कुमारी ने किया। कार्यक्रम मे संस्थान की सचिव निभा मिश्रा एएनएम की निशि डुंगडुंग , टयूटर अलबिना तोपनो, अमृता जोजो , तनु साहू, वंदना धनवार , नीलू कुमारी,लीलावती साहू मटिलदा तिर्की प्रिया कुमारी, संस्थान के कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा सहित अन्य ट्यूटर एवं सभी छात्राएं मौजूद थी।

सेंट जॉन्स नर्सिंग सेंटर में लैंप लाइटिंग व कैपिंग सेरेमनी का आयोजन

## "नर्सिंग सेवा सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि यह एक पुनीत कर्म है : शकील अहमद

- प्रथम वर्ष की छात्राओं ने ली सेवा की शपथ

नवीन मेल संवाददाता





**सिमडेगा।** विश्व नर्सिंग दिवस के अवसर पर सोमवार को सिमडेगा जिले के बीरू स्थित सेंट जॉन्स जीएनएम नर्सिंग सेंटर में लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, बीरूगढ़ के राजा दुर्ग विजय सिंह देव, एवं सिमडेगा मुख्य अतिथि एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की प्रिंसिपल सुषमा एक्का उपस्थित रहीं।इस विशेष आयोजन के दौरान नर्सिंग के प्रथम वर्ष की छात्राओं को पारंपरिक रूप से कैप पहनाकर नर्सिंग सेवा क्षेत्र में समर्पण और मानव सेवा की शपथ दिलाई गई। 'लैंप लाइटिंग' नर्सिंग क्षेत्र की एक पवित्र परंपरा है, जो फ्लोरेंस नाइटिंगेल की सेवा भावना का प्रतीक मानी जाती है। छात्राओं ने दीप प्रज्वलित कर मानवता, करुणा और समर्पण के साथ सेवा करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि शकील अहमद ने अपने संबोधन में कहा, "नर्सिंग सेवा सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि यह एक पुनीत कर्म है। मरीजों की सेवा में नर्सें जो योगदान देती हैं, वह समाज में अत्यंत सराहनीय है।उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में अनुशासन, करुणा और निष्ठा को अपनाकर एक आदर्श स्वास्थ्यकर्मी बनें।बीरूगढ़ के राजा दुर्ग विजय सिंह देव ने कहा कि नर्सिंग सेवा समाज की रीढ़ है। एक मरीज की पहली उम्मीद और आखिरी सहारा अक्सर नर्स होती है। उन्होंने संस्थान को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए बधाई दी और छात्राओं को नारी शक्ति का उदाहरण बनकर सेवा के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि सुषमा एक्का ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, आज का दिन उनके जीवन में एक नया अध्याय है। सेवा की भावना और संवेदनशीलता ही एक अच्छी नर्स की पहचान है। उन्होंने छात्राओं को नियमित अभ्यास, व्यावहारिक ज्ञान और मानवता की भावना को सर्वोपरि रखने की सीख दी।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और नर्सिंग पेशे के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में निरंजन कुमार, राम पातर, कुमारी, रोशनी टोप्पो, निष्मा केरकेट्टा,और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## हर बहन-बेटी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाया जाएगा हर जरूरी कदम : नमन विक्सल कोंगाड़ी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि समाज की असली तरक्की तभी मानी जाएगी जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ साथ जागरूक होंगी। हमें सिर्फ महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी नहीं है, बल्कि उन्हें नेतृत्व करने के लिए आगे भी बढ़ाना है। विधायक ने कहा कि हर महिला में एक नेता, एक उद्यमी और एक प्रेरणा छिपी होती है।

हमें उसे अवसर, संसाधन और मंच देना है। स्वरोजगार से जुड़कर महिलाएं न केवल खुद को सशक्त बनाती हैं, बल्कि परिवार और समाज को भी मजबूत करती हैं। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि गांव-गांव में महिला समूहों को आर्थिक और सामाजिक रूप से खड़ा किया जाए। मेरा भी यह संकल्प है कि हर बहन-बेटी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। महिलायें आगे बढ़ें, अपने सपनों को सच करें, और अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनें। सशक्त महिला ही सशक्त समाज की नींव है और वह नींव अब मजबूत हो रही है।

## जीईएल चर्च में 39 युवक–युवतियों के दृढ़ीकरण संस्कार समारोह का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखण्ड के जीईएल चर्च बाड़ीबिरिंगा पास्टोरेट में पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष गिरजा आराधना का आयोजन किया गया। गिरजा आराधना टकरमा पेरिस चेयरमैन पादरी जे पी जे गुड़िया और बाड़ीबिरिंगा पास्टोरेट चेयरमैन पादरी उषम डांग के द्वारा सम्पन्न हुई। इस अवसर पर 19 युवक और 20 युवतियों को दृढ़ीकृत किया गया। पादरी जे पी जे गुड़िया ने अपने संदेश में कहा कि आज आप कलीसिया के विश्वास अनुसार दृढ़ीकरण संस्कार के माध्यम से प्रभु यीशु के साथ विवाह कर रहे हैं। अब से आप लोग कलीसिया का अभिन्न अंग हुए,आज के बाद कलीसिया के विभिन्न कामों में सहयोग करेंगे। ईसाई समुदाय में जन्म से लेकर मृत्यु तक कई संस्कार होते हैं जिसमें कलीसिया के विधि–विधान के अनुसार शादी के पहले पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार लेना अनिवार्य है।उन्होंने ने कहा कि इस संस्कार को ग्रहण करने से अच्छे जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। आज जिसने दृढ़ीकरण संस्कार लिया उसके दिल में ईश्वर वास करता है।



उन्होंने कहा कि दृढ़ीकरण संस्कार पवित्र आत्मा के द्वारा विश्वासियों के जीवन में आशीष, कृपा का वरदान देता है। कलीसिया के विभिन्न संस्कारों में दृढ़ीकरण संस्कार सबसे पवित्र एवं मूल्यवान वरदान ख्रीस्त में विश्वास करना है। उन्होंने कहा कि सशक्त विश्वास से ही ख्रीस्त का जीवन मजबूत होता जाता है। अंतिम में एक लिखित परीक्षा ली गई जिसमें 39 दृढ़ीकरण अभिलाषियों में टॉप टेन अभिलाषियों का प्राप्तांक क्रमशः पहला स्थान शोभा नित्या लुगुन लेटेन्दा मण्डली, दूसरा महिमा तोपनो बाड़ीबिरिंगा, बरदानी सुचिता लुगुन पैतानो, तीसरा उत्तम तोपनो बाड़ीबिरिंगा, चौथा अभिषेक तोपनो तितलिंग, नौवां नमानी रोयलेन कन्डुलना पैतानो, दसवां सुधीर होरो बाड़ीबिरिंगा।

## प्रखंड प्रमुख ने समसेरा–कान्हू टोली सड़क का किया निरीक्षण विधायक का जताया आभार



**बोलबा ।** बोलबा प्रखंड की प्रमुख सुनीता केरकेट्टा ने हाल ही में समसेरा कासीरा मोड़ से कान्हू टोली तक निर्मित सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के आरंभ से लेकर पूर्णता तक उसकी गुणवत्ता की लगातार निगरानी की गई है ।प्रमुख ने कहा कि इस सड़क निर्माण में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बोलबा की जनता की ओर से विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनकी पहल से यह सड़क आज क्षेत्रवासियों के लिए सुविधा का माध्यम बन पाई है ।सड़क के पूर्ण हो जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत हो रही है। ग्रामीणों ने भी सड़क निर्माण को लेकर संतोष जताया है ।प्रमुख सुनीता केरकेट्टा ने यह भी कहा कि,बोलबा प्रखंड के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके लिए हमें ग्रामीण जनता का सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग देकर प्रखंड को आगे बढ़ाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## खूंटीटोली में मध्य डायोसिस वार्षिक महिला सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** खूंटीटोली स्थित जी.ई.एल. चर्च मंडली में मध्य डायोसिस का वार्षिक महिला सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस सम्मेलन में विभिन्न मंडलियों से भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बिशप मुरेल परादीश बिलुंग एवं विशिष्ट अतिथि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित थे। बिशप ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी समाज की रीढ़ होती हैं। उनकी आध्यात्मिक और सामाजिक सक्रियता से चर्च और समाज दोनों मजबूत होते





हैं। यह सम्मेलन महिलाओं को आत्मबल, एकता और सेवा के नए अवसर प्रदान करता है। मौके पर माइकल पूर्ति,बिपिन खलखो,सूचित हेरेंज, जॉन हेरेंज, विनोद टेटे, सुनील लुगुन, विल्सन कुल्लू, पादरी सिमोन हेरेंज, पादरी जतोम टेटे, पादरी ईमानी बुढ़, पादरी शशि रीता कांडुलना, पादरी लॉरेंस डुंगडुंग, शशि लुगुन, सुभ्रांगी कुल्लू, कोषाध्यक्ष जीरेन होरो, सभा संचालिका शोभा रानी कुल्लू, सोनी लकड़ा,पूनम लकड़ा, सुशील लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### आज का युग नारी शक्ति का युग: भूषण बाड़ा

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे क्षेत्र की महिलाएं न सिर्फ धार्मिक क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक और नेतृत्व के स्तर पर भी सशक्त हो रही हैं। ऐसे सम्मेलनों से उन्हें और अधिक प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज आप सभी को एक मंच पर एकजुट देखना गर्व हो रहा है। हमारी माताएं, बहनें और बेटियां सिर्फ परिवार नहीं, पूरे समाज की रीढ़ हैं। आज का युग नारी शक्ति का युग है।

# बीस दिनों से अंधेरे में जीने के लिए मजबूर बरवाअड्डा आसनबनी रांगाटांड़ गांव के लोग



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाअड्डा**

धनबाद जिले के सिंदरी विधानसभा क्षेत्र गोविंदपुर प्रखंड कांशीटांड़ बरवाअड्डा सब डिवीजन अंतर्गत आसनबनी 1 पंचायत के रांगाटांड़ गांव में ट्रांसफार्मर ख़राब हो जाने के कारण ग्रामीणों इस भीषण गर्मी में लगभग बीस दिनों से विकट समस्या उत्पन्न हो गई है स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही आज़ झारखंडी भाषा ख़तियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो रांगाटांड़ ग्रामीणों से मिलकर त्वरित संज्ञान में लेकर बरवाअड्डा सब डिवीजन के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता बिजली विभाग के धनबाद महाप्रबंधक और झारखंड राज्य स्तरीय विभागीय पदाधिकारियों से बात करके अविलंब गांव में नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाने की मांग की है रंजीत कुमार महतो ने कहा कि धनबाद जिले के सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के साथ साथ सभी दस प्रखंड में ख़ास करके ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बिल्कुल डमाडोल है रांगाटांड़ गांव के ग्रामीण बीस दिनों से अंधेरे में जीने के लिए मजबुर है छात्र छात्राओं की पढ़ाई बाधित है इस भीषण गर्मी में बिजली बाधित होने बुढ़ा बुजुर्गों का हाल बेहाल है दूसरी ओर विभागीय पदाधिकारी गांव के बिजली समस्याओं से अनजान हैं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने कहा कि रांगांटांड़ गांव में चौबीस घंटे के दौरान नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवा कर गांव में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें अन्यथा कांशिटांड़ बरवाअड्डा सब डिवीजन के कार्यालय में लोकतांत्रिक तरीके से धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा । मौके पर स्थानीय ग्रामीण कार्तिक महतो जनता सोरेन बासुदेव सोरेन मुकेश सोरेन मुटूलाल सोरेन जीतु महतो सुनिल सोरेन बुधन किस्कू समीर ठाकुर विवेक महतो मोहन महतो आदि ग्रामीणों की उपस्थिति हुई

होटल के कमरे में संदिग्ध स्थिति में मिला युवती का शव

# हत्या या आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

शहर के साकची स्थित एक होटल के कमरे में संदिग्ध अवस्था में युवती का शव मिला है. मामले की जांच करने पहुंची पुलिस ने मौके से एक युवती समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है. डीएसपी सुनील चौधरी ने बताया कि यह हत्या है या आत्महत्या, इसकी जांच की जा रही है. जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र अंतर्गत आम बागान मैदान स्थित एक होटल के एक कमरे में शव मिला है. मिली जानकारी के अनुसार 11 मई रविवार की रात दो युवक और दो युवतियों ने होटल में कमरा नंबर 504 और 506 बुक कराया था. दोनों युवकों के नाम ऋतुराज कुमार सिंह और पंकज कुमार हैं, जो साकची के राजेंद्र नगर के रहने वाले हैं. जबकि दो युवतियां दीपा ओल्ड पुरुलिया रोड मानगो और रुखसार आजाद बस्ती की रहने वाली है. चारों पूरी रात होटल में ही थें. दोनों कमरों से शराब की बोतलें और कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं. सुबह जब होटल के कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला. तब कर्मचारियों ने होटल मैनेजर को इसकी जानकारी दी. जिसके बाद पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई.

## न्यूज बॉक्स

### संदेहास्पद हाल में पेड़ से झूलता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**तिसरी।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के पेसराटांड़ गांव से कुछ दुरी पर एक युवक का संदेहास्पद अवस्था में फंदे के सहारे पेड़ से झूलता हुआ शव देखें जाने से इलाके में सनसनी फैल गई. मौके पर मृतक की पहचान पेसराटांड निवासी महेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र अरुण सिंह के रूप में की गई. घटना की सूचना पर तिसरी पुलिस व भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कपिल यादव मौके पर पहुंचे. पुलिस के पहुंचने से पहले ही ग्रामीण और परिजनों ने शव को पेड़ से उतारकर नीचे रख दिया था. फंदे की रस्सी भी वहीं रखी थी. वहीं मृतक के चेहरे और हाथ पर खून लगा हुआ था. इस दौरान मौके से पंचनामा कर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया. जहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया. घटना के बाबत मृतक के पिता ने बताया कि अरुण हैदराबाद में रहकर काम किया करता था एक महीने पहले ही वह घर आया था. वह मानसिक रूप से भी थोड़ा विक्षिप्त था. उन्होंने कहा कि रात में अरुण घर से खाना खाकर निकाला फिर कुछ देर बाद शराब पीकर आया. उसने दूसरा कपड़ा पहना जिसके बाद वह दोस्तों के साथ पीने चला गया. उसके दोस्तों ने उसे घर जाने को कहा लेकिन वह घर नहीं आया. इस बाबत तिसरी थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है.

### रंगदारी के लिए दुकानदार को मारी थी गोली, तीन अपराधी गिरफ्तार



**सरायकेला।** जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कांड्रा मोड़ के पास स्थित दुकानदार चितरंजन मंडल पर अपराधियों द्वारा रंगदारी के नीयत से फायरिंग की गई थी, जिसका सरायकेला पुलिस ने खुलासा कर लिया है. इस घटना में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से फायरिंग घटना में प्रयुक्त एक पिस्तौल समेत 8 जिंदा गोली बरामद की गई है. समीर सवैया ने बताया कि विगत 8 मई को रात तकरीबन 8:45 बजे बाइक सवार अपराधियों ने मंडल स्टोर के मालिक चितरंजन मंडल पर फायरिंग की थी, जिसमें चितरंजन मंडल गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे. उन्हें इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया था. घटना के बाद पुलिस द्वारा एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) गठन कर अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया गया. जिसमें पुलिस को सफलता हासिल हुई. पुलिस ने फायरिंग घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मुख्य रूप से जितेंद्र महतो, राजीव झा, शुभम कालिंदी उर्फ बिट्टू कालिंदी शामिल है. वहीं, इस कांड का मुख्य साजिशकर्ता अब भी फरार चल रहा है. एसडीपीओ ने बताया कि सभी अपराधियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है. पुलिस द्वारा गठित की गई एसआईटी टीम में एसडीपीओ के अलावा कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू, कपाली प्रभारी सोनू कुमार, निमड़ीह थाना प्रभारी संतन तिवारी, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, समेत आदित्यपुर एवं गम्हरिया के पुलिस पदाधिकारी शामिल है.

### बासुकीनाथ धाम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, लोगों ने की पूजा-अर्चना




**दुमका।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आज दुमका के बसुकीनाथ धाम मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ लगी है. जल अर्पण के लिए श्रद्धालुओं की कतार काफी लंबी है। आज प्रशासन द्वारा अर्घा सिस्टम के द्वारा श्रद्धालुओं को जल अर्पण कराया जा रहा है. पंडा धर्म रक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पांडे ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा और सोमवारी का दुर्लभ संजोग होने के कारण आज श्रद्धालुओं की काफी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी है. जिसको सुचारू रूप से जल अर्पण करने के लिए प्रशासन तत्पर है. बुद्ध पूर्णिमा एवं सोमवारी को लेकर प्रसिद्ध तीर्थ स्थान फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है. सुबह मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालुओं का जो तांता लगा है वह अब तक अनवरत जारी है. इस दौरान स्थानीय प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है. पंडा धर्म रक्षणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा का विशेष महत्व है. बौद्ध धर्म के लोग बोधि वृक्ष में पूजा अर्चना करते हैं. जबकि हिंदू धर्म के लोग पवित्र जलाशयों में स्नान कर भगवान विष्णु एवं महादेव की पूजा अर्चना करते हैं. बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बासुकीनाथ धाम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था काफी चुस्त और दुरुस्त की गयी है. लोग कतार में खड़े होकर श्रद्धालुओं को अर्घा के माध्यम से जल अर्पण कराया जा रहा है. जिला में इस भीषण गर्मी के बावजूद भी श्रद्धालु जलार्पण के लिए कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं.

### धनबाद स्टेशन पर आरपीएफ ने 60 बोतल बीयर के साथ युवक को पकड़ा




**धनबाद।** धनबाद रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन से 60 केन बीयर के साथ एक युवक को पकड़ा. गिरफ्तार युवक अमरजीत राय बिहार के सारण जिले का रहने वाला है. वह पश्चिम बंगाल से बीयर लेकर बिहार पहुंचाने के लिए धनबाद आया हुआ था. आरपीएफ ने जब्त बीयर को उत्पाद विभाग को सौंप दिया. आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि वह टीम के साथ 10 मई को रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहे थे. प्लेटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन की जेनरल में एक व्यक्ति नीले रंग का पिट्ठू बैग, एक सफेद प्लास्टिक का झोला व प्लास्टिक की बाल्टी के साथ संदिग्ध स्थिति में बैठा दिखा. जांच-पड़ताल में बैग व झोले में कुल 60 बोतब बीयर बरामद की गई. बीयर की बोतलों पर पश्चिम बंगाल का लेबल लगा हुआ था.

## हाई टेंशन तार की चपेट में आई बाराती बस, दो की मौत, कई घायल



**देवघर।** जिले से सटे बिहार के बांका जिले में बारात से लौट रहे लोगों से भरी बस हाईटेंशन तार के करंट की चपेट में आ गई है. जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं. बांका जिले के गिद्दी डैम के पास बस में करीब चालीस बाराती मौजूद थे. हाईटेंशन तार के बस से छू जाने के कारण अचानक पूरी बस में करंट दौड़ने लगा. जिससे बस के ऊपर बैठे कई लोग घायल हो गए हैं. घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि बांका में बारात में शामिल होने के बाद सभी लोग वापस लौट रहे थे. इसी दौरान देवघर-मोहनपुर मार्ग पर चिरैया मोड़ के पास यह दुखद घटना घटी. जिसमें कई लोग झुलस गए हैं. घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया. बिहार के बांका जिले के जयपुर थाना प्रभारी ने घटना में दो लोगों की मौत की पुष्टि की है. वहीं, जो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं उन्हें बेहतर इलाज के लिए देवघर के सदर अस्पताल लाया गया है. जहां इमरजेंसी में डॉक्टर लगातार उनका इलाज कर रहे हैं. घायलों के इलाज के संबंध में देवघर सदर अस्पताल के प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ. शरद कुमार ने बताया कि सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. उन्हें इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि घटना में घायल हुए अधिकतर लोग दुमका जिले के सरैयाहाट के रहने वाले हैं. आपको बता दें कि यह घटना बांका जिले में हुई है. लेकिन देवघर से सटे होने के कारण सभी को इलाज के लिए देवघर के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं बांका प्रशासन के लोग भी घायलों का हाल जानने देवघर पहुंच रहे हैं, ताकि घायलों को बेहतर इलाज दिया जा सके.

## ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत, आत्महत्या की आशंका

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र की रिफ्यूजी कॉलोनी से कुछ दूरी पर लौड़िया रेलवे फाटक के समीप ट्रेन से कटकर एस व्यक्ति की मौत हो गई. पुलिस ने उसका सिर कटा शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया. सिर व धड़ दो भागों में बंटा हुआ था. ऐसा प्रतीत हो रहा था कि व्यक्ति ने आत्महत्या की है. पुलिस ने स्थानीय लोगों से शव की पहचान को लेकर पूछताछ किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी. इसके बाद पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल ले आई. शव को पोस्टमार्टम के रेलवे के शीत गृह में रख दिया गया है. पुलिस की पहचान कराने में जुटी हुई है.

### झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में ग्राम प्रधान का गला कटा शव मिला

**पश्चिम सिंहभूम।** अधिकारियों का कहना है कि पांड्रासाली चौकी प्रभारी मृणाल कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुमार ने कहा कि दोषियों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस ने सोमवार को एक ग्राम प्रधान का गला कटा हुआ शव बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जिले के खूंटपानी प्रखंड के बसाहातु गांव निवासी मंजीत हैबुरू रविवार को बाजार गए थे, लेकिन घर वापस नहीं आए। ग्रामीणों ने सोमवार सुबह बासा गमहरिया गांव में सड़क किनारे हैबुरू का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। अधिकारियों का कहना है कि पांड्रासाली चौकी प्रभारी मृणाल कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुमार ने कहा कि दोषियों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

# नशे के सौदागरों पर बड़ी पुलिसिया कार्रवाई,पांच दबोचे गए

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



बीती रात पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के 5 कारोबारियों को धर दबोचा। मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह ने एक प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि शनिवार की रात उन्हें गुप्त सूचना मिली कि पिकअप संख्या जेएच 02 एआर 6716 एवं हुंडई आई 20 से ब्राउन सुगर की खरीद ब्रिकी करने के लिए बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र अन्तर्गत इलिजाबैथ स्कुल के पास मिशन ग्राउण्ड में आने वाले हैं। उक्त सूचना पर त्वरीत कार्रवाई करते हुये अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग अमित आनंद के नेतृत्व में आवश्यक कार्रवाई के लिए छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा उक्त स्थान पर पहुंच कर आसपास छुपाव स्थान में उपलब्ध बल को तैनात कर दिया गया कुछ समय के बाद हुंडई आई 20 आया एवं जिसके कुछ समय के बाद पिकअप वाहन आया और दोनों वाहन से 04-05 व्यक्ति आपस में कुछ लेन देन करके जाने लगे तभी पुर्व से तैनात पुलिस बल के द्वारा उन सभी को खदेड़ कर पकड लिया गया जिसके पास से तलाशी के क्रम में सभी के पास से अलग-अलग मात्रा में अवैध ब्राउन सुगर एवं नकद रूपया बरामद किया गया तथा अवैध ब्राउन सुगर को विधिवत जप्त किया गया।उक्त ऑपरेशन में 52.95 ग्राम ब्राउन सुगर, 3 मोबाइल फोन, 51 हजार 3 सौ रूपये, पिकअप वाहन और हुंडई आई 20 बरामद किया गया है। इस मामले में अंगलेश कुमार पिता-सुखदेव डांगी गिद्धौर चतरा,संदीप कुमार पिता-भुनेश्वर दांगी गिद्धौर चतरा, मो रिजवान पिता-स्व० मोईनुद्दीन सुभाष मार्ग हजारीबाग,इमरान खान उर्फ राजा पिता-सजरुद्दीन खान हबीबी नगर हजारीबाग और शाहील खान उर्फ आलिम पिता-मो शाहिद खान रहमत पेलावल, हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुअनि बिट्टु रजक ओपी प्रभारी, बड़ा बाजार, पुअनि राज बल्लभ थाना प्रभारी कटकमसांडी, पुअनि सुधिर कुमार बड़ा बाजार ओपी, सआनि उपेन्द्र सिंह बड़ा बाजार ओपी, आरक्षी 526 अजीत कुमार बड़ा बाजार ओपी

### साकची में हाइवा के धक्के से बाइक सवार दो लोगों की मौत




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर के साकची बस स्टैंड गोलचक्कर के पास तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी. घटना रविवार शाम की है. मृतकों की पहचान सोनारी न्यू ग्वाला बस्ती निवासी सूबेदार प्रसाद (52 वर्ष) व सोनारी के रोहित सोरेन (35 वर्ष) के रूप में हुई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा ने बाइक को पीछे से धक्का मार दिया चालक वाहन लेकर मरीन ड्राइव की ओर भाग निकला. सूचना मिलते ही साकची थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एमजीएम अस्पताल ले गयी, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को एमजीएम अस्पताल के शीतगृह में रखवा दिया है.

नेचुरल जल प्लांट का उपायुक्त ने किया उद्घाटन,कहा

## स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह**

गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ में सोमवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने नेचुरल जल प्लांट का विधिवत फीता काटकर व स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने प्लांट में लगे मशीनों का निरीक्षण किया और उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के नेचुरल जल प्लांट की स्थापना उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इससे न सिर्फ संस्थापक को आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। साथ ही राज्य सरकार की रोजगार सृजन योजना समेत विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने और उनका लाभ उठाने की अपील की। उद्घाटन समारोह में शामिल अतिथियों को स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया आदिवासी युवतियों द्वारा आदिवासी संस्कृति में अतिथियों का स्वागत किया गया। प्लांट के संचालक विनोद मंडल ने बताया कि इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में पानी की समस्या और बेरोजगारी को देखते हुए इस प्लांट की स्थापना की गई है, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल के साथ-साथ रोजगार भी उपलब्ध हो सके। मौके पर उपस्थित प्रमुख राजकुमार पाठक, बीडीओ निसात अंजुम, सीओ मो. हुसैन, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, भाजपा नेता दिलीप वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक, अरुण हाजरा, बबली मरांडी, मुखिया अमृतलाल पाठक, अकबर अंसारी,राजकुमार तुरी, अशोक मंडल, मो अजहर ,श्याम पाठक, मो. मुख्तार, अभिषेक पाठक, चिंतामणि सिंह, पुनम देवी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

परसनिया महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का भव्य समापन

# भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता। जमुआ**



जमुआ प्रखण्ड के धर्मपुर पंचायत अंतर्गत पाराखारो में पांच दिनों से चल रहे परसनिया महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का भव्य समापन हो गया जिसमें वृहद भण्डारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। 5 से 9 मई तो आयोजित यज्ञ को वाराणसी के आचार्य रविशंकर पाण्डेय और उनकी टीम के अलावे रांची से विशेष आमंत्रित आचार्य दिलीप मिश्र द्वारा पूर्ण वैदिक विधि से कराया गया जबकि वृंदावन धाम से पधारे आचार्य अलकेश शरण पाराशर द्वारा शिव महापुराण कथा का प्रवचन किया गया। वहीं आचार्य भागवत पाठक पूरे यज्ञ में बतौर संरक्षक उपस्थित रहे। भजन संध्या में वृंदावन के कलाकारों के साथ साथ किशोरी भूषण ने अपने सुमधुर स्वरों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा के अंतिम दिन शिव पार्वती विवाह की मनमोहक झाँकी प्रस्तुत की गई जिसमें शिव का रूप परी पाठक, पार्वती का रूप अन्वेषा कृति और रुद्र गण के रूप में अंश पाठक, आसी, मौसम, राधिका, आस्था, नुकृति इत्यादि ने भूमिका निभाई। यज्ञ में बसखारो, पाराखारो, चितरडीह, नावाडीह समेत दर्जनों गांव के हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कलश यात्रा और नगर भ्रमण में भी लोगो की अप्रत्याशित भीड़ रही। अयोजन को लेकर पंकज प्रियम ने बताया कि सैकड़ो वर्ष पुराने परसनिया महादेव मंदिर के ध्वस्त होने के बाद पिछले 10-12 वर्षो से नये मंदिर का निर्माण किया जा रहा था। मन्दिर बनने के बाद इसी साल जनवरी में को प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की तिथि घोषित होने के बाद सभी ग्रामवासी तैयारियों में जुटे थे। यज्ञ में बतौर यजमान के रूप में गणपति पाठक, पंकज भूषण पाठक, रंजीत कुमार मिश्रा, शिवशंकर पाठक, चन्द्रशेखर पाठक, रंजीत वर्मा, रंजीत कुशवाहा नारायण वर्मा और अर्जुन वर्मा बैठे। वही यज्ञ को सफल बनाने में गिरिधारी वर्मा, चिंतामणि वर्मा, गणेश वर्मा, बालेश्वर वर्मा, महेश वर्मा, सुखदेव वर्मा, रोहित पाठक, विवेक पाठक सहित समस्त ग्रामीणों ने सहयोग किया। धर्मपुर के मुखिया लोकनाथ हाजरा ने कथावाचक का माला पहनाकर सम्मान किया।

## चांडिल स्टेशन यार्ड में हाइवा की चपेट में आकर कर्मी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**

चांडिल रेलवे स्टेशन यार्ड में सोमवार को हाइवा की चपेट में आकर आधुनिक पावर प्लांट के एक कर्मी की मौत हो गई. बताया गया कि कर्मी रंजीत सिंह स्टेशन यार्ड में रैक से कोयला ले जाने वाले वाहनों का नंबर रजिस्टर पर लिखता था. वह मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले के हलोई थाना क्षेत्र के पंचमिंडा का रहने वाला था. स्टेशन रेलवे यार्ड में काम करने के दौरान उसके शरीर के उपर से वाहन पार हो गया, जिसके कारण उसके सिर व सीना में गंभीर चोट लगी. मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मकलते ही नीमडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली. पुलिस ने रंजीत सिंह को तत्काल अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. रंजीत सिंह के घर में पत्नी और दो बच्चे हैं. दुर्घटना की जानकारी मृतक के स्वजन को दे दी गई है. नीमडीह थाना प्रभारी एकके तिवारी ने बताया कि पुलिस स्टेशन क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की भी जांच कर रही है. यार्ड में जाने के दौरान किसी हाइवा ने उसे अपनी चपेट में लिया होगा. पुलिस हाइवा का पता लगा रही है.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रत्येक वस्तु का अपना स्थान होता है, परंतु जब आप अपने सच्चे सुख की उपेक्षा कर समय गंवाते हैं तो यह अच्छा नहीं। मैंने प्रत्येक अनावश्यक कार्य को छोड़ दिया ताकि मैं ध्यान करके ईश्वर को जान सकूँ, ताकि मैं दिन और रात उनके दिव्य चैतन्य में मग्न रह सकूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# लड़ाई नहीं युद्धविराम व राजनीति

पर्यटकों पर किए गए आतंकवादी हमले के जवाब में एक प्रभावी और निवारक प्रतिक्रिया जरूरी थी। सवाल यह था कि आखिर यह प्रतिक्रिया किस स्तर की होनी चाहिए? पूरे देश की ओर से 'बदला' और बड़े पैमाने पर प्रतिशोध का आह्वान किया गया। बहुत कम ही लोगों को इस बात का अहसास हुआ कि पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भारत और पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं हो सकता। रूस-यूक्रेन युद्ध के शुरुआती दिनों में प्रधानमंत्री मोदी ने हस्तक्षेप करते हुए 16 सितंबर, 2022 को रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था, "यह युद्ध का युग नहीं है"। इन शब्दों ने जहां प्रधानमंत्री मोदी को पूरे विश्व में सराहना दिलाई, वहीं, भारत में उन्हें एक राजनेता और शांति कायम करने वाले नेता के रूप में प्रशंसा दिलाई। दुनिया के कई देशों ने पीएम की बातों को याद करते हुए निजी तौर पर भारत को सलाह भी दी। युद्ध शुरू न करने के और भी कारण थे :- पहला, रूस-यूक्रेन संघर्ष या इस्राइल-हमास संघर्ष के विपरीत, भारत-पाकिस्तान टकराव में खास बात यह थी कि दोनों पक्ष परमाणु शक्ति संपन्न थे। दूसरा, दुनिया युद्ध के प्रति असहिष्णु हो गई है। वर्तमान में चल रहे दो बड़े युद्धों में अब तक यूक्रेन में 13,000 और गाजा में 50,000 लोगों की जानें जा चुकी हैं। इसके अलावा रूस और इस्राइल में भी सैकड़ों लोग मारे गए हैं। ऐसे में दो परमाणु शक्तियों के बीच एक और बड़ा युद्ध विश्व की स्थिरता और अर्थव्यवस्था को विनाश के कगार पर ले आता। प्रधानमंत्री मोदी ने इन बाधाओं को महसूस करते हुए बुद्धिमानी से चुनिंदा लक्ष्यों तक सीमित और संतुलित सैन्य प्रतिक्रिया को चुना। मंगलवार, 7 मई 2025 को भारतीय सेना ने नौ लक्ष्यों जिनमें पाकिस्तान में 4 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 5 मिसाइल और ड्रोन दागे तथा आतंकवादी ठिकानों के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। यह पैमाने और समय दोनों के लिहाज से जानबूझकर किया गया सीमित अभियान था और इसने अपने उद्देश्य में सफलता भी हासिल की। यह आतंकवाद से पीड़ित एक देश की वैध प्रतिक्रिया थी। भारत ने जवाबी कार्रवाई में नागरिक बस्तियों या संपत्तियों को निशाना नहीं बनाया और न ही इसका लक्ष्य पाकिस्तान का सैन्य ढांचा था। यह तो माना ही जा रहा था कि पाकिस्तान इस पर प्रतिक्रिया देगा, सो पाकिस्तान ने सेना के जनरलों और आईएसआई के प्रभाव में आकर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार गोलीबारी की। अगर पाकिस्तान ने बड़े पैमाने पर युद्ध शुरू कर दिया होता, तो उसे ओआईसी समेत कई देशों का कोपभाजन बनना पड़ता। हालांकि, यह मान लेना बेवकूफी होगी कि पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आने वाले दिनों में और भी आक्रामक तरीके से जवाबी कार्रवाई नहीं करेंगे। इसके अलावा, यह मान लेना भी गलत होगा कि 7 मई को आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमले के बाद तीनों संगठन - द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), लश्कर-ए-तोयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) खत्म हो गए। उनका नेतृत्व अभी भी बरकरार है और पहले भी उन्होंने यह दिखाया है कि वे मारे गए नेताओं के स्थान पर नए नेताओं को सामने लाने में सक्षम हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पाकिस्तान में ऐसे युवा भी हैं, जो भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भर्ती होने, प्रशिक्षित होने और प्रेरित होने के लिए तैयार हैं, जिसमें आत्मघाती बनना तक शामिल है।

*बहुत कम ही लोगों को इस बात का अहसास हुआ कि पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भारत और पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं हो सकता।*

# वो विदेशी पायलट, जो अपना सब कुछ भारत को देना चाहता है !



सत्य सदैव सत्य ही रहता है। वह बदलता नहीं। इसी तरह से जो असत्य या झूठ है, उसे आप कितना भी ढांकने की कोशिश करें, वह एक न एक दिन अवश्य सामने आता ही है। सत्य का अर्थ ही है 'सते हितम' यानि सभी का कल्याण। इसलिए भारत दुनिया का अकेला ऐसा देश है, जहां सबसे पहले "सर्वे भवन्तु सुखिनः" अर्थात सभी सुखी रहें की मंगलकामना की गई। यही कारण है कि आज पाकिस्तान जैसे आतंकवाद को प्रश्रय देनेवाले देशों का झूठ दुनिया जान रही है और भारत को अपना भरपूर समर्थन दे रही है। इन्ही समर्थन देनेवालों में एक नाम सामने आया है अमेरिकी वायुसेना के पूर्व पायलट डेल स्टार्क का। उन्होंने गत दिवस एक पोस्ट में कहा, अगर 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता है, तो वह अपना सारा पैसा भारतीयों पर लगा देंगे। जैसा कि सभी को पता है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ स्थानों पर जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तोएबा (एलईटी) से जुड़े आतंकी शिविरों पर सटीक हमले किए हैं और उसके बाद से लगातार भारत-पाकिस्तान को ईंट का जवाब अपने आग्नेयास्त्र रूपी पत्थरों से दे रहा है। जब शांतिवार्ता की बात करके पाकिस्तान अपने कहे से मुकरा तब भी उसे उसी कठोर भाषा में जवाब दिया गया जैसा कि एक प्रभावी और संप्रभू देश को देना चाहिए। ऐसे में स्टार्क, जिन्होंने 2000 के दशक में अफगानिस्तान में भी सेवा की है, वह जब यह लिखते हैं कि जैसा कि उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने एक पोस्ट में लिखा, " मैंने अपने करियर के दौरान भारतीय और पाकिस्तानी दोनों ही लड़ाकू पायलटों के साथ उड़ान भरी है। मैं बस इतना ही कहूंगा कि अगर यह सिलसिला जारी रहा तो मैं भारतीयों के पक्ष में ही रहूंगा।" आखिर उनकी कही, इस बात के मायने क्या हैं? इसके मायने हैं कि भारत को लेकर वैश्विक छवि बहुत साफ-सुथरी है। भारत की जो वैश्विक छवि सामने से उभरती है, वह यही है कि भारत कभी किसी के साथ गलत नहीं करता। वह सदैव न्याय और सत्य के मार्ग पर सतत चल रहा है। उल्लेखनीय है कि इस अमेरिकी वायुसेना के पूर्व पायलट डेल स्टार्क का पूरा जीवन अपने देश की सेवा में गुजरा है। स्वाभाविक तौर पर उसे अनेक सैन्य और सेवा मिशन में सहभागी बनने का अवसर भी मिला, जिन्हें समय-समय पर अमेरिका ने दुनिया भर में चलाया। जैसा कि ईरान, अफगानिस्तान, अफ्रकिा, सीरिया एवं अन्य देश। इन सभी में रहते हुए, आते-जाते तत्कालीन समय के दौरान दुनिया भर के लोगों एवं विशेषज्ञों से इनका मिलना हुआ। उनमें भारतीय भी रहे। इसी प्रकार से डेल स्टार्क अमेरिका में रहनेवाले भारतीयों को भी लम्बे समय से देख रहे हैं। उनके बारे में जो आंकड़े बीच-बीच में आते हैं, उनका भी वे अध्ययन करते ही हैं। जैसा कि एक आंकड़ा यह है, हालांकि यह पिछले साल का है, जिसमें बताया गया कि अमेरिका में भारतीय समुदाय की आबादी अमेरिकी जनसंख्या का केवल 1.5 प्रतिशत हैं, फिर भी उसका अमेरिकी समाज के विभिन्न पहलुओं पर बड़ा और सकारात्मक प्रभाव जारी है। भारतीय अमेरिकी समुदाय की ओर से संचालित नवाचार (इनोवेशन) देश की अर्थव्यवस्था की निचली पंक्ति तक पहुंच रहा है और यह आर्थिक विकास के अगले चरण के लिए आधार तैयार कर रहा है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट 'इंडियास्पोरा इम्पैक्ट रिपोर्ट- स्मॉल कम्युनिटी एंड बिग कंट्रीब्यूशंस' भारतीय प्रवासियों के प्रभाव पर गहरा प्रकाश डालती है। जिसमें कि अमेरिका में सार्वजनिक सेवा, व्यवसाय, संस्कृति और नवाचार पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारतीय मूल के सीईओ 16 फॉर्च्यून, 500 कंपनियों के प्रमुख हैं। ये लीडर्स सामूहिक रूप से 2.7 मिलियन अमेरिकियों को रोजगार देते हैं और लगभग एक ट्रिलियन राजस्व उत्पन्न करते हैं।

आज की बात



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारतीय-अमेरिकियों की स्टार्टअप जगत में महत्वपूर्ण उपस्थिति यहां साफ तौर पर दिखाई दे रही है, जिसमें कि 648 अमेरिकी यूनिकॉर्न में से 72 के सह-संस्थापक कोई न कोई भारतीय हैं। कैम्ब्रिज मोबाइल टेलीमैटिक्स और सोल्यूजेन जैसी ये कंपनियां 55,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार देती हैं और इनकी कीमत 195 बिलियन अमरीकी डॉलर है। पेशे में यहां भारतीय अप्रत्यक्ष रूप से 11-12 मिलियन अमेरिकी नौकरियों का सृजन करते हैं। रिपलिंग और लेसवर्क जैसे स्टार्टअप तकनीक और सीरियल उद्यमियों की अनेक सफल कहानियां हैं, जिन्होंने दुनिया भर में अपने लिए एक विशेष जगह बनाई है। एक अन्य उदाहरण कैम्ब्रिज मोबाइल टेलीमैटिक्स है, जो एक कंपनी है जो अमेरिकी सड़कों पर ड्राइवरों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लाखों उपकरणों से डेटा एकत्र करने के लिए एआई का उपयोग करती है। इनोवेसर एक सिलिकॉन वैली स्टार्टअप है जो विश्लेषणात्मक तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा डेटा का लाभ उठा रहा है और अमेरिका को स्वास्थ्य सेवा लागत में एक बिलियन डॉलर से अधिक की बचत करने में मदद कर रहा है।

दूसरी ओर भारतीय अमेरिकियों के पास अमेरिका के सभी होटलों में से लगभग 60 प्रतिशत का स्वामित्व है, जो आतिथ्य उद्योग पर उनके गहन प्रभाव का प्रमाण है। लगभग 60 प्रतिशत अमेरिकी होटल भारतीय प्रवासियों के स्वामित्व में हैं, जो आतिथ्य राजस्व में $700 बिलियन कमाते हैं और चार मिलियन नौकरियां पैदा करते हैं। इतना ही नहीं यहां रह रहे भारतीय अमेरिका के सभी आयकरों का लगभग 5-6 प्रतिशत (यानी, 250 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 300 बिलियन अमरीकी डॉलर) का भुगतान करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में देखें तो अमेरिकी विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय छात्रों में से 25 प्रतिशत भारतीय हैं। भारतीय मूल के लगभग 22,000 फैकल्टी मेंबर अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ा रहे हैं, जो सभी फुलटाइम फैकल्टी का लगभग 2.6 प्रतिशत है। इस तरह भारत प्रतिभा के शुद्ध निर्यातक के रूप में उभरा है। यहां देखा यह जा रहा है कि आज जो अमेरिका में रिसर्च, इनोवेशन और शिक्षा जगत है, उसमें भारतीय प्रवासियों के योगदान के कारण ही सबसे अधिक प्रगति हुई है, जिसे स्वयं अमेरिकन सरकार खुलकर स्वीकार करती है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि योग दुनिया भर में आज स्वास्थ्य भूमिका के रूप में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जिसमें कि अमेरिका कोई अपवाद नहीं है। यहां 2025 में हर 10 में से दो अमेरिकी नागरिक योग का अभ्यास करते आपको मिल जाते हैं। इतना ही नहीं चाहे यहां की पिछली सरकारें रही हों या वर्तमान डोनाल्ड ट्रंप की सरकार हो, इसमें भारतीय अमेरिकी सीनेटर, प्रतिनिधि और मेयर के रूप में अपनी सत्ता में और राजनीति के माध्यम से समाज सेवा में आज महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और लोकतांत्रिक क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। पिछले दशक में ज्यादा से ज्यादा भारतीय अमेरिकी इसमें शामिल हो रहे हैं। इसी प्रकार की अनेक कहानियां आज यहां सफलता के प्रतिमान गढ़ रही हैं। वास्तव में यह सभी कुछ इन अमेरिकी वायुसेना के पूर्व पायलट डेल स्टार्क जैसे अनेकों लोगों के सामने है, जिसमें साफ दिखाई देता है कि एक भारतीय उनके देश के विकास में अपना कितना बड़ा योगदान देता है। फिर उनके सेवा में रहते हुए जो अनुभव रहे हैं, वे उन्हें उनकी अंतरात्मा से इतना अधिक उत्साहित और प्रेरित करते हैं कि वह (भारत-पाकिस्तान) दो देशों के बीच चल रहे संघर्ष में भारत का साथ देने और उसको अपना सब कुछ दे देने के लिए तैयार हैं। वास्तव में यही भारतीयों की और भारत की विश्वव्यापी ताकत है। कहना होगा कि डेल स्टार्क ऐसा कहने वाले आज अकेले नहीं हैं। भारत और पाकिस्तान के तनाव के बीच अमेरिकी पत्रकार और वॉल स्ट्रीट जर्नल की पूर्व रिपोर्टर आसरा नोमानी भी हैं, जिनके दोस्त पत्रकार डैनियल पर्ल का अपहरण और हत्या बहावलपुर में की थी। जिन आतंकियों ने उनके दोस्त को मारा था, भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' में उस समय के कई आतंकी मारे गए हैं। इसी प्रकार से उनके जैसे विश्व भर में अनेकों लोग हैं, जिनका जन्म भारत में नहीं हुआ, वे किसी भारतीय परिवार से नहीं, किंतु फिर भी वे मानवता के हित में भारत के समर्थन में आज खुलकर सामने आए हैं और अनेक ऐसे भी हैं जोकि अपना सब कुछ दे देना चाहते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# जीवन की सरलता में छिपा हुआ सबसे बड़ा आदर्श

आज का समाज एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां हर तरफ से आवाजें आ रही हैं -कोई सफलता के शॉर्टकट बता रहा है, कोई दिखावे की चमक में जीवन का सच छुपा रहा है, और कोई यह सिखा रहा है कि "थोड़ा सा गलत तो सब करते हैं।" लेकिन क्या यही सच है? क्या यही है हमारे जीवन का उद्देश्य? हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं जहां ईमानदारी को कमजोरी समझा जाने लगा है और चालाकी को सफलता की कुंजी। लोग थोड़े से फायदे के लिए किसी का सम्मान कुचलने में भी नहीं झिझकते। कहीं पद पाने की लालसा है, तो कहीं संपत्ति जोड़ने की होड़। ऐसा क्या हुआ इन कुछ वर्षों में, जो इंसान इतना बदल गया? कभी-कभी तो हम यह कहकर खुद को तसल्ली देते हैं कि – "हम अपने परिवार के लिए कर रहे हैं। उन्हें अच्छा जीवन देना चाहते हैं।" लेकिन सोचिए, क्या वाकई वह अच्छा जीवन है जिसे हमने किसी और की आँखों में आँसू देकर, किसी का हक छीनकर, या झूठ बोलकर पाया हो?

क्या हम सादगी भरा, मगर सच्चा जीवन नहीं जी सकते? ईमानदारी कोई साधारण गुण नहीं, यह मनुष्य की आत्मा की गहराई से निकलने वाला साहस है। यह वह बीज है जो यदि बचपन से बोया जाए, तो एक चरित्रवान समाज का वृक्ष बनता है। मगर अफ़सोस, आज यह बीज सुखने लगा है, क्योंकि हर पीढ़ी अगली को सिर्फ 'जुगाड़' और 'लाभ' की भाषा सिखा रही है। बच्चे वही सीखते हैं जो हम करते हैं, न कि जो हम उन्हें कहते हैं। जब बच्चा देखता है कि उसके माता-पिता ट्रैफिक नियम तोड़कर "कोई देख नहीं रहा" कहते हैं, या झूठी जानकारी देकर लाभ लेते हैं, तो वह सीखता है – गलत करना चलता है, बस पकड़े मत जाओ। आज हम 'आदर्श' उन्हें मानते हैं जो दिखावटी तौर पर सफल हैं – बड़े घर, बड़ी गाड़ी, बड़ी पहचान। मगर क्या हमने कभी यह देखा कि उन्होंने वह पहचान कैसे पाई? क्या सिर्फ बड़ा दिखना ही बड़ा होना होता है? आदर्श का मतलब यह नहीं कि जो नेता या अमीर कर रहे हैं वही करें। आदर्श वह होता है जो हमारे अंतःकरण को शांति दे, हमारी आत्मा को मजबूत करे, और हमारे बच्चों को इंसान बनाए। हमें यह चक्र तोड़ना होगा। हमें फिर से ईमानदारी को जीवन का आधार बनाना होगा। छोटे-छोटे फैसलों में, दैनिक व्यवहार में, और विचारों में ईमानदारी को चुनना होगा। क्योंकि अगर यह आदत हमारी नहीं बनती, तो यह कमजोरी हमारी अगली पीढ़ी की बन जाएगी। ईमानदारी एक चोटी नहीं, एक नींव है। और सत्य ही अंतिम सच्चाई है।

आपकी बात



**वीणा देवांगन**
(अभियंता)

(veenavlogs@gmail.com)

# वक्त की चाल में छूटते रिश्ते : क्या हम सच में जी रहे हैं?

तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में ठहरिए - कहीं वो हँसी पीछे न छूट जाए

ज़िंदगी एक अनघट कविता है, जिसमें हर पंक्ति छोटे-छोटे पलों से बनी होती है। ये पल, जो उस वक्त साधारण लगते हैं, वही समय के साथ हमारी आत्मा का सबसे अनमोल खज़ाना बन जाते हैं। बचपन में माँ की उँगलियों का हल्का-सा स्पर्श, जो हमें सड़क पार कराते वक्त सुरक्षा का एहसास देता था। पिता की थकी आँखों में छिपी वह मुस्कान, जो हमारी छोटी-सी उपलब्धि पर चमक उठती थी। दादी की झुर्रियों भरी हथेली, जो हमारे सिर पर फेरते वक्त कहानियों का संसार बुनती थी। उस वक्त ये क्षण रोज़मर्रा के हिस्से थे, पर आज ये स्मृतियों के अनमोल रत्न हैं। ये छोटे पल ही हैं, जो ज़िंदगी को अर्थ देते हैं, जो हमें सिखाते हैं कि सच्ची खुशी बड़ी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि इन नन्हे लम्हों की गर्माहट में बसती है। आज का दौर रफ्तार का दौर है। हम सब एक ऐसी दौड़ में शामिल हैं, जहाँ मंज़िलें बदलती रहती हैं, लेकिन रास्ते का आनंद कहीं खो जाता है। करियर की ऊँचाइयाँ, सपनों का पीछा, समाज में पहचान — ये सब हमें इस कदर उलझा लेते हैं कि हम वर्तमान को भूल जाते हैं। हम उस चाय की चुस्की को भूल जाते हैं, जिसमें माँ ने हमारे लिए प्यार से अदरक डाला था। उस दोस्त की हँसी को भूल जाते हैं, जिसके साथ रात भर बेपरवाह बातें होती थीं। उस बच्चे की बेतकल्लुफ़ गले लगाने की आदत को नज़रअंदाज़ कर देते हैं, जो बिना शर्त प्यार का इज़हार है। और जब ये पल हमसे दूर चले जाते हैं, तब हमें अहसास होता है कि असल में हमने कितना कुछ खो दिया।

ज़िंदगी का सबसे बड़ा सच यही है कि समय किसी का इंतज़ार नहीं करता। वह एक नदी है, जो लगातार बहती रहती है, और हमारी लापरवाही में उसके किनारे के फूलों को छूने का मौका छूट जाता है। हम सोचते हैं कि कल वक्त निकाल लेंगे। कल उस दोस्त को फ़ोन करेंगे, जिसकी आवाज़ सालों से नहीं सुनी। कल दादाजी के साथ बैठकर उनकी पुरानी बातें सुनेंगे। कल बच्चों के साथ बिना वजह हँसेंगे। लेकिन यह 'कल' एक मृगतृष्णा है। जब वह आता है, तब तक बहुत कुछ बदल चुका होता है। वो लोग, वो पल, वो एहसास — सब किसी और समय के हिस्से बन चुके होते हैं। और हम रह जाते हैं सिर्फ़ एक सवाल के साथ — काश, उस दिन पाँच मिनट और रुक गए होते।

इन छोटे पलों में ही ज़िंदगी का असली जादू छिपा है। जब बारिश की बूँदें अचानक चेहरे पर गिरती हैं और हम बेवजह मुस्कुरा उठते हैं। जब कोई बिना कहे हमारे लिए कॉफी बना देता है, क्योंकि उसे हमारी पसंद याद है। जब बच्चा अपनी छोटी-सी ड्राइंग दिखाने दौड़कर आता है, और उसकी आँखों में चमक देखकर हमारा दिल भर आता है। ये पल साधारण नहीं, ये वो अनमोल मोती हैं, जो हमारी यादों की माला को सजाते हैं। ये वो रंग हैं, जो हमारी ज़िंदगी के कैनवास को जीवंत बनाते हैं। इन्हें अनदेखा करना, ज़िंदगी के सबसे ख़ूबसूरत हिस्से को खो देना है। डिजिटल युग ने हमें स्क्रीन से बाँध दिया है। हमारी आँखें फ़ोन की चमक में खोई रहती हैं, लेकिन अपनों की आँखों में झाँकना भूल जाती हैं। हम हज़ारों मील दूर बैठे अनजान लोगों से जुड़े रहते हैं, लेकिन पास बैठे अपने लोगों की बातें सुनना भूल जाते हैं। हमें फिर से सीखना होगा कि वास्तविक दुनिया की ख़ुशियाँ स्क्रीन पर नहीं, बल्कि उन चेहरों में हैं, जो हमें बिना शर्त प्यार करते हैं। हमें फिर से महसूस करना होगा कि एक छोटी-सी बातचीत, एक हल्की-सी हँसी, एक साथ बिताया गया पल — ये सब ज़िंदगी के सबसे बड़े उपहार हैं। छोटे पल छोटे नहीं होते। वे वो बीज हैं, जो रिश्तों के वृक्ष को सींचते हैं। एक साथ खाया गया खाना, जिसमें माँ ने थोड़ा ज़्यादा नमक डाल दिया और हम सब हँस पड़े। एक पुरानी फ़ोटो, जिसे देखकर बचपन की शरारतें याद आ गईं। एक दोस्त का वह मज़ाक, जो सालों बाद भी हँसी छुड़ा देता है। ये सब वो धागे हैं, जो हमारे जीवन की चादर को रंगीन और मज़बूत बनाते हैं। इन पलों को जीना, इन्हें संजोना, यही ज़िंदगी को पूर्णता देता है। समय की सबसे बड़ी ख़ूबसूरती और क्रूरता यही है कि वह कभी रुकता नहीं। वह हमें मौके देता है, लेकिन उन्हें पकड़ने की ज़िम्मेदारी हमारी है। इसलिए, आज की रफ्तार को थाम लीजिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

गीदड़ आया आज फिर, पहन शेर की खाल।
हुआ मुकाबिल शेर अब, खींच रहा है खाल।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# आखिरकार अमेरिकी मीडिया क्यों अलाप रहा राफेल विरोधी राग

भारत और पाकिस्तान के बीच फिलहाल शांति है। युद्ध में हार और जीत के आकलन के बीच कुछ कहानियां राफेल की भी सुनवाई जा रही हैं। खासकर फ्रांस से प्राप्त राफेल जेट को लेकर अमेरिकी मीडिया में बहुत सारी बातें बिना सिर-पैर की हो रही हैं। पाकिस्तान ने 7 मई को यह दावा किया था कि उसने तीन राफेल समेत भारत के पांच जंगी जहाजों को गिरा दिया। पाकिस्तान अपने इन दावों के लेकर खुद ही हंसी का पात्र बना, उसके रक्षा मंत्री से एक विदेशी मीडिया ने जब पूछा कि सबूत क्या है, तो उन्होंने जवाब दिया कि सोशल मीडिया में सब चल रहा है। यही नहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपनी पार्लियामेंट में यहां तक कह दिया कि पाकिस्तान चाहता तो 12 भारतीय जेट गिरा सकता था, मेहरबानी कर के पांच ही गिराया। जिस देश के हुक्मरान इतने नादान और मूर्ख हों, उस देश का भविष्य क्या हो सकता है। अब यही मूर्खता विदेशी मीडिया के कुछ अन्य प्लेटफार्म से भी हो रही है। द वाशिंगटन पोस्ट, द न्यूयॉर्क टाइम्स और सीएनएन चैनल जैसे बड़े मीडिया हाउस पाकिस्तान के भोपू बने हैं। वह कुछ मनगढ़ंत खबरों के जरिए अमेरिकी हित साधने की कोशिश कर रहे हैं। विश्लेषण की जरूरत है। कहीं यह अमेरिकी हथियार के सौदागरों के एजेंट तो नहीं बन रहे हैं। सीएनएन ने राफेल के गिरने की खबर पाकिस्तानी रक्षा सूत्रों से चला दी, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया है, जिनमें तीन राफेल जेट, एक मिग-29 और एक सुखोई 30 फाइटर जेट शामिल हैं। अपनी खबर को पुष्ट दिखाने के लिए सीएनएन ने एक कथित अनजान फ्रांसीसी खुफिया अधिकारी का हवाला भी दे दिया, जिसने कथित रूप से यह स्वीकार किया कि भारतीय वायु सेना को दिए गए राफेल लड़ाकू विमानों में से एक को पाकिस्तान ने मार गिराया है। रॉयटर्स ने भी दो अनजाने अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए यह खबर चला दी कि चीन निर्मित पाकिस्तानी लड़ाकू विमान ने कम से कम दो भारतीय सैन्य विमानों को मार गिराया। इस मामले में न्यूयॉर्क टाइम्स भी पीछे नहीं रहा। इस अमेरिकी मीडिया ने भी वही अज्ञात स्रोत का सहारा लिया और खबर चला दी कि भारत ने कम से कम दो विमान खो दिए हैं। बस उसने राफेल का नाम नहीं लिया। वाशिंगटन पोस्ट ने तो एक फ्रांसीसी विशेषज्ञ का भी हवाला दे दिया है, जो बकौल अखबार के यह स्वीकार करता है कि भारत ने मिराज-2000 और राफेल विमान खो दिए हैं। मालूम हो कि राफेल और मिराज दोनों दोनों फ्रांसीसी हैं। अमेरिकी मीडिया के इस रुख पर सवाल उठाना लाजिमी है कि जब अभी तक पाकिस्तान ने जहाज गिराए जाने के कोई ठोस सबूत नहीं दिए हैं और ना भारत ने इस संबंध में कोई पुष्टि की है। फिर अमेरिकी मीडिया अज्ञात स्रोतों का हवाला देकर इतनी बड़ी खबर क्यों चला रहा है। क्या उनके उद्देश्य कुछ और हैं? कहीं यह अमेरिकी लड़ाकू विमानों की मार्केटिंग का फंडा तो नहीं है। यह सबको खबर है कि भारत समेत कई देश इस समय लड़ाकू विमानों की खरीदारी के लिए इच्छुक हैं। दुनिया एयरोस्पेस बाजार बहुत बड़ा है और अरबों खरबों डॉलर के सौदे होने हैं। चूंकि अमेरिका भी लड़ाकू विमानों का सौदागर है और वह अपने एफ-35 जेट के लिए कई देशों में लामबंदी कर रहा है। इसलिए उसके लिए सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी फ्रांसीसी राफेल ही है। राफेल के खिलाफ खबरें उसी कंपटीशन का हिस्सा हो सकती हैं। भारत राफेल के लिए सौदे कर चुका है। भारतीय वायुसेना को कुल 114 लड़ाकू विमान खरीदने हैं। अभी तक भारत 36 राफेल विमानों की डिलीवरी प्राप्त कर चुका है। बाकी विमान भारत को अभी और लेने हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल के गिरने की खबर चलाने के पीछे एक मकसद यही हो सकता है कि राफेल की छवि पर ही सवाल खड़ा कर दिया जाए और एफ-35 जैसे 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को प्रमोट किया जाए, ताकि इसकी मांग बढ़े। इसीलिए संभवतः अज्ञात स्रोतों पर आधारित खबरें चलाई और दिखाई जा रही हैं। केवल भारत ही नहीं कई यूरोपीय देश, कनाडा और जापान भी फाइटर जेट के सौदे करने वाले हैं। ये सभी अमेरिकी हथियारों के विकल्प ढूंढ रहे हैं। कुछ देशों ने तो विकल्प ढूंढ भी लिए हैं। जैसे पुर्तगाल और कनाडा एफ-35 लड़ाकू विमानों के सौदे से पीछे हटने पर विचार कर रहे हैं। नवनिर्वाचित कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अपनी पहली की पहली विदेश यात्रा ही फ्रांस जाकर की। ओटावा एफ-35 के बजाय फ्रांसीसी राफेल खरीदने पर विचार कर रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**विक्रम उपाध्याय**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रायपुर के पास सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मौत, कई घायल

**एजेंसी। रायपुर**



छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक भीषण सड़क दुर्घटना में 9 महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई। यह सड़क हादसा रायपुर-बलौदाबाजार राजमार्ग पर एक ट्रेलर और ट्रक के टकराने से हुआ। बताया जा रहा है कि खरोरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बंगोली गांव में यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक पारिवारिक समारोह से लोग लौट रहे थे। चटौद गांव के निवासी पुनीत साहू के रिश्तेदारों को लेकर एक ट्रेलर नीलकंठ साहू के निवास पर आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खरोरा के बानो गांव गया था। समारोह से लौटते समय, सारागांव के पास उनकी गाड़ी एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गई, जिससे एक भयानक दुर्घटना हुई जिसमें 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में नौ महिलाएं, दो लड़कियां, एक लड़का और एक छह महीने का बच्चा शामिल है। कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला कलेक्टर गौरव सिंह ने दुखद घटना की पुष्टि करते हुए कहा, "आधी रात के आसपास हमें सूचना मिली। तुरंत, पूरी प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और आस-पास के अस्पतालों को सूचित किया। 13 लोगों की मौत हो गई है, और लगभग 11-12 अन्य घायल हैं।

## सड़क हादसें में दो भाईयों की मौत

**जमुई।** बिहार के जमुई जिले में सोमवार को एक सड़क हादसा सामने आया है। यहां ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में दो भाइयों की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मामला जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत पाड़ो इलाके का है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह बाइक पर सवार तीन युवक किसी काम से जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी सीधी टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि सड़क हादसे में सौरव कुमार और गोलू यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रिंस कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही दोनों भाइयों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बीएसएफ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर देख बेटे इमरान की आंखें हुई नम



**मो.इमरान रजा**

पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ के जवान मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गए थे।

## मुझे पिता पर गर्व है

**पटना।** जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में क्रॉस बॉर्डर फायरिंग में देश की रक्षा करते हुए अपना बलिदान देने वाले बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर सोमवार को पटना लाया गया। यहां राजनीतिक हस्तियों के अलावा कई लोगों ने वीर जवान को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पटना हवाई अड्डे पर शहीद इम्तियाज का शव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। सभी लोग पाकिस्तान के नापाक इरादे की निंदा करते नजर आए। शहीद मोहम्मद इम्तियाज के पुत्र मोहम्मद इमरान रजा ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में बिलखते हुए कहा- मुझे अपने पिता पर गर्व है। मैं उन्हें सैल्यूट करता हूं। इस मौके पर उपस्थित मोहम्मद इम्तियाज के छोटे भाई ने कहा कि भारत सरकार को एक्शन लेना चाहिए। मेरे भाई शहीद हुए हैं, हमें पाकिस्तान को नक्शा से मिटा देना चाहिए। आतंकियों को मारने से कुछ नहीं होगा, नेस्तानाबूद कर देना चाहिए। पटना एयरपोर्ट पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रशासनिक अधिकारी और बीएसएफ के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## एयरपोर्ट पर दिलीप जायसवाल तेजस्वी ने दी श्रद्धांजलि



**पटना।** बिहार के छपरा जिले के बहादुर जवान मोहम्मद इम्तियाज का शव इंडिगो के विमान से पटना एयरपोर्ट पहुंचा। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर पटना पहुंचा, शोक की लहर दौड़ गई। इस मौके पर पटना एयरपोर्ट पर मंत्री श्रवण कुमार, नितिन नवीन, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मौजूद रहे और उन्होंने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

भारतीय सेना ने दिया अदम्य साहस का परिचय, बोले संबित पात्रा

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का अहम हिस्सा है 'ऑपरेशन सिंदूर'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को गर्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया है।

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, यह प्रेस कांफ्रेंस गर्व से भरा पल है। यह कोई साधारण प्रेस कांफ्रेंस नहीं है। मैं भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में बैठा हूं, मुझे लगता है कि मैं सिर्फ पार्टी प्रवक्ता या सांसद के तौर पर नहीं, बल्कि एक भारतीय के तौर पर बोल रहा हूं। पिछले कुछ दिनों में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को खत्म किया है, जो एक निर्णायक संदेश देता है। यह आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का एक अहम हिस्सा है और इस मौके पर मुझे संबोधित करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है।

संबित पात्रा ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा, भारत की सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया है। आज भाजपा और हम सभी कार्यकर्ता व पूरा भारत धन्यवाद करता है, भारत की सेना का, भारत की नेवी का, भारत की एयरफोर्स का और उन तमाम जांबाज सेनानियों का जिनके कारण 'ऑपरेशन सिंदूर' सफल हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकियों ने 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। तब पीएम नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि आतंकवाद के खिलाफ हमला होगा, हम पहलगाम के इस आतंकवादी हमले का बदला लेंगे और ये जो बदला



### 100 प्रतिशत सफल रहा ऑपरेशन

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी मुजस्सर उर्फ अबू जिंदाल मारा गया। इसके जनाजे में पाकिस्तान के आर्मी चीफ और आर्मी अधिकारी, पंजाब सीएम मरियम नवाज शामिल हुईं। इससे साबित होता है कि आतंकवाद और आतंक को बढ़ावा देने वाले एक साथ काम करते हैं। दूसरा जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी यूसुफ अजहर व हाफिज मुहम्मद जमील मारा गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' 100 प्रतिशत सफल रहा और जितने हमारे जांबाज पायलट राफेल के साथ गए थे, उतने लौटकर आए और आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आए।

# बालेश्वर में फटे सात से ज्यादा सिलेंडर




**एजेंसी। बालेश्वर**

ओडिशा के बालेश्वर जिले के मेरांटा पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले नौपालगाड़ी इलाके में सोमवार को एक घर में अवैध रूप से रखे गए गैस सिलेंडरों में विस्फोट होने से हड़कंप मच गया। विस्फोट इतनी तेज था कि घर पूरी तरह से नष्ट हो गया और आसपास के इलाके में भी सनसनी फैल गई। इस घटना में एक के बाद एक सात से अधिक सिलेंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे परिसर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जोरदार धमाकों की आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग के अनुसार, यह विस्फोट बैटरी से चलने वाले स्कूटर के चार्जर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से शुरू हुआ। आग तेजी से फैली और अवैध रूप से रखे गए सिलेंडरों में आग लग गई, जिससे भयानक विस्फोट हुआ। धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और लोग डर के मारे अपने घरों से बाहर भागे। अग्निशमन सेवा विभाग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पा लिया, जिससे और अधिक नुकसान होने से बच गया। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन घर पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो चुका है।

# हरिद्वार में हर की पैड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**एजेंसी। हरिद्वार**



उत्तराखंड के हरिद्वार में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर मां गंगा में श्रद्धा-आस्था की डुबकी लगाने को लाखों श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। ह र की पैड़ी स्थित पवित्र ब्रह्म कुंड सहित सभी प्रमुख घाटों विष्णु घाट, गऊघाट, सुभाष घाट,कुशावर्त घाट, हनुमान घाट आदि पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु स्नान करने पहुंचने लगे थे। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ-साथ मां गंगा का पूजन कर मंदिरों में दर्शन किए और दान पुण्य किया। घाटों पर भजन कीर्तन व अन्य धार्मिक आयोजनों से आध्यात्मिक वातावरण की छटा चारों ओर दिखाई दी। मान्यता है कि आज के दिन भगवान विष्णु मां गंगा में वास करते हैं। आज ही भगवान नारायण के अवतारों में से नवम अवतार बुद्धावतार का दिन है। वैशाख में शुक्ल पक्ष की पूर्णमासी के दिन भगवान बुद्ध इस धरती पर अवतरित हुए थे। आज ही उनको बुद्धत्व, यानी ज्ञान की प्राप्ति हुई और आज ही के दिन उनका शरीर पूर्ण हुआ। इस पवित्र अवसर का लाभ उठाने देश के कोने कोने से लोग आए हुए हैं। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह चाक-चौबंद था। बीती रात से ही ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया गया था। आला पुलिस अधिकारी सवेरे से ही हरि की पौड़ी और कंट्रोल रूम में मौजूद रहकर सभी व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे।

# लंदन में पली-बढ़ी बांग्लादेशी मुसलमान महिला ने अपनाया हिन्दू धर्म




**एजेंसी। वाराणसी**

लंदन में पली-बढ़ी बांग्लादेशी मूल की एक मुस्लिम महिला अंबिया बानो ने सोमवार को धर्म नगरी काशी में मां गंगा के किनारे विविध धार्मिक अनुष्ठान के बीच हिन्दू धर्म को अपना लिया। अंबिया बानो को नया नाम अंबिया माला रखा गया है। अंबिया ने सनातन धर्म में आस्था दिखाते हुए अपने गर्भ में मारी गई बेटी के मुक्ति के लिए विधिवत पिंडदान भी किया। भारत पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए महिला के इस कार्य को सोशल मीडिया में भी खूब सराहना मिल रही है। दशाश्वमेधघाट पर पिं डदान काशी के प्रख्यात पुरोहितों के सानिध्य में पांच वैदिक ब्राह्मणों ने सम्पन्न कराया। पिंडदान का कर्मकांड आरंभ होने से पहले सामाजिक संस्था आग मन संस्थापक सचिव डॉ. संतोष ओझा ने गंगा स्नान कराकर सनातन धर्म को स्वीकारने का आह्वान किया। पंचगव्य ग्रहण करा उनकी आत्मशुद्धि कराई। सनातनी बनने के बाद उनका नाम अं बिया बानो से अंबिया माला रखा। अं बिया ने पेट में मारी गई अपनी बेटी की मोक्ष के कामना से वैशाख पूर्णिमा को अपराह्न काल में शांति पाठ भी कराई। श्रा द्ध कर्म की शुरुआत आचार्य

## न्यूज बॉक्स

### नेपाल सीमा से सटे जिलों में 350 से अधिक 'अवैध धार्मिक स्थलों' पर हुई कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने नेपाल सीमा से सटे जिलों में सरकारी व निजी भूमि पर 'अवैध' धार्मिक स्थलों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू करते हुए पिछले कुछ दिनों में सैकड़ों मदरसों, मस्जिदों, मजारों और ईदगाह को चिह्नित कर उन्हें सील करने और ढहाने की कार्रवाई की है। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवैध कब्जों और बिना मान्यता के संचालित किये जा रहे धार्मिक संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। बयान के अनुसार, " प्रदेश के पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महराजगंज जिलों में प्रशासन द्वारा अवैध धार्मिक स्थलों को चिह्नित कर उन पर प्रशासन ने कार्रवाई की है।" बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी का साफ निर्देश है कि किसी भी धर्म के नाम पर भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

### सीमा पर तनाव के कारण कश्मीर में कम हुआ पर्यटन

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के हालात भारत पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बाद काफी गंभीर बने हुए है। पूरे जम्मू कश्मीर में माहौल गंभीर है। इसी बीच जम्मू कश्मीर के फेमस पर्यटन स्पॉट पटनीटॉप में अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। पटनीटॉप में इन दिनों भारी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति के बाद भी पटनीटॉप में टूरिस्ट की संख्या बढ़ रही है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव के साथ ही पटनीटॉप और बटोटे के स्थानीय लोगों के लिए ये समय काफी महत्वपूर्ण है। उत्तर भारत में इस समय स्कूलों की छुट्टियां हो चुकी है। वहीं पटनीटॉप और बटोटे के लोगों के लिए आजीविका के लिए पर्यटन पर निर्भर लोगों के लिए एक अप्रत्याशित अवसर साबित हुआ। जम्मू और आसपास के क्षेत्रों से आए कई पर्यटक पटनीटॉप और बटोटे के होटलों में ठहरना पसंद कर रहे है।

### पाकिस्तान हमले में पुंछ के दो गुरुद्वारों को नुकसान

**पुंछ।** भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कई रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया था। पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में कई आवास समेत धार्मिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचा। इन्हीं में पुंछ के दो गुरुद्वारे शामिल हैं, जिन पर पिछले पांच दिनों के दौरान हमला किया गया। पुंछ जिले में पाकिस्तानी सेना ने धार्मिक स्थलों को भी नहीं बख्शा। पाकिस्तानी सेना ने दो गुरुद्वारों को निशाना बनाकर तोप के गोले दागे। गनीमत यह रही कि इन हमलों से किसी प्रकार का कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन गुरुद्वारे को काफी हद तक नुकसान पहुंचा। गुरुद्वारे की सेवा करने वाले लोगों ने भी पाकिस्तान की नापाक हरकत के सबूत दिखाए हैं।

### भुज में देश विरोधी पोस्ट पर एक्शन, साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ जिले के भुज में साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में स्टेटस पोस्ट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा पहुंचाने वाले आपराधिक कृत्य के तहत यह गिरफ्तारी की गई है। जानकारी के अनुसार, भुज के संजोग नगर निवासी अनीस बाबिद अली भान ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तान के समर्थन में स्टेटस पोस्ट किया था। आरोपी के इस पोस्ट से न केवल लोगों में भ्रम फैला, बल्कि यह भारत के खिलाफ फर्जी प्रचार और देश विरोधी भावना फैलाने का भी प्रयास था।

### गुजरात के सात हवाई अड्डे यात्री विमानों के लिए खोले गए

**गुजरात।** गुजरात के सीमावर्ती जिले कच्छ के तीन हवाई अड्डों सहित सात हवाई अड्डे सोमवार सुबह यात्री विमानों के लिए फिर खोल दिये गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के कारण नौ मई को राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तथा पोरबंदर, जामनगर, केशोद (जूनागढ़ जिला) और भुज, मुंद्रा और कांडला (कच्छ जिला) हवाई अड्डों को नागरिक विमानों के लिए बंद कर दिया गया था। राजकोट हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 10:20 बजेहवाई अड्डों को नागरिक उड़ानों के लिए खोल दिया गया है। भुज हवाई अड्डा के निदेशक नवनीत कुमार गुप्ता ने बताया, ''भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण की घोषणा के बाद कच्छ में भुज, मुंद्रा और कांडला हवाई अड्डे अब खुल गए हैं।'' जामनगर हवाई अड्डा के निदेशक डी के सिंह ने भी हवाई अड्डे को यात्री विमानों के लिएफिर से खोलने की पुष्टि की।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# मानवता धर्म यही है कि किसी की जान बचती है तो बचाना चाहिए : तेजस्वी

**एजेंसी। पटना**



बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार की देर रात सड़क हादसे में घायल एक मां और बेटे की मदद कर इंसानियत की मिसाल पेश की है। 11 मई को शेखपुरा जाते समय बख्तियारपुर के पास उन्होंने घायलों को देखा, जिसके बाद तुरंत काफिला रोककर उन्होंने मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया और इलाज का जिम्मा स्थानीय राजद विधायक को सौंपा। तेजस्वी यादव ने लोगों से भी सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने की अपील की। तेजस्वी यादव ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मानवता धर्म यही कहलाता है कि किसी की जान बचती है तो बचाना चाहिए। अगर आप सक्षम हैं तो ऐसा करना चाहिए। सड़क दुर्घटना होती रहती है। सबसे अधिक जान सड़क दुर्घटनाओं के कारण जाती है। दुर्घटना में घायलों की मदद करनी चाहिए।

तेजस्वी यादव के इस कार्य की सोशल मीडिया पर चर्चा भी हो रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तेजस्वी यादव ने इसकी तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, "कल रात्रि शेखपुरा जाने के क्रम में बख्तियारपुर के समीप हाईवे पर सड़क दुर्घटना में मां-बेटे को बुरी तरह जख्मी देख उन्हें उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल भेजा और राजद के स्थानीय विधायक को उनके उपचार की देखरेख का जिम्मा दिया।"

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए आगे लिखा कि आप सबों से विनम्र आग्रह है कि जब कहीं आप किसी भी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को देखें तो अविलंब उनकी सहायता करें और कई जिंदगियां बचाने में अपना बहुमूल्य सहयोग दें। कई बार समाज की उदासीनता के कारण कई लोग गंभीर अवस्था में इलाज के अभाव में गुजर जाते हैं। हम सभी को मानव धर्म निभाते हुए पीड़ितों की ससमय मदद कर पुण्य कमाना चाहिए। ईश्वर सभी को सुखी और स्वस्थ रखे।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली के टेस्ट मैचों से संन्यास लेने पर कहा कि उन्हें लगा कि अब समय हो गया, तो उन्होंने संन्यास की घोषणा की।

## पश्चिम बंगाल के नादिया जिले से चार बांग्लादेशी गिरफ्तार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले से सोमवार को चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशियों के साथ एक संदिग्ध भारतीय दलाल को भी गिरफ्तार किया गया। रानाघाट के पुलिस उपाधीक्षक सोमनाथ झा ने बताया कि गिरफ्तारियां हंसखली पुलिस थाना क्षेत्र से की गईं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि वे करीब एक साल पहले उत्तर 24 परगना जिले की सीमा से घुसपैठ कर भारत में आए थे और चेन्नई तथा बेंगलुरु में विभिन्न स्थानों पर गए थे। झा ने बताया कि इन बांग्लादेशी नागरिकों को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे बांग्लादेश लौट रहे थे।

बिहार में पुलिस और एनआईए की संयुक्त कार्रवाई

# 10 लाख का इनामी खलिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र से पुलिस और एनआईए की संयुक्त कार्रवाई में रविवार की देर शाम 10 लाख रुपए के इनामी खलिस्तानी आतंकी कश्मीर सिंह ग्लावड्डी उर्फ बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे आतंकी कश्मीर व नेपाल में छिपकर रह रहा था। इन दिनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, जिसको लेकर वह नेपाल से मोतिहारी पहुंचा था।

पंजाब के लुधियाना सदर में खन्ना थाना क्षेत्र के ग्लावड्डी गांव निवासी कश्मीर सिंह वर्ष 2016 में पंजाब के पटियाला जिले के नाभा जेल ब्रेक के दौरान खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) प्रमुख हरमिंदर सिंह मिंटू, कश्मीर सिंह व गैंगस्टर विक्की गौंडर, गुरप्रीत सिंह सेखों, नीता देओल और अमनदीप धोतियां जैसे आतंकी व गैंगस्टरो के साथ भाग निकला था। एनआईए ने कश्मीर पर वर्ष 2022 में कांड दर्ज किया था, जिसके बाद वह फरार होकर नेपाल में रह रहा था और एनआईए उसे तलाश रही थी। खलिस्तान समर्थक और इसके स्लीपर सेल का काम देखने वाला कट्टर आतंकी कश्मीर का सुराग नहीं मिलने के बाद हाल में ही एनआईए ने उस पर 10 लाख का इनाम घोषित किया था।मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने एनआईए के साथ मिलकर खालिस्तानी आतंकी कश्मीर सिंह ग्लावड्डी उर्फ बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से कई अहम दस्तावेज व सामान मिले हैं। फिलहाल उसकी मेडिकल जांच कराने के बाद सुरक्षित स्थान पर रखा गया है, जहां एनआईए की टीम उससे मिशन बिहार के संदर्भ में पूछताछ कर रही है। वहीं, पुलिस की एक विशेष टीम यह जांच कर रही है कि आतंकी कश्मीर सिंह मोतिहारी कैसे पहुंचा और स्थानीय स्तर पर उसे कौन सहयोग कर रहा था।



एनआईए की टीम उससे मिशन बिहार के संदर्भ में कर रही पूछताछ

# खेल



## विराट कोहली

का टेस्ट करियर

मैच 123

9230 रन

46.85 औसत

30/31 100/50

254* बेस्ट

### एक प्रेरणादायक करियर

विराट कोहली का करियर संघर्षों और कामयाबियों की कहानी रहा है—चाहे वह 2014 में ऑस्ट्रेलिया में मिशेल जॉनसन की अगुवाई वाले तेज़ गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ 692 रन बनाना हो या फिर 2018 में इंग्लैंड में रिडेंप्शन सीरीज खेलना हो। सेंचुरियन, एडिलेड, पर्थ, मेलबर्न, एजबेस्टन जैसे मैदानों पर उनके शतक हमेशा याद रखे जाएंगे। टेस्ट क्रिकेट में कोहली का योगदान हमेशा भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा।

कोहली ने लिखा

### टेस्ट ने मेरी परीक्षा ली, जिंदगी के सबक सिखाए

*विराट ने लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉरमेट मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दी और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं। जब मैं इस फॉरमेट से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह फिलहाल सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभारी हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।' उन्होंने आगे अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'।*

## कोहली का टेस्ट संन्यास

# एक दिग्गज की विदाई...

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी, जिससे लंबे फॉर्मेट में उनके अपार योगदान और नेतृत्व की गाथा पर विराम लग गया। 36 वर्षीय कोहली का यह फैसला उनके 14 साल लंबे टेस्ट करियर का अंत है, जिसमें उन्होंने कठिन हालातों में शानदार प्रदर्शन करते हुए खुद को एक महान बल्लेबाज और कप्तान के रूप में स्थापित किया। कोहली ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी कि वह अब टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेंगे।

**विराट कोहली का यादगार टेस्ट सफर: शतक, आंकड़े और रिकॉर्ड्स :** कोहली ने अपने 14 साल के टेस्ट करियर में 123 मैच खेले और 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 7 दोहरे शतक भी जड़े, जिसमें सर्वोच्च स्कोर नाबाद 254 रहा। वह भारत की ओर से टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर (15,921 रन), राहुल द्रविड़ (13,288) और सुनील गावस्कर (10,122) हैं। कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। हालांकि शुरुआती दौरा कुछ खास नहीं रहा, लेकिन 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में 116 रनों की पारी ने उनकी प्रतिभा को पूरी दुनिया में पहचान दिलाई। 2011 से 2015 के बीच उन्होंने 41 टेस्ट में 2,994 रन बनाए, जिसमें 11 शतक शामिल रहे। खास बात यह रही कि 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कप्तान बनने के साथ ही उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें चार शतक थे। यह वही समय था जब इंग्लैंड दौरे पर बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद उन्होंने वापसी की और अपने करियर को एक नया मोड़ दिया। 2016 से 2019 तक कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ दौर बिताया। इस दौरान उन्होंने 43 टेस्ट में 4,208 रन बनाए, जिनमें 16 शतक, 10 अर्धशतक और 7 दोहरे शतक शामिल थे। यह दौर उनकी बल्लेबाजी के स्वर्णिम वर्षों में से एक माना जाता है। कोहली ने इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में शतक जमाकर साबित किया कि वह सिर्फ एशिया के नहीं, बल्कि दुनिया के हर कोने में रन बना सकते हैं। 2018 इंग्लैंड दौरा इस बात का गवाह बना, जब उन्होंने 593 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। हालांकि 2020 के बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका। इस दशक में उन्होंने 39 टेस्ट में केवल 2,028 रन बनाए, औसत 30.72 रहा। 2023 में उनका प्रदर्शन बेहतर रहा, जिसमें 671 रन बनाए, लेकिन 2024 फिर निराशाजनक रहा और उन्होंने 10 टेस्ट में केवल 382 रन बनाए। उनका आखिरी टेस्ट शतक पर्थ में आया, जबकि भारत में आखिरी टेस्ट शतक 2023 में अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहा।

## आपने हमेशा दिल की सुनी है : अनुष्का शर्मा



भारत की सफेद जर्सी में अब विराट कोहली टीम इंडिया के लिए नहीं खेलेंगे। सोमवार को संन्यास का ऐलान कर विराट कोहली ने दुनिया भर में अपने फैंस को हैरान कर दिया। उनके इस फैसले पर उनकी पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर विराट संग एक फोटो शेयर की। इस फोटो में दोनों स्टेडियम में नजर आ रहे हैं। दोनों के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कुराहट है। इस फोटो को शेयर करते हुए अनुष्का ने कैप्शन में लिखा, "लोग तुम्हारे रिकॉर्ड्स और उपलब्धियों की बात करेंगे... लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो आपने कभी नहीं दिखाए, वो संघर्ष जो किसी ने नहीं देखे... और वह अटूट प्यार, जो आपने इस खेल को दिया। मुझे पता है कि इन सबने आपसे कितना कुछ छीन लिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े और समझदार, थोड़े और विनम्र होकर लौटे। आपको इस सबके बीच आगे बढ़ते देख मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं।

## विराट के टेस्ट संन्यास पर आचार्य प्रमोद ने जताया आश्चर्य



कल्कि धाम के पीठाधीश्वर और पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले को आश्चर्यजनक बताया। उन्होंने कहा कि किंग कोहली देश के लिए और खेलते तो अच्छा होता। लेकिन, उन्होंने जो फैसला लिया है, भगवान उन्हें आगे सफल बनाएं। सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि विराट कोहली भारत के गौरव हैं, उन्होंने भारत को रिप्रेजेंट किया है। उन्होंने भारत को विजय दिलाई, क्रिकेट के मैदान में बड़े-बड़े धुरंधरों के छक्के छुड़ाए हैं। आज वह अपने चरम उत्कर्ष में हैं। ऐसे में टेस्ट क्रिकेट से उनका अलग होना थोड़ा आश्चर्य की बात है। उन्होंने आगे कहा कि वह देश की और सेवा करते तो अच्छा होता, लेकिन उन्होंने जो यह फैसला किया, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उस निर्णय को सफल बनाएं, उन्हें और यश प्रदान करें, शक्ति दें और भारत माता की कोख से सुनील गावस्कर, कपिल देव, धोनी, विराट कोहली जैसे सपूत पैदा होते रहें।

## विराट के जुनून को टेस्ट क्रिकेट मिस करेगा: हिमंत सरमा



टेस्ट क्रिकेट से विराट कोहली के संन्यास पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा उनके जुनून को मिस करेगा। सीएम हिमंत बिस्वा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "टेस्ट क्रिकेट अब कभी भी पहले जैसा नहीं रहेगा। रोहित शर्मा के संन्यास के ठीक बाद विराट कोहली के संन्यास से भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक बड़ा खालीपन आ गया है, जिसे भरना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, "अलविदा महान खिलाड़ी, लाल गेंद क्रिकेट आपको और इस प्रारूप के प्रति आपके जुनून को याद करेगा। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। यह निर्णय तब लिया गया जब उनके संन्यास की अटकलें पहले ही तेज थी। कोहली ने अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपने निर्णय के बारे में बताया था।विराट ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, "14 साल पहले मैंने पहली बार टेस्ट क्रिकेट में ब्लू कैप पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा।

## आईपीएल 2025 के फिर शुरू होने की संभावना के बीच गुजरात टाइटंस ने शुरू की अपनी ट्रेनिंग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) को भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव के बाद एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था। 9 मई को स्थगित किए गए इस टूर्नामेंट के जल्द ही फिर से जारी रहने की संभावना है। भारत और पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों की संघर्ष विराम की घोषणा के बाद आईपीएल 2025 के लिए गुजरात टाइटंस ने अपनी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार जीटी के खिलाड़ियों ने अपने अभ्यास सत्र शुरू कर दिए हैं। हालांकि, आईपीएल 2025 के स्थगित होने के बाद लीग से जुड़े कई विदेशी खिलाड़ी और कोचिंग



स्टाफ स्वदेश वापस लौट चुके हैं, लेकिन जीटी की टीम बहुत प्रभावित नहीं हुई है। जीटी की टीम से केवल जोस बटलर और गेराल्ड कोएट्जी ही वतन वापस लौटे हैं।

जीटी के अधिकांश खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ अहमदाबाद में मौजूद हैं और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ट्रेनिंग जारी है। यह जीटी का घरेलू मैदान है। शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की घोषणा के बाद बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को बताया कि बोर्ड सभी संबंधित लोगों और सरकारी अधिकारियों से बात करने के बाद आईपीएल फिर से शुरू होने की तारीख की घोषणा करेगा। आईपीएल 2025 के इस सीजन में जीटी ने शानदार खेल दिखाया है और उन्होंने 11 में से 8 मैच जीते हैं। गुजरात टाइटंस इस समय अंक तालिका में सबसे ऊपर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी इतने ही मैच जीते हैं लेकिन जीटी का नेट रन रेट बेहतर है। उनके बचे हुए तीन में से दो मैच घर पर होने थे।

## एफआईएच प्रो लीग के लिए हॉकी इंडिया की 24 सदस्यीय टीम घोषित



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए तैयार है। इस लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा हुई है। यह लीग 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में आयोजित की जाएगी। भारत चार प्रतिभागी टीमों - ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा तथा 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेगा। टीम की कमान मिडफील्डर सलीमा टेटे के हाथों में होगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान होंगी।

## बिहार प्रीमियर लीग से क्रिकेट को मिलेगा नया आयाम, नई प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

**जमुई (आईएएनएस)**

बिहार में क्रिकेट को पेशेवर पहचान दिलाने की दिशा में बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। बीसीए ने 'बिहार प्रीमियर लीग' (बीपीएल) के आयोजन की घोषणा की है, जो राज्य की क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। यह टूर्नामेंट बिहार के क्रिकेट इतिहास में मील का पत्थर साबित होने की उम्मीद है, क्योंकि यह न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को एक मंच देगा, बल्कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे बड़े मंचों तक पहुंचने का रास्ता भी खोलेगा। बीपीएल में बिहार के छह



जोन मिथिलांचल, अंगिका, मगध, पटना, शाहाबाद और अन्य जोन के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह टूर्नामेंट 10 जून से 25 जून तक पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित होगा। पहले यह टूर्नामेंट 1 जून से शुरू होने वाला था, लेकिन भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इसे 10 जून से शुरू करने का फैसला लिया गया है। इस आयोजन के लिए स्टेडियम को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके। बीपीएल के चेयरमैन संजय कुमार सिंह ने इस पहल के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया, "बिहार में क्रिकेट का अपार क्षमताएं है, लेकिन अवसरों की कमी के कारण कई प्रतिभाएं सामने नहीं आ पाती।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## बाजार में जोरदार उछाल के कारण अदाणी समूह के शेयरों में 8 प्रतिशत से अधिक की तेजी

**मुंबई (आईएएनएस)।** वैश्विक और घरेलू संकेतों के अनुकूल होने की वजह से बाजार में व्यापक उछाल के कारण अदाणी समूह के शेयरों में सोमवार को जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम, अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति और पूर्वी यूरोप में भू-राजनीतिक तनाव कम होने के संकेतों सहित कई सकारात्मक घटनाक्रमों से निवेशकों की धारणा में तेजी आई। समूह की कंपनियों में, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने तेजी का नेतृत्व किया, जो 8.33 प्रतिशत या 68.90 रुपए की छलांग लगाकर 896 रुपए प्रति शेयर पर पहुंच गया, जो समूह के भीतर सबसे अधिक इंट्रा-डे लाभ है। समूह की प्रमुख कंपनी, अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने भी मजबूत प्रदर्शन किया और 7.73 प्रतिशत या 174 रुपए की बढ़त के साथ दिन के अंत में 2,425 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ। अदाणी ग्रीन एनर्जी 6.84 प्रतिशत या 60.15 रुपए चढ़कर 939.6 रुपए प्रति शेयर पर बंद होने वाली सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में से एक रही। अदाणी पावर लिमिटेड 6.76 प्रतिशत या 34.6 रुपए बढ़कर 546.6 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ। इस बीच, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड ने 4.23 प्रतिशत या 55.2 रुपए की वृद्धि दर्ज की, जो 1,361.5 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ।

## सेंसेक्स-निफ्टी में 4 साल में दिन की सबसे बड़ी तेजी, निवेशकों ने कमाए 16 लाख करोड़

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बनने से निवेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई और इसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला। एक ही दिन में निवेशकों की संपत्ति में 16 लाख करोड़ रुपए से अधिक की वृद्धि हुई। सेंसेक्स और निफ्टी में फरवरी 2021 के बाद सबसे अधिक करीब 4 फीसदी की तेजी देखने को मिली। सकारात्मक वैश्विक और घरेलू संकेतों से मार्केट सेंटीमेंट को बल मिला और भारतीय शेयर बाजारों ने बीते चार वर्षों में 'बेस्ट सिंगल डे परफॉर्मेंस' दर्ज करवाने में बड़ी सफलता हासिल की। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 2,975.43 अंक या 3.74 प्रतिशत की शानदार तेजी के साथ 82,429.90 स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 916.70 अंक या 3.82 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,924.70 पर बंद हुआ। यह पिछले चार वर्षों में दोनों सूचकांकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा 'प्रतिशत लाभ' था,



इससे पहले एकमात्र बड़ी तेजी 1 फरवरी, 2021 को दर्ज की गई थी, जब सूचकांक 4.7 प्रतिशत से अधिक चढ़े थे। बाजार की तेजी में कई कारकों की अहम भूमिका रही। भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम, अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में सकारात्मक रुख और रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की रिपोर्ट जैसे कारक बाजार के लिए अहम रहे। इन घटनाक्रमों से भू-राजनीतिक तनाव कम करने, वैश्विक जोखिम उठाने की क्षमता में सुधार लाने और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में मदद मिली। सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए, जिससे सभी क्षेत्रों में व्यापक सुधार दिखा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दवा की कीमतों को लेकर 80 प्रतिशत तक की कटौती की टिप्पणी की थी, जिसके बाद निफ्टी फार्मा इंडेक्स 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ खुला था। कारोबार के अंत में इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी और निफ्टी रियलिटी इंडेक्स में सबसे ज्यादा तेजी रही, जो क्रमशः 6 प्रतिशत और 7 प्रतिशत तक चढ़े। मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक भी तेजी में शामिल हुए, जिन्होंने 4.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ व्यापक बाजार से बेहतर प्रदर्शन किया।

बीएसई में लिस्टेड सभी कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र (9 मई) के 416.52 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 432.47 लाख करोड़ रुपए हो गया, जिसके साथ एक ही दिन में 16 लाख करोड़ रुपए की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार, अनुकूल वैश्विक और घरेलू संकेतों के कारण बाजार ने सप्ताह की शुरुआत मजबूती के साथ की।

## ग्रो की गड़बड़ी से किसी को फायदा, किसी को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म 'ग्रो' ने सोमवार को जानकारी दी कि ऐप के कुछ यूजर्स को स्टॉक की कीमतों में विसंगतियों का सामना करना पड़ा। यह एक अस्थायी समस्या थी और बाद में इसे ठीक कर दिया गया। इससे पहले तकनीकी गड़बड़ी के कारण ग्रो यूजर्स के निवेश मूल्यों को लेकर गलत जानकारी देखी गई। कुछ यूजर्स ने बताया कि उनके 1,000 रुपए के निवेश को ऐप पर गलत तरीके से 1,00,000 रुपए के निवेश के रूप में देखा जा रहा था। इससे कुछ यूजर्स को भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ा। तकनीकी गड़बड़ी के कारण कुछ यूजर्स के मुनाफे में 10,000 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई, जिससे कुछ अस्थायी रूप से करोड़पति बन गए, जबकि कुछ का निवेश मूल्य असल से बेहद कम हो गया।

## सभी परिसंपत्तियों में अव्वल रहा गोल्ड, 41% का रिटर्न

**मुंबई (आईएएनएस)**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की ओर से सोमवार को दी गई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में सोना (गोल्ड) सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला परिसंपत्ति वर्ग बना, जिसने अमेरिकी डॉलर के लिहाज से 41 प्रतिशत और रुपए के लिहाज से 33 प्रतिशत का जबरदस्त रिटर्न दिया। वैश्विक अनिश्चितताओं और निवेश के बदलते रुझानों वाले इस साल में सोने को लेकर सुरक्षित निवेश की अपील बढ़ी, जिससे यह भारत सहित दुनियाभर के निवेशकों की पहली पसंद बना।

एनएसई की अप्रैल के लिए 'मार्केट पल्स रिपोर्ट' में बताया गया है कि निवेश मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि के कारण ग्लोबल गोल्ड डिमांड 15 साल के उच्चतम स्तर 4,974 टन पर पहुंच गई। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों



ने अपनी खरीदारी जारी रखी और लगातार तीसरे साल 1,000 टन से ज्यादा सोना खरीदा, जो 2010 और 2021 के बीच देखे गए वार्षिक औसत के दोगुना से भी ज्यादा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी इस वैश्विक रुझान को दर्शाते हुए अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी को 2014 के 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 2024 में 11.4 प्रतिशत कर दिया। एनएसई की रिपोर्ट ने बताया कि वित्त वर्ष 2025 में सोने के बेहतर प्रदर्शन के बावजूद, 20 वर्षों की लंबी अवधि में, भारतीय इक्विटी बाजारों ने ज्यादा रिटर्न दिया है।

### नरचाही उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला, मरीज बेहाल

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत नरचाही उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह लड़खड़ा गई है। केंद्र में एक एसएचओ और एक एएनएम की प्रतिनियुक्ति होने के बावजूद अक्सर ताला लटका रहता है। इस कारण क्षेत्र के करीब 8 हजार की आबादी को इलाज के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्यकर्मी 12 बजे लेट नहीं, 2 बजे भेट नहीं" की तर्ज पर उपस्थिति दर्ज कराकर निकल जाते हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं और जरूरतमंद मरीजों को समय पर इलाज न मिलने से परेशानी होती है। स्वास्थ्य केंद्र की नियमित बंदी से प्रसूति सेवाएं, टीकाकरण एवं आपात सेवाएं बाधित हो रही हैं। स्थिति यह है कि केंद्र में उपलब्ध लाखों रुपये मूल्य की दवाएं समय पर वितरण न होने के कारण बर्बाद होने की कगार पर हैं। लोगों ने कई बार इस मामले की शिकायत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उप स्वास्थ्य केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित कराया जाए, दोषी कर्मियों पर कार्रवाई हो तथा स्वास्थ्य सेवा को बहाल किया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### लातेहार वेंडिंग मार्केट में गड़बड़ी मिलने पर कार्य बंद

**लातेहार।** शहर के बाजार टांड़ स्थित निर्माणाधीन वेंडिंग मार्केट में गड़बड़ी की शिकायत पर सोमवार को नगर पंचायत विभाग के इंजीनियर कुमार रवि और नगर प्रबंधक द्वारा निरीक्षण किया गया। यह शिकायत वार्ड नंबर दो के पूर्व पार्षद जितेंद्र पाठक ने की थी। निरीक्षण के दौरान ईंट की गुणवत्ता, निर्माण सामग्री और निर्माण पद्धति में अनियमितताएं पाई गईं। इस पर इंजीनियर ने मौके पर मौजूद मैनेजर को निर्देश दिया कि खराब सामग्री को हटाया जाए और अगली सूचना तक कार्य बंद कर दिया जाए।

# चार धान अधिप्राप्ति केंद्रों में 7.26 करोड़ के घोटाले का खुलासा

- **जिला आपूर्ति पदाधिकारी की शिकायत पर चार पैक्स अध्यक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

**नवीन मेल संवाददाता**



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत चार पंचायतों में संचालित धान अधिप्राप्ति केंद्रों में 7 करोड़ 26 लाख 50 हजार 856 रुपये के बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी की ओर से प्रतापपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी चंद्री गोविंदपुर पैक्स अध्यक्ष माधुरी देवी, बभने पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पप्पू, डुमरी सह जोगीडीह पैक्स अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव और प्रतापपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार के खिलाफ दर्ज की गई है। आरोप है कि इन पदाधिकारियों ने फर्जी किसानों के नाम पर धान की खरीद दर्शाई, उसे बाजार में कालाबाजारी के लिए भेजा और जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा निर्गत आरओ के बिना ही राइस मिल को सप्लाई कर दिया। प्राथमिकी थाना कांड संख्या 44/2025 के तहत दर्ज की गई है। यह कार्रवाई बीते गुरुवार को उपायुक्त के निर्देश पर गठित जांच टीम द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के आधार पर की गई। जांच टीम में चतरा एसडीओ जहूर आलम, कार्यपालक दंडाधिकारी अनुरंजन झा और वैभव कुमार शामिल थे। जांच में गबन, धोखाधड़ी और सरकारी संपत्ति में हेराफेरी की पुष्टि के बाद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जांच के बाद प्रशासन अब आगे की विधिक कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है।

### बालूमाथ में वांछित नक्सली लवलेश गंझू के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



- **पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में कार्रवाई कर दी चेतावनी, आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की की चेतावनी**

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम निवासी एवं प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य लवलेश गंझू उर्फ लवलेश जी के विरुद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत इश्तिहार सोमवार को बालूमाथ पुलिस द्वारा चस्पा किया गया। यह कार्रवाई पुलिस उप निरीक्षक अमित कुमार रविदास के नेतृत्व में दो स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में की गई। इश्तिहार अभियुक्त के घर की दीवार पर चस्पा करते हुए परिजनों को चेतावनी दी गई कि एक माह के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने पर उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। फरार अभियुक्त लवलेश गंझू बालूमाथ थाना कांड संख्या 203/2022 के मुख्य आरोपी हैं, जिन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 387, 120 (बी), और आर्म्स एक्ट के तहत संगीन आरोप दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लवलेश वर्षों से फरार चल रहा है। चस्पा अभियान में सशस्त्र बल के जवान भी मौजूद रहे, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही।

## गौमाता की सेवा हमारे संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है : स्मिता

- **बैरिया हाउसिंग कॉलोनी स्थित गौशाला का किया निरीक्षण**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री स्मिता ने आज मेदिनीनगर स्थित बैरिया हाउसिंग कॉलोनी की गौशाला का निरीक्षण किया और समिति सदस्यों के साथ बैठक कर इसके समग्र विकास पर चर्चा की। उन्होंने गौशाला को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के दौरान स्मिता ने गौशाला की स्वच्छता एवं सौंदर्य पर विशेष बल देते हुए कहा कि गौशाला का सर्वांगीण विकास न केवल गौमाता की बेहतर सेवा सुनिश्चित करेगा, बल्कि क्षेत्र में आवारा गोवंश की समस्या से भी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने गौसेवा को बढ़ावा देने तथा गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

स्मिता ने कहा, "गौमाता की सेवा हमारे संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है और सरकार भी इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।" इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश्वरी पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, अविनाश कुमार सिन्हा, विकास तिवारी, सत्येंद्र पांडेय, नरेन्द्र मेहता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में गौतम बुद्ध जयंती मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में भारत माता, ओम्, मां शारदे और गौतम बुद्ध के चित्र के समक्ष आचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय और आचार्य हिमांशु झा ने दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन करके गौतम बुद्ध जयंती का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कक्षा तृतीय की बहन निदा परवीन, सप्तम अ के भैया अर्णव राज पाण्डेय, अष्टम ब की बहन दिव्या रानी, सप्तम अ के भैया उत्कर्ष पाण्डेय, अष्टम ब के भैया शिवम गुप्ता, नवम ब की बहन अंजलि कुमारी ने महात्मा बुद्ध का जीवनवृत्त प्रस्तुत किया। आचार्य हिमांशु झा ने संस्कृत भाषा में अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए बताया कि गौतम बुद्ध का जन्म शाक्यवंश के गौतम गोत्र में हुआ था और उन्हें बुद्ध का नाम बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्ति के बाद मिला। वैशाख पूर्णिमा तिथि को ही उनका जन्म, बोधि प्राप्ति और निर्वाण हुआ था। उन्होंने पाली भाषा में अपना मुख्य सन्देश दिया, "अप्प दीपो भव" अर्थात् स्वयं प्रकाशवान बने। गौतम बुद्ध बौद्ध दर्शन के संस्थापक थे और उनके द्वारा बताए गए अष्टांगिक मार्ग पर चलकर हम अपना जीवन सफल बना सकते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, आचार्य नंदलाल पाण्डेय, सत्येन्द्र प्रजापति, अविनाश कुमार, नीरज कुमार, सुजीत कुमार दुबे, दिनेश कुमार, उमेश कुमार, रुपेश कुमार, कृष्ण मुरारी, प्रसून कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता, हृषिकेश तिवारी, बिक्रम प्रसाद, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, रेनू पाठक, प्रियंवदा, सलोनी कुमारी, तन्वी जोशी, नेहा कुमारी, खुशबू सिंघल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रचनात्मक व तार्किक सोच के विकास पर सीबीएसई प्रशिक्षक ने दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित ग्रैंड जयश्री होटल में संत मरियम स्कूल के शिक्षकों के लिए इन-हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सीबीएसई के दिशा-निर्देशानुसार "क्रिटिकल एवं क्रिएटिव थिंकिंग" विषय पर आधारित था। कार्यक्रम में सीबीएसई पटना रीजन के रिसोर्स पर्सन राकेश चौबे ने शिक्षकों को रचनात्मक एवं तार्किक सोच के महत्व से अवगत कराते हुए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। चौबे ने बताया कि बच्चों में इन क्षमताओं के विकास से उनकी सीखने की शैली में सकारात्मक बदलाव आता है, जिससे वे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने श्री चौबे को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संत मरियम स्कूल केवल विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय खेल-कूद एवं अन्य सह-पाठ्य गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रहा है, जिससे छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में अनुशासन लाने के लिए पहले शिक्षकों को स्वयं अनुशासित रहना होगा। उन्होंने कहा कि संत मरियम के शिक्षक अत्यंत योग्य और समर्पित हैं, और यदि वे पूर्ण निष्ठा से शिक्षण कार्य करें तो विद्यालय निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस कार्यक्रम में उपप्राचार्य एस.बी. शाहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना परवीन, रोशन राज, निकिता गुप्ता सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## आशी केयर अस्पताल में विश्व नर्स दिवस पर हुआ सम्मान समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित जनकपुरी के आशी केयर अस्पताल में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल निदेशक मनीष तिवारी ने अस्पताल की दर्जनों नर्सों के साथ केक काटकर उनके समर्पण व सेवा भावना को सराहा।

कार्यक्रम में निदेशक एवं वरिष्ठ स्टाफ द्वारा नर्सों को पुष्प व उपहार देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में तिवारी ने कहा कि नर्सें निःस्वार्थ सेवा, धैर्य और करुणा की प्रतीक होती हैं। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस उनके त्याग और समर्पण को सम्मान देने का अवसर है।

### प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने निजी खर्च से भरवाए नेउरा रोड के गड्ढे

# प्रशासन की उदासीनता पर जताया दुख सांसद व वित्त मंत्री को दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने आज चैनपुर के नेउरा रोड पर बने खतरनाक गड्ढों को अपने निजी खर्च पर जीएसबी (ग्रेन्युलर सब-बेस) मंगवाकर भरवाया और मार्ग को समतल करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है, और आगामी वर्षा ऋतु से पहले इसका मरम्मत कार्य आवश्यक है। महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि सांसद के संभावित आगमन के मद्देनज़र वे इस मार्ग की मरम्मत हेतु उनसे तत्काल अनुरोध करेंगी। उन्होंने दुख प्रकट करते हुए कहा कि प्रशासन इस सड़क को दुरुस्त करने को लेकर खामोश है। उन्होंने कहा, "यदि मार्ग का निर्माण नहीं हो पा रहा है, तो कम से कम इस पर जीएसबी डालकर इसकी मरम्मत तो की जा सकती थी। कई बार धरना-प्रदर्शन हुए, कई आश्वासन मिले, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।" प्रथम महापौर ने यह भी कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना की प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर मुद्दे को उन्होंने माननीय सांसद और माननीय वित्त मंत्री के संज्ञान में दिया है, और उन्हें समाधान का आश्वासन प्राप्त हुआ है।

महापौर ने प्रशासन से अनुरोध किया कि इस मार्ग की मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। गड्ढों में जीएसबी बिछाने के कार्य में सहयोग देने हेतु महापौर ने विजय प्रमुख, भोला पांडेय, चंदू गुप्ता सहित अन्य सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### वेंडर मार्केट निर्माण में केवल तीन माह शेष फुटपाथ विक्रेताओं को करना होगा इंतजार



- **निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार बनी चिंता का कारण, 150 विक्रेताओं को मिलनी है दुकानें**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के वार्ड संख्या 13 में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए करीब 2.37 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे दो मंजिला वेंडर मार्केट का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। निर्धारित अवधि समाप्त होने में अब मात्र तीन महीने शेष हैं, जिससे फुटपाथ दुकानदारों को अब भी इंतजार करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष अगस्त में इस वेंडर मार्केट का शिलान्यास हुआ था। लेकिन शुरुआती महीनों में अतिक्रमण और तकनीकी अड़चनों के चलते निर्माण कार्य में देरी होती रही।

## पेज एक के शेष

### हेमंत सोरेन ने...

इसी परिसर में मुख्यमंत्री सचिवालय में सीएम के प्रधान सचिव से लेकर तमाम पदाधिकारियों के कार्यालय भी होंगे। सीएम आवास में मुख्यमंत्री से मिलने आने वाले विदेशी मेहमानों के लिए भी कक्ष बनेगा। इसी परिसर में सुरक्षाकर्मियों के लिए बैरक से लेकर आवासन तक की सुविधा होगी। सीएम के खास मेहमानों के ठहरने के लिए भी कमरे बनाए जाएंगे। नवंबर, 2000 में झारखंड के अलग राज्य बनने के पूर्व इस इमारत में रांची (दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल) के आयुक्त का आवास हुआ करता था।

### एक साथ नहीं...

न ही व्यापार संभव है। उन्होंने कहा, 'पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।' यह युग भले ही पारंपरिक युद्ध का न हो, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान से कोई बातचीत केवल आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर ही केंद्रित होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि जिन आतंकी कैंपों पर कार्रवाई की गई, उनके तार 9/11, लंदन बम धमाकों और 26/11 मुंबई हमलों से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकियों को विदाई देने के लिए जब बड़े-बड़े पाकिस्तानी अधिकारी पहुंचे, तो यह दुनिया के लिए बड़ा सबूत है कि पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान को बचना है, तो उसे अपने आतंकी ढांचे को पूरी तरह समाप्त करना होगा। उसके पास इसके अलावा कोई और रास्ता नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वह आतंक के समर्थन की कीमत चुकाने को तैयार रहे। उन्होंने कहा, कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल अब नहीं चलेगा। हम आतंकियों और उन्हें समर्थन देने वाली सरकारों के बीच कोई भेद नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आतंक को समर्थन देना पाकिस्तान सरकार के हित में नहीं है और आंतक को खाद-पानी देना पाकिस्तान को एक दिन समाप्त कर देगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि पाकिस्तान के अनुरोध पर भारत ने अस्थायी रूप से सैन्य कार्रवाई स्थगित की है। लेकिन, भारत का अगला कदम इस पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान भविष्य में कैसा व्यवहार करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर युद्ध की थी, लेकिन भारत ने सीधे उसके सीने पर वार किया। इससे घबराकर पाकिस्तान ने आक्रामक कार्रवाई से बचने के रास्ते ढूंढने शुरू कर दिए और दुनियाभर में गुहार लगाई। अंततः 10 मई की दोपहर को पाक सेना ने भारतीय डीजीएमओ से संपर्क किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6-7 मई 2025 को हुई भारतीय सैन्य कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने अपनी प्रतिज्ञा को परिणाम में बदल दिया। भारतीय मिसाइलों और ड्रोन ने न केवल आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, बल्कि दुश्मनों के हौसले भी पस्त कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, प्रिय देशवासियो! आज बुद्ध पूर्णिमा है। भगवान बुद्ध ने हमें शांति का रास्ता दिखाया। शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। मानवता शांति और समृद्धि की ओर बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सकते, विकसित भारत के सपने को पूरा सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना बहुत जरूरी है और आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है और पिछले कुछ दिनों में भारत ने यही किया है। मैं एक बार फिर भारत की सेना और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। हम भारतवासियों के हौसले, हर भारतवासी का एकजुटता का सफर और संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय।

### हम हर मिशन...

उन्हें जो नुकसान हुआ है, उसके लिए पाकिस्तानी सेना जिम्मेदार है। एके भारती ने कहा, हमारे युद्ध-सिद्ध सिस्टम समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और उन्होंने (पाकिस्तान) का डटकर मुकाबला किया है। एक और खास बात कि स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली आकाश सिस्टम का शानदार प्रदर्शन रहा। पिछले एक दशक में भारत सरकार के बजटीय और नीतिगत समर्थन के कारण ही इतना मजबूत वायु रक्षा वातावरण तैयार करना और संचालित करना संभव हो सका। एयर मार्शल भारती ने कहा, पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए गए ड्रोन और मानवरहित युद्धक हवाई वाहनों की कई लहरों को स्वदेशी रूप से विकसित सॉफ्ट और हार्ड किल काउंटर-यूएएस सिस्टम और अच्छी तरह से प्रशिक्षित भारतीय वायु रक्षा कर्मियों ने नाकाम कर दिया। हमने सिविलियन और मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर को न्यूनतम रखा, जबकि पाकिस्तानी सेना लगातार हमले कर रही थी। आपको पता है कि एयर डिफेंस सिस्टम की हमारे पास वैरायटी है, लो लेवल फायरिंग, सरफेस टू एयर मिसाइल, लॉन्ग और शॉर्ट रेंज मिसाइल शामिल हैं। हम पर ड्रोन और यूएवी से हमला किया गया। पाकिस्तानी हमले के दौरान हमारे सभी सिस्टम एकसाथ सक्रिय हुए। मॉडर्न डेज वार फाइटिंग के लिहाज से यह अहम था। पुराने माने जा रहे एयर डिफेंस सिस्टम ने भी सही तरह से काम किया। एयर मार्शल एके भारती ने बताया, पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमले में चाइनीज ओरिजन की मिसाइल शामिल थीं, इनमें लॉन्ग रेंज रॉकेट और यूएवी थे। चीनी ओरिजन के कुछ कॉप्टर्स और टर्किश ड्रोन थे। इन्हें हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। भारती ने कहा, मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि हमारे सभी सैन्य अड्डे और सभी उपकरण और प्रणालियां चालू हैं और जरूरत पड़ने पर अपने अगले मिशन के लिए तैयार व तत्पर हैं। डीजीएमओ, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' की एयर डिफेंस कार्रवाई को हमें एक संदर्भ में समझने की जरूरत है। पिछले कुछ सालों में आतंकी गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था, अब हमारी सेना के साथ-साथ निर्दोष लोगों पर भी हमला हो रहा था। वर्ष 2024 में शिवखोड़ी मंदिर की ओर जाने वाले तीर्थयात्री और इस साल अप्रैल में पहलगाम में मासूम पर्यटकों पर हमला हुआ। पहलगाम तक उनका पाप का घड़ा भर चुका था, क्योंकि आतंकियों पर हमारे सटीक हमले एलओसी और इंटरनेशनल बॉर्डर को पार किए बिना किए गए थे। हमें पूरा अंदेशा था कि पाकिस्तान का हमला भी सीमा पार से ही होगा, इसलिए हमने एयर डिफेंस की तैयारी की थी। जब 9-10 मई को पाकिस्तान की वायुसेना ने हमारे एयर फील्ड और लॉजिस्टिक इंस्टॉलेशन पर हमला किया, तो वे इस मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने विफल हुए। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, हमारे एयरफील्ड और लॉजिस्टिक्स को निशाना बनाना बहुत कठिन है। मैंने देखा कि विराट कोहली ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है, वह मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक हैं। 1970 के दशक में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के दो गेंदबाजों ने इंग्लैंड की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया था। तब ऑस्ट्रेलिया ने एक कहावत दी थी, 'राख से राख, धूल से धूल, अगर थॉमो नहीं तो लिली जरूर मार गिराएगा।' अगर आप हमारे रक्षा स्तरों को देखेंगे, तो समझ जाएंगे कि मैं क्या कहना चाहता हूं। भले ही आप सभी स्तरों को पार कर लें, इस ग्रिड सिस्टम का कोई न कोई स्तर आपको जरूर रोक लेगा। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बीएसएफ की सराहना करते हुए कहा, आपने पहले और कल पाकिस्तान एयरफील्ड की दुर्दशा देखी और एयर मार्शल की प्रस्तुति आज देखी। हमारे एयरफील्ड हर प्रकार से ऑपरेशनल हैं। पाकिस्तान के ड्रोन हमारे ग्रिड के कारण नष्ट हुए। मैं यहां पर अपने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की सराहना करता हूं, जिसके कारण पाकिस्तान की नापाक हरकतों का विनाश किया गया।

### डीजीएमओ स्तर की...

इसी विषय पर भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण चर्चा की। इसमें नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम को लेकर चर्चा की गई। नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए वर्ष 2021 में नए सिरे से हुए संघर्ष विराम समझौते पर भी भारत-पाकिस्तान के डीजीएमओ ने हस्ताक्षर किए थे। ज्ञात हो कि नियंत्रण रेखा पर शांति बहाली और संबंधित मुद्दों पर दोनों देशों के डीजीएमओ हॉट-लाइन पर बात करते हैं। जानकारी के मुताबिक, चर्चा में गोलाबारी रोकने को लेकर बनी सहमति और मौजूदा परिस्थितियों की समीक्षा की गई।

### कोहली ने कहा...

यह पहली बार था, जब भारत ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट सीरीज अपने नाम की थी। कोहली की कप्तानी में भारत ने वर्ष 2019 में वेस्टइंडीज को उसके घर में 2-0 से हराया। वर्ष 2015 में नंबर-1 दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से मात दी। इसके अलावा, वर्ष 2016-17 में इंग्लैंड को 4-0 से हराकर भारत ने अपनी घरेलू ताकत का भी जबरदस्त प्रदर्शन किया। कोहली के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम में आक्रामकता, फिटनेस और जुझारूपन की नई परिभाषा बनी। उन्होंने खिलाड़ियों को न सिर्फ मानसिक रूप से मजबूत बनाया, बल्कि टीम में आत्मविश्वास का नया माहौल तैयार किया, जो किसी भी चुनौती से पीछे न हटे।

**विदाई नहीं, विरासत है ये :** विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से जाना भारतीय क्रिकेट में एक युग के अंत की तरह है। लेकिन, उनके द्वारा स्थापित की गई संस्कृति, उपलब्धियां और सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर जीवित रहेंगी। कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।' यह मुस्कान सिर्फ उनकी नहीं, करोड़ों भारतीयों की भी होगी, जिन्होंने इस 'बैगी ब्लू' योद्धा को एक सुनहरे दौर में बदलते देखा।

### वर्ष 2025-26 के...

पहले ऐसे व्यक्तियों या इकाइयों को आईटीआर-2 दाखिल करना होता था। आयकर कानून के तहत सूचीबद्ध शेयर और म्यूचुअल फंड की बिक्री से 1.25 लाख रुपए तक के एलटीसीजी को कर से छूट दी गई है। इसके आगे 1.25 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक के लाभ पर 12.5 प्रतिशत कर लगता है। सरकार ने 80-सी, 80-जीजी और अन्य धाराओं के तहत कटौती के दावे के संबंध में फॉर्म में कुछ बदलाव किए हैं। आयकर विभाग के द्वारा एक बार जब आईटीआर दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी, तो लोग वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए अपना आईटीआर दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तियों तथा जिन लोगों को अपने खातों का ऑडिट नहीं करवाना है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है। आईटीआर फॉर्म वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले फरवरी व मार्च के आसपास अधिसूचित किए जाते हैं।

## पाकिस्तानी सेना का झूठ दुनिया के सामने एक बार फिर हुआ बेनकाब

# आतंकी हाफिज अब्दुर रऊफ को बताया 'फैमिली मैन'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकी हाफिज अब्दुर रऊफ की वायरल तस्वीर को पाकिस्तानी सेना ने 'फैमिली मैन' बताकर खुद को एक बार फिर दुनिया के सामने झूठा साबित किया। खुद को पाक साफ साबित करने के चक्कर में शीर्ष सैन्य अधिकारी ने पाकिस्तान की कलई खोल दी। उनके दावे ने ही जता दिया कि उनका मुल्क आतंकवाद और आतंकियों को पनाह देता है। दरअसल, भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद, पाकिस्तान की सेना प्रेस को ब्रीफ कर रही थी। इसी दौरान एक पत्रकार की ओर से आतंकी हाफिज अब्दुर रऊफ के बारे में सवाल किया गया। इस सवाल के जवाब में पाकिस्तान की सेना ने उसे आतंकी मानने से इनकार किया। कहा, वह आतंकवादी नहीं 'फैमिली मैन' है। लेकिन, पाकिस्तान यह भूल गया कि उसका झूठ पकड़ा जाएगा। पाकिस्तान ने जिसे फैमिली मैन बताया, उसे अमेरिका ने विशेष रूप से नामित 'वैश्विक आतंकवादी' घोषित किया है। इस आतंकी का नाम हाफिज अब्दुर रऊफ है। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर वायरल होने के बाद पाकिस्तान ने बस अपनी छवि को बचाने का काम किया। भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और पीओके में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को



### दावे ने बता दिया, यह देश आतंकवाद और आतंकियों को देता है पनाह

तबाह किया। भारत की इस कार्रवाई में कई आतंकी मारे गए। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई, जिसमें आतंकी हाफिज अब्दुर रऊफ जनाजे में शामिल है और उसके पीछे पाकिस्तानी आर्मी के लोग दिखाई दे रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर हाल ही में मीडिया ब्रीफिंग के दौरान, भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पाकिस्तान के कथन पर सवाल उठाते हुए कहा, वे दावा करते हैं कि 7 मई को हुए हमलों में केवल नागरिक मारे गए थे। हमने यह बात बहुत स्पष्ट रूप से कही है कि 7 मई की सुबह सभी हमले सावधानीपूर्वक चयनित आतंकवादी ढांचे, आतंकवादी लक्ष्यों के खिलाफ थे।

पाकिस्तानी सेना ने हाफिज अब्दुर रऊफ को अब्दुर रऊफ अजहर के साथ जोड़कर इस मुद्दे को भ्रमित करने की भी कोशिश की है, जो मसूद अजहर का एक और भाई और जैश-ए-मोहम्मद का एक वरिष्ठ कमांडर था, जिसे कथित तौर पर ऑपरेशन सिंदूर में मार दिया गया था। उन्होंने सवाल उठाया कि भारत की ओर से मृत घोषित किए गए किसी व्यक्ति का उसी दिन अंतिम संस्कार कैसे किया जा सकता है। हालांकि, दोनों अलग-अलग व्यक्ति हैं, दोनों ही अंतरराष्ट्रीय निगरानी सूची में हैं। जैश-ए-मोहम्मद के ऑपरेशन प्रमुख रऊफ अजहर 1999 के आईसी-814 अपहरण का मुख्य योजनाकार था और उसने 2001 के संसद हमले, 2016 के पठानकोट एयरबेस हमले और 2019 के पुलवामा बम विस्फोट में केंद्रीय भूमिका निभाई थी। इस बीच, अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी ने आतंकवादियों को संस्थागत समर्थन देने के आरोपों को और पुख्ता किया।

### वर्ष 2010 में अमेरिका ने एफआईएफ और रऊफ पर लगाया था प्रतिबंध

अमेरिकी ट्रेजरी डिपार्टमेंट के मुताबिक, आतंकी हाफिज अब्दुर रऊफ लश्कर-ए-तैयबा की शीर्ष नेतृत्व टीम में वर्ष 1999 से काम कर रहा है। आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वह फंड इकट्ठा करता है। 26/11 मुंबई हमलों के बाद भारतीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर 24 नवंबर, 2010 को अमेरिका ने फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) और रऊफ दोनों पर प्रतिबंध लगा दिया था। हाफिज अब्दुर रऊफ सीधे लश्कर प्रमुख हाफिज सईद के अधीन काम करता था, धन उगाहने और प्रशिक्षण कार्यों का प्रबंधन करता था। वह एफआईएफ का भी प्रमुख व्यक्ति रहा है, जो लश्कर का एक मुखौटा है। यह एक चैरिटी के रूप में काम करता है, लेकिन आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषित करता है।

### दिल्ली पुलिस संदिग्धों की पहचान में तेजी के लिए 'फेस स्केच-मैचिंग' तकनीक का इस्तेमाल करेगी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस जल्द ही एक रिवर्स इमेज सर्च सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल शुरू करेगी, जो संदिग्धों के स्केच को आपराधिक तस्वीरों के अपने डेटाबेस से मिलान कर सकता है, जिससे आरोपी व्यक्तियों की पहचान करने में लगने वाले समय और प्रयास में काफी कमी आएगी। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित किया जा रहा 'इमेज रिकंस्ट्रक्शन सॉफ्टवेयर' प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर तैयार किए गए चेहरे के स्केच को पुलिस रिकॉर्ड में मौजूद डिजिटल इमेज से जल्दी से जल्दी मिलान करने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सहायता करेगा। पुलिस के एक सूत्र ने कहा, ''पहले, ऐसी तुलना पारंपरिक रूप से करनी पड़ती थी, जो ज्यादा समय लेती थी और उसमें सटीकता का अभाव होता था।

### मैं तुर्किए में पुतिन से मिलने को इच्छुक : जेलेंस्की

**कीव (आईएएनएस)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को अपने रूसी



समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से यूक्रेन से रूसी राष्ट्रपति पुतिन द्वारा प्रस्तावित वार्ता पर तुरंत सहमत होने के तुरंत बाद आया। यह चर्चा 15 मई को तुर्की में हो सकती है। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "यहां यूक्रेन में, हमें बातचीत में शामिल होने में कोई समस्या नहीं है, हम तैयार हैं। मैं इस गुरुवार 15 मई को तुर्किये में रहूंगा और मुझे उम्मीद है कि पुतिन भी तुर्किये आएंगे।

## बीएलए ने पाकिस्तान के 51 स्थलों पर हमले की ली जिम्मेदारी, कहा

# हम किसी के मोहरे नहीं

**बलूचिस्तान (आईएएनएस)**

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 51 से अधिक स्थानों पर 71 हमलों की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने हमले वाली जगह को 'बलूचिस्तान ऑक्यूपाइड' बताया है। बीएलए ने एक बयान में चेतावनी दी कि दक्षिण एशिया में नया आदेश अनिवार्य हो गया है और क्षेत्र में बड़े बदलाव होने वाले हैं।बीएलए के प्रवक्ता जींद बलूच ने विदेशी ताकतों का हाथ होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बलोच क्षेत्र के रणनीतिक परिदृश्य में एक गतिशील और निर्णायक पक्ष है।

बीएलए के इन हमलों में पाकिस्तानी सैन्य काफिलों, खुफिया केंद्रों और खनिज परिवहन कार्यों को निशाना बनाया गया, ताकि इस संसाधन संपन्न प्रांत पर इस्लामाबाद के नियंत्रण को चुनौती दी जा सके।

बीएलए ने कहा, हम इस विचार को सिरे से खारिज करते हैं कि बलोच राष्ट्रीय प्रतिरोध किसी देश या शक्ति का प्रॉक्सी है। उन्होंने आगे कहा, बीएलए न तो मोहरा है और न ही मूक दर्शक। हमें इस क्षेत्र के वर्तमान और भविष्य के सैन्य, राजनीतिक और रणनीतिक गठन में अपना उचित स्थान प्राप्त है और हम अपनी भूमिका से पूरी तरह वाकिफ हैं। पाकिस्तान पर कपट और धोखे का आरोप लगाते हुए बीएलए ने कहा कि इस्लामाबाद अपनी युद्ध नीति को शांति और भाईचारे की बातों के पीछे छुपाता है। बीएलए ने कहा, पाकिस्तान की हर शांति, युद्धविराम और भाईचारे की बात केवल एक छलावा है, युद्ध रणनीति और अस्थायी चाल है। उन्होंने भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की 'धोखेबाज शांति की बातों' में न फंसने की चेतावनी दी।

बीएलए ने पाकिस्तान को 'एक ऐसा देश' बताया, 'जिसके हाथ खून से सने हैं और जिसका हर वादा खून से लथपथ है।

जींद बलूच ने कहा कि हाल के हमले केवल विनाश के लिए नहीं थे, बल्कि युद्धक्षेत्र में तैयारियों को परखने के लिए किए गए थे। उन्होंने कहा, इस सप्ताह की शुरुआत में भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के चरम के दौरान बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना के लिए एक नया मोर्चा खोल दिया। बीएलए ने कब्जे वाले बलोचिस्तान में 51 से अधिक स्थानों पर 71 समन्वित हमले किए, जो कई घंटों तक चले। उन्होंने आगे कहा, इन हमलों का उद्देश्य केवल दुश्मन को नष्ट करना नहीं था, बल्कि सैन्य समन्वय, जमीनी नियंत्रण और रक्षात्मक स्थिति की जांच करना था, ताकि भविष्य के संगठित युद्ध के लिए तैयारियों को मजबूत किया जा सके।

बीएलए के बयान में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई पर भी तीखा हमला किया गया है और उस पर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। बयान में कहा गया, पाकिस्तान न केवल वैश्विक आतंकवादियों के लिए प्रजनन स्थल रहा है, बल्कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और आईएसआईएस जैसे घातक आतंकवादी समूहों के राज्य प्रायोजित विकास का केंद्र भी रहा है। उन्होंने कहा, आईएसआई इस आतंकवाद के पीछे का नेटवर्क है और पाकिस्तान हिंसक विचारधारा वाला परमाणु राज्य बन गया है।



**बोला बलूच लिबरेशन आर्मी**

- बलोच राष्ट्रीय प्रतिरोध किसी देश या शक्ति का प्रॉक्सी नहीं है
- पाकिस्तान की हर शांति, युद्धविराम केवल एक छलावा है

### भारत से सहायता मिले, तो बलूच राष्ट्र इस आतंकी राज्य को खत्म कर सकता है

बीएलए ने वैश्विक समुदाय, खासकर भारत, से राजनीतिक, कूटनीतिक और रक्षा सहायता की अपील की। बयान में कहा गया, अगर हमें विश्व, विशेष रूप से भारत से राजनीतिक, कूटनीतिक और रक्षा सहायता मिले, तो बलूच राष्ट्र इस आतंकी राज्य को खत्म कर सकता है। बीएलए ने कहा कि ऐसी सहायता 'शांतिपूर्ण, समृद्ध और स्वतंत्र बलूचिस्तान' का रास्ता खोल सकती है। बीएलए ने गंभीर चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तान का मौजूदा रवैया वैश्विक खतरा है। बीएलए के प्रवक्ता जींद बलूच ने कहा, अगर पाकिस्तान को बर्दाश्त किया जाता रहा, तो आने वाले वर्षों में इस राज्य का अस्तित्व पूरे विश्व के लिए विनाशकारी हो सकता है।

## दुश्मन को मजबूत नहीं करेंगे

### अजरबैजान और तुर्किये की यात्रा से बचने का सुझाव दे रहीं ट्रेवल एजेंसियां

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान युद्ध तो सीजफ़ायर के चलते बंद हो गया। लेकिन देश की कई ट्रैवल बुकिंग कंपनियों ने ग्राहकों से युद्ध में पाकिस्तान के सहयोगी रहे देश अजरबैजान व तुर्किये की यात्रा करने से बचने की सुझाव दे रहे हैं। कहने लगे हैं कि यदि बहुत जरूरी हो तभी जाएं। क्योंकि दोनों देशों ने पहलगाम हमले व भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष में पाकिस्तान का सपोर्ट किया है। इस बारे में एक प्रमुख कंपनी के प्रबंधक ने एक्स पर लिखा है- 'हाल ही में हुई घटनाक्रम से मैं बहुत चिंतित हूं। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम अपने सभी ग्राहकों को सलाह देते हैं कि वे सावधानी बरतें व संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले ऑफिशियल ट्रेवल एडवाइस से अपडेट रहें।" उसने आगे लिखा - "हम दुश्मन को मजबूत नहीं करेंगे". 'ट्रैवल एक मजबूत टूल है, इसका उपयोग उन लोगों को मजबूत बनाने के लिए न करें जो हमारे साथ खड़े नहीं हैं। पिछले साल 287,000 भारतीयों ने तुर्किये की यात्रा की और 243,000 लोग अजरबैजान गए। इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्था में टूरिज्म का बड़ा योगदान है। टूरिज्म तुर्किये की जीडीपी में 12% का योगदान करता है 10% लोगों को रोजगार देता है। जबकि, अजरबैजान की जीडीपी में इसका योगदान 7.6% है और यह 10% रोजगार देता है।जब ये देश खुलेआम पाकिस्तान का समर्थन करते हैं, तो क्या हमें उनके पर्यटन और उनकी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिए? विदेश में खर्च किया गया हर एक रुपया एक वोट है। आइए इसे वहां खर्च करें जहां हमारे मूल्यों का सम्मान हो।

एक अन्य ट्रैवल बुकिंग ब्रांड कॉक्स एंड किंग्स ने अजरबैजान, तुर्किये व उज्बेकिस्तान के लिए सभी नए बुकिंग ऑप्शन को अस्थायी रूप से हटा लिया है। कंपनी के डायरेक्टर करण अग्रवाल ने कहा कि यह फैसला देश हित व सिद्धांतों की रक्षा के लिए लिया गया है। जब तक जियो पॉलिटिकल स्थिति में स्पष्टता नहीं आती, यात्रियों को संयम बरतने की जरूरत है। ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ट्रैवोमिंट ने इन दोनों देशों के लिए सभी ट्रैवल पैकेज की बुकिंग तत्काल सस्पेंड कर दी है। कंपनी के सीईओ आलोक के सिंह ने कहा कि हमने भारत में उठे तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के समर्थन में यह फैसला लिया है।मौजूदा बुकिंग कैंसिल करने पर कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा।



- 'ट्रैवल एक मजबूत टूल है, इसका उपयोग उन लोगों को मजबूत बनाने के लिए न करें जो हमारे साथ खड़े नहीं हैं"

## ट्रंप बोले- परमाणु संघर्ष रोका, नहीं तो लाखों मारे जाते

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने



सोमवार को एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव और उसके बाद सीजफायर पर अपनी प्रतिक्रिया दी। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने पिछले सप्ताह भारत और पाकिस्तान को शत्रुता समाप्त करने के लिए, मनाने के लिए अमेरिका के साथ व्यापार का जिक्र किया। दोनों देशों के बीच तनाव गंभीर हो सकता था। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझने और लड़ाई को समाप्त करने के लिए "बुद्धिमत्ता" और "धैर्य" के लिए भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व की सराहना की। पश्चिम एशिया में सऊदी अरब, यूएई और कतर के लिए रवाना होने से पहले व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, "हम आपके साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं, चलो इसे रोकते हैं। अगर आप इसे रोकते हैं, तो हम व्यापार कर रहे हैं। अगर आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करने जा रहे हैं।" दोनों देशों के साथ व्यापार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "हम पाकिस्तान के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं, हम भारत के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। हम अभी भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं, हम जल्द ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। आंशिक परमाणु युद्ध की संभावना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, "हमने (एक) परमाणु संघर्ष को रोका। मुझे लगता है कि यह एक बुरा परमाणु युद्ध हो सकता था।

**कहानी फिल्म जगत की**

## कंगना रनौत को पाकिस्तानी एक्ट्रेस की धमकी, भारतीय फैंस ने दिया तीखा जवाब




पाकिस्तानी अभिनेत्री मिशी खान का कंगना रनौत को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच, पाक अभिनेत्री बनने की चाहत रखने वाली मिशी खान ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया हो लेकिन अभी भी भारतीय सेना पूरी तौर से चौकन्नी हैं, क्योंकि पाकिस्तान दोगला है। वह अपनी हरकत से बाज नहीं आता है। पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी के साथ कहा गया है कि अगर फिर से कोई नापाक हरकत की गयी तो सीधा युद्ध होगा। जहां एक तरफ कूटनीकि से दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की कोशिश हुई है तो वहीं सोशल मीडिया पर लोग एक दूसरे की जान के प्यासे हो गये हैं। पाकिस्तानी अभिनेत्री मिशी खान का कंगना रनौत को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच, पाक अभिनेत्री बनने की चाहत रखने वाली मिशी खान ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। मिशी खान की जो सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और अपने विवादित भारत विरोधी कमेंट्स में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के बारे में बातें करती रही हैं। बता दें कि मिशी खान की यह टिप्पणी कंगना रनौत द्वारा भारत-पाक सीमा पर तनावपूर्ण माहौल के बीच पाकिस्तान पर एक पोस्ट शेयर करने के बाद आई है। मिशी खान ने इंस्टाग्राम पर कंगना रनौत को लेकर एक वीडियो पोस्ट किया।अभिनेत्री ने वीडियो में कहा 'हां, कंगना रनौत, आपको पाकिस्तान का जवाब कैसा लगा... चूहे के लिए बोलना और पाकिस्तान के लोगों के बारे में बुरा-भला कहना आपको बहुत महंगा पड़ा है। भविष्य में कुछ भी बोलने से पहले सोचिए कि हम यहां हैं...पाकिस्तान और पाकिस्तान के लोगों का बचाव करने के लिए और आप खुद क्या हैं, अपने अंदर झांक कर देखिए। भविष्य में अगर पाकिस्तान या पाकिस्तान के लोगों के बारे में बुरा-भला कहा तो टिकट बुक करके आकर तुम्हारी सही खबर ले लो, नहीं तो हम मैच की तरह बीच का रास्ता अपनाएंगे।


